https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, शुक्रवार 25 जुलाई 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 108 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.6 | 23.5 |
| डालटनगंज | 33.5 | 24.5 |
| धनबाद | 34.8 | 28.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## ब्रीफ न्यूज

### मुस्लिमों व संघ के बीच की दूरी को पाटा जाएगा

**नयी दिल्ली।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को दिल्ली में थे. संघ प्रमुख ने यहां मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ एक बैठक की. बैठक में अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी भी मौजूद रहे. खास बात है कि यह पहली बार नहीं है जब संघ प्रमुख ने मुस्लिम नेताओं से मुलाकात की. दरअसल, पिछले तीन साल से संघ प्रमुख की तरफ से मुस्लिमों-हिंदुओं के बीच की दूरी को पाटने की शुरुआत हुई थी.

### अब सीबीएसई ने दी स्कूलों को बड़ी राहत

**नयी दिल्ली।** सीबीएसई ने स्कूलों की मांग को देखते हुए एक अहम फैसला लिया है. अब विशेष स्थिति में कक्षा 1 से 12 तक के प्रत्येक सेक्शन में 45 छात्रों तक को दाखिला देने की अनुमति होगी. हालांकि सामान्य स्थिति में यह सीमा 40 तक ही रखी गई है. यह फैसला उन स्कूलों के लिए राहत की खबर है जहां छात्रों की संख्या बढ़ रही और सीटों की सीमित संख्या से हो रही थी. सीबीएसई ने साफ किया है कि यह छूट सिर्फ जरूरी स्थितियों में ही दी जाएगी.

### अब भारत के पड़ोस में छिड़ गई है नई जंग

**बैंकाक।** थाईलैंड ने कंबोडिया के विवादित सैन्य ठिकानों पर एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर सैन्य कार्रवाई की. यह कदम तब उठाया गया जब थाई क्षेत्र में भारी गोलीबारी और रॉकेट से हमला किया गया. थाई सेना की उप प्रवक्ता ऋचा सुक्सुवानन ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमने योजना के अनुसार सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की. इस दौरान छह एफ-16 विमानों में से एक ने कंबोडियाई क्षेत्र में एक सैन्य ठिकाने को नष्ट कर दिया.

### एशिया कप में होगी भारत-पाक की टक्कर

**नयी दिल्ली।** इस साल एशिया कप का आयोजन होना है. हालांकि, अभी टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है. खबर है कि भारत व पाकिस्तान को एक ग्रुप में ही रखा जा सकता है. इसके अलावा बीसीसीआई ने तटस्थ स्थल पर टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए सहमति जताई है. बीसीसीआई सितंबर में यूएई में एशिया कप की मेजबानी कर सकता है. इसमें भारत-पाकिस्तान मैच होने की संभावना है. वहीं, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि जल्द ही एशिया कप के संबंध में घोषणा होगी.

### बिहार में अंतिम चरण में एसआईआर प्रक्रिया

**पटना।** बिहार में एसआईआर प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है, राज्य के निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार अब तक 99% वोटरों को इस प्रक्रिया में कवर किया जा चुका है, जबकि प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने का काम तेजी से जारी है. आयोग के निर्देशानुसार 1 सितंबर तक कोई भी निर्वाचक या दल सूची से नाम हटने या ग़लत नाम जुड़ने पर दावा या आपत्ति दर्ज करा सकता है. बीएलओ या बीएलए द्वारा 21.6 लाख मृत मतदाताओं के नाम पाए गए हैं.

## भारत और ब्रिटेन में एफटीए डील फाइनल

# पीएम मोदी ने गिनाए फायदे, बोले-यह साझा समृद्धि की योजना

**एजेंसियां। लंदन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और ब्रिटेन के बीच गुरुवार को हुए व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (एफटीए) को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह समझौता केवल एक आर्थिक सौदा नहीं, बल्कि दोनों देशों की साझा समृद्धि का रोडमैप है. उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारत के किसानों, मछुआरों, एमएसएमई क्षेत्र, युवाओं और विभिन्न उद्योगों को सीधे लाभ होगा.

**भारतीय उत्पादों को मिलेगा ब्रिटेन में बड़ा बाजार :** पीएम मोदी ने बताया कि इस समझौते के तहत भारतीय कपड़ा, जूते-चप्पल, रत्न और आभूषण, समुद्री खाद्य और इंजीनियरिंग वस्तुओं को ब्रिटेन में बेहतर बाजार उपलब्ध होगा. इसके अलावा भारत के कृषि उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग के लिए भी ब्रिटेन में नए अवसर पैदा होंगे.

**भारतीय उपभोक्ताओं को मिलेंगे किफायती ब्रिटिश उत्पाद :** मोदी ने यह भी कहा कि भारत के लोगों और उद्योग जगत को अब ब्रिटेन में निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरण जैसे उत्पाद उचित और किफायती दामों पर उपलब्ध होंगे. इससे न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र को बल मिलेगा, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा.

**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने समझौते को बताया सबसे अहम डील :** इस अवसर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि यह यूरोपीय संघ से बाहर आने के बाद यूके का सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक व्यापार समझौता है. उन्होंने इसे भारत के इतिहास के सबसे व्यापक समझौतों में से एक करार दिया और पीएम मोदी के नेतृत्व और व्यावहारिकता की सराहना की.

**अहमदाबाद हादसे पर पीएम मोदी की संवेदना :** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में अहमदाबाद में पिछले महीने हुई दुर्घटना का भी जिक्र किया, जिसमें कई ब्रिटिश नागरिकों की मौत हुई थी. उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के लोग दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु की तरह हैं. वे भारत से केवल करी ही नहीं, बल्कि रचनात्मकता, प्रतिबद्धता और चरित्र भी लेकर आए हैं, जो ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था, संस्कृति, खेल और सार्वजनिक सेवा में साफ दिखाई देता है.

**क्रिकेट का भी किया जिक्र :** पीएम मोदी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, हम दोनों के लिए, क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक जुनून है और हमारी साझेदारी का एक बेहतरीन प्रतीक भी. कभी-कभी स्विंग और कभी-कभी चूक हो सकती है, लेकिन हम हमेशा सीधे बल्ले से खेलते हैं. हम एक उच्च स्कोर वाली, मजबूत साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.



### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों की जगह नहीं

एफटीए पर हस्ताक्षर के बाद पीएम मोदी ने कहा, 'आज हमारे संबंधों में एक ऐतिहासिक दिवस है. मुझे खुशी है कि कई वर्षों की मेहनत के बाद आज दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता संपन्न हुआ है. पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कठोर निंदा के लिए हम प्रधानमंत्री स्टार्मर और उनकी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं. हम इस बात पर भी सहमत हैं, कि अतिवादी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक आजादी का दुरुपयोग नहीं करने दिया जा सकता. उन्होंने यह भी कहा कि हिंद-प्रशांत में शांति और स्थिरता, यूक्रेन में चल रहे संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति पर हम विचार साझा करते रहे हैं. सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अनिवार्य है। आज के युग की मांग विस्तारवाद नहीं विकासवाद ही है. पीएम मोदी ने कहा कि सबसे पहले मैं प्रधानमंत्री स्टार्मर के गर्मजोशी भरे स्वागत-सत्कार के लिए, हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं. आज हमारे संबंधों में एक एतिहासिक दिन है.

## कैबिनेट की बैठक : 21 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, तीन डॉक्टर किए गए बर्खास्त

# अटल मोहल्ला क्लीनिक अब मदर टेरेसा के नाम पर होगा

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड की हेमंत सरकार की कैबिनेट की गुरुवार को हुई मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 21 प्रस्तावों पर मुहर लगी है. कैबिनेट ने अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदले का फैसला किया है. अब अटल मोहल्ला क्लीनिक को मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक के नाम से जाना जाएगा. कैबिनट ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के लिए एक ही नियम बनाने का फैसला किया है. इसके तहत झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक 2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी. कैबिनिट ने स्टेट यूनिवर्सिटी कमीशन के गठन की भी स्वीकृति दे दी. ये प्रस्ताव राज्य के विभिन्न विभागों से संबंधित थे और इनके पारित होने से कई नीतिगत फैसलों को हरी झंडी मिल गई है. बैठक में कृषि, शिक्षा, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, वित्त और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

**उग्रवाद और शहादत से जुड़े परिवारों को राहत:** उग्रवादी घटनाओं अथवा राष्ट्रसेवा में वीरगति प्राप्त अर्धसैनिक बलों के परिजनों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया और अनुग्रह अनुदान के प्रावधानों को कैबिनेट ने मंजूरी दी है. यह फैसला शहीद परिवारों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

**एजी रिपोर्ट को मंजूरी:** अकाउंटेंट जनरल (एजी) के प्रतिवेदन को मंजूरी दे दी गई है. यह प्रतिवेदन आगामी विधानसभा सत्र में सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा.

**सेवानिवृत्त कर्मियों को काल्पनिक वेतन वृद्धि की मंजूरी:** कैबिनेट ने 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले राज्यकर्मियों को काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की है. यह फैसला हजारों सेवानिवृत्त कर्मियों को राहत देगा.

**डाल्टनगंज में विशेष न्यायालय का गठन:** कैबिनेट ने डाल्टनगंज में विशेष न्यायालय के गठन को मंजूरी दी है, जिससे क्षेत्रीय न्यायिक प्रक्रिया में गति आने की उम्मीद है.

**पुलिस एवं कक्षपाल भर्ती विज्ञापन रद्द:** कैबिनेट ने पुलिस एवं कक्षपाल नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन संख्या 1720 को रद्द करने का निर्णय लिया है.

**उर्दू शिक्षकों के पदों का पुनर्गठन:** राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत उर्दू शिक्षकों के पदों का प्रत्यार्पण कर नए पदों का सृजन किया जाएगा. इससे उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को नया स्वरूप मिलेगा.

**विधि विज्ञान केंद्र के लिए नियुक्ति नियमावली मंजूर:** झारखंड राज्य विधि विज्ञान केंद्र के लिए नियुक्ति से संबंधित नियमावली को मंजूरी दी गई है. इससे विज्ञान केंद्र की कार्यक्षमता और मानव संसाधन प्रबंधन को मजबूती मिलेगी.

### जमशेदपुर के एक और बोकारो के दो डॉक्टर बर्खास्त हुए

एक बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए, कैबिनेट ने डॉ. कुमारी रेखा, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुसाबनी, जमशेदपुर और डॉ. रीना कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी (पैथोलॉजिस्ट), सदर अस्पताल, बोकारो को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दे दी. इसके साथ ही डॉ. वीणा कुमारी एम, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कसमार, बोकारो को भी सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई.

### कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली गए



**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक खत्म होते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार की शाम दिल्ली रवाना हो गए. मालूम हो कि पिता शिबू सोरेन की इलाज को लेकर लगातार दिल्ली में रह रहे मुख्यमंत्री 22 जुलाई की शाम रांची आए थे. 23 जुलाई को झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीर तरलोक सिंह चौहान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए. 24 जुलाई को कैबिनेट की बैठक की. उसके बाद फिर वह दिल्ली चले गए. यहां मालूम हो कि 19 जून को दिल्ली के गंगाराम अस्पताल गुरुजी के भर्ती होने के बाद से मुख्यमंत्री 24 जून से लगातार दिल्ली में ही रह रहे हैं.

### कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- उग्रवादी घटनाओं अथवा राष्ट्र की सीमा के रक्षार्थ कर्तव्य निर्वहनरत वीरगति प्राप्त होने वाले राज्य निवासी अर्द्धसैनिक बल कर्मियों के आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान एवं अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी.
- झारखंड वित्त (अंकेक्षण एवं लेखा) सेवा नियमावली-2025 को स्वीकृति.
- ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत सीआरआईएसपी संस्था के साथ झारखंड वित्त नियमावली के नियम 235 को नियम 245 के तहत शिथिल करते हुए स्वयं सहायता समूहों के क्षमतावर्द्धन एवं आजीविका संमवर्द्धन हेतु एमओयू करने की स्वीकृति.
- झारखंड राज्य विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला अधीनस्थ चतुर्थ वर्गीय पद (विसरा कटर एवं प्रयोगशाला वाहक) की (भर्ती एवं अन्य सेवा शर्तें) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति.
- राजकीय श्रावणी मेला-2025 के मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु 28 अस्थाई मेला ओपी एवं 19 अस्थाई यातायात ओपी के गठन की घटनोत्तर स्वीकृति.
- झारखंड माल और सेवाकर अधिनियम, 2017 के आलोक में जीएसटी प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता हेतु झारखंड भवन निर्माण संवेदक निबंधन नियमावली-2015 एवं भवन निर्माण विभाग के स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट में संशोधन की स्वीकृति.
- डब्ल्यू.पी. (सि.) सं.-132/2016 रजनीश कुमार पाण्डेय बनाम-भारत सरकार एवं अन्य में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 07.03.2025 को पारित्त अंतरिम न्यायादेश के आलोक में विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के निमित्त संविदा पर कार्यरत रिसोर्स पर्सन पर निर्णय हेतु संकल्प संख्या-643, दिनांक-13.05.2025 द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमिटी में संशोधन की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.
- राज्य के सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को न्यायालय द्वारा आहूत (सम्मन) के क्रम में साक्ष्य देने के लिए किए गए यात्रा पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई.
- राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की समुचित व्यवस्था प्रदान करने के निमित विशेष शिक्षा सहायक आचार्य की नियुक्ति हेतु विशेष शिक्षा सहायक आचार्य संवर्ग (नियुक्ति एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2025 की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.
- झारखण्ड राज्य आयुष स्वास्थ्य सेवा (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली- 2024 का गठन की स्वीकृति दी गई.
- झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की स्वीकृति दी गई.
- केन्द्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अन्तर्गत किशोरी बालिकाओं के लिए योजना (एसएजी) के कार्यान्वयन अन्तर्गत लाभार्थियों को पूरक पोषाहार के रूप में प्रदाय (एमएफईडीएफ) की आपूर्ति केन्द्र प्रायोजित पूरक पोषाहार कार्यक्रम के एमएफईडीएफ के निर्माणकर्त्ता-सह-आपूर्तिकर्त्ता एजेंसियों से प्राप्ति हेतु इन एजेंसियों का झारखण्ड वित्त नियमावली के नियम-245 के तहत् नियम-235 को शिथिल करते हुए मनोनयन की स्वीकृति दी गई.

### आयुष स्वास्थ्य सेवा संशोधन को मंजूरी

राज्य में आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करने के लिए आयुष स्वास्थ्य सेवा (संशोधन) नियमावली को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है. इससे आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा से जुड़े स्वास्थ्यकर्मियों की सेवा शर्तों में सुधार होगा.

## डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति का मामला

# अगले हफ्ते होगी सुनवाई

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर 30 और 31 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया है. याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अंजना प्रकाश ने कहा कि अनुराग गुप्ता की नियुक्ति कानूनी प्रावधानों का पालन किए बिना ही की गई है. उन्होंने कहा कि इस मामले पर तीन जजों की बेंच को सुनवाई करनी चाहिए. तब चीफ जस्टिस ने कहा कि इस पर अगले हफ्ते सुनवाई की जाएगी. याचिका में कहा गया है कि केंद्र सरकार के नियमों के मुताबिक अनुराग गुप्ता को 60 साल पूरा होने के बाद 30 अप्रैल को रिटायर होना था, लेकिन राज्य सरकार ने केंद्र को अनुराग गुप्ता के सेवा विस्तार के लिए पत्र लिखा. सुप्रीम कोर्ट ने 6 सितंबर को अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया था.

## निशिकांत दुबे का कांग्रेस नेता पर हमला, बोले

# राहुल को देश से मतलब नहीं

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



झारखंड के गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी को इस देश से कोई मतलब नहीं है. वे सीरियस नेता नहीं है और नियम कानून देखते ही नहीं हैं. इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमलोगों की जीत हुई है. पीएम मोदी ने कहा है कि जब भी पाकिस्तान से बात होगी पीओके पर होगी. इसके अलावा बिहार में हो रहे वोटर वेरिफिकेशन पर निशिकांत दुबे ने कहा कि साल 2003 में भी वहां एसआईआर हुआ था. बांग्लादेशी लोग भारत में वोटर नहीं बन सकते हैं.

**राजीव गांधी ने एसआईआर को लेकर कानून बनाया था :** निशिकांत दुबे ने कहा कि राजीव गांधी ने एसआईआर को लेकर कानून बनाया था, जब बिहार में बैलेट पर चुनाव होता था तो हिंसा होती थी. कांग्रेस पार्टी की मानसिकता खराब हो गई है.

बता दें कि निशिकांत दुबे लगातार गांधी परिवार पर हमलावर हैं. इससे पहले उन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर निशाना साधा था.

### अनिल अंबानी की 50 कंपनियों के 35 ठिकानों पर रेड



**मुंबई।** यस बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में ईडी ने गुरुवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 50 कंपनियों के 35 ठिकानों पर रेड मारी है. फिलहाल दिल्ली और मुंबई के ऑफिस में छापेमारी की गई. सीबीआई की ओर से दर्ज दो प्राथमिकी और सेबी, नेशनल हाउसिंग बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) जैसी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर ये कार्रवाई हुई है. 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से 3,000 करोड़ रुपए लोन लिया गया था और इस राशि को फर्जी कंपनियों और अन्य ग्रुप कंपनियों में ट्रांसफर किया गया. कुछ दिन पहले ही स्टेट बैंक ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित किया था. दुनिया के बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी कभी देश के टॉप अमीरों में शामिल थे. 2008 में 42 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ वह दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति थे. लेकिन उसके बाद उनकी नेटवर्थ में तेजी से गिरावट आई.

## तुगलकी फरमान : फिर भारत के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कड़ा रुख

# गूगल-माइक्रोसॉफ्ट से कहा-मत दो भारतीयों को नौकरी

**एजेंसियां। वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों को एक सख्त मैसेज दिया है, जिसमें भारत समेत दूसरे देशों से हायरिंग करने को मना किया है. इसमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा जैसे नाम शामिल हैं. बुधवार को वॉशिंगटन में आयोजित एआई समिट के दौरान ट्रंप ने अमेरिकी टेक कंपनियों को ये संदेश दिया है. साथ ही अमेरिकी टैलेंट को हायरिंग करने की भी सलाह दी है. यहां आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों में बहुत से कर्मचारी यहां तक कि सीईओ तक के पोस्ट पर कई भारतीय मूल के लोग पहुंच चुके हैं. इसमें गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला जैसे नाम शामिल हैं. हाल ही में मेटा ने भी एक बड़ी एआई टीम की हायरिंग की है, जिसमें कई भारतीय नाम शामिल हैं.

डोनाल्ड ट्रंप ने एआई समिट के दौरान के दौरान टेक इंडस्ट्री में ग्लोबल माइंडेस्ट की आलोचना की. उन्होंने आगे कहा कि इस वजह से कई अमेरिकी नागरिक और अमेरिकी टैलेंट को इग्नोर किया जा रहा है. उन्होंने दावा किया है कि कई टॉप कंपनियां प्रोफिट के लिए अमेरिका की आजादी का फायदा उठा रहे हैं और बाहरी लोगों पर बड़ा इनवेस्ट कर रहे हैं.



### अमेरिकी फर्स्ट पॉलिसी को फिर से दोहराया

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर से अमरिकी फर्स्ट पॉलिसी को याद दिलाया. उन्होंने आगे कहा कि एआई की रेस में न्यू स्प्रिट की मांग है, साथ ही राष्ट्र के प्रति लगाव जरूरी है. उन्होंने कहा कि हमें अमेरिकी कंपनियों की जरूरत है, जो अमेरिका में ही रहें. साथ ही वह अमेरिकी फर्स्ट पॉलिसी को फॉलो करें. ये सब आपको करना ही पड़ेगा.

### अमेरिकी कंपनियों में लगा भारतीयों का टैलेंट

गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आमेजन जैसी कंपनियों के अंदर बहुत से भारतीय हैं, जो अपने टैलेंट का इस्तेमाल करके कंपनियों को नए शिखर तक पहुंचा रहे हैं. कई इंजीनियर्स इनमें काम करते हैं. बताते चलें कि इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल जैसी कंपनियां बड़ी संख्या में अमेरिका के क्लाइंट्स के लिए भारत में प्रोजेक्ट्स तैयार करती हैं और फिर उनको डिलीवर करती हैं.

### चीन में लगा रहे फैक्ट्री और भारत से कर रहे भर्ती

ट्रंप ने आगे कहा कि बहुत सी टेक कंपनियां अमेरिकी आजादी की वजह से अपनी फैक्टरी को चीन में लगा रहे हैं और भारत से कर्मचारियों को भर्ती कर रहे हैं, ये सब बातें आप जानते हैं. इन सब के बावजूद वे अपने ही देश के लोगों को नकार रहे हैं और आलोचना तक कर रहे हैं. हम इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे.

## मानसून सत्र : बिहार के एसआईआर को लेकर चौथे दिन भी नहीं चली संसद

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

संसद के मॉनसून सत्र का गुरुवार को चौथा दिन था. गुरुवार को भी सत्ता और विपक्ष के बीच खूब हंगामा हुआ, ऐसे में विपक्ष के हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई. बता दें कि पहले तीन दिनों की तरह ही गुरुवार को भी कार्यवाही सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव के कारण बाधित रही.

बता दें कि दोपहर 2 बजे के बाद भी कई मुद्दों पर विपक्षी सांसदों का हंगामा लगातार जारी रहा. उस समय लोस में पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने सभी सदस्यों से शांति बनाए रखने और कार्यवाही चलाने में सहयोग करने की अपील की. लेकिन हंगामा थमता नहीं दिखा, तो उन्होंने मात्र 5 मिनट की कार्यवाही के बाद लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी. वहीं उच्च सदन में भी सभापति भुवनेश्वर कालिता ने कार्यवाही शुरू करवाई. लेकिन विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के चलते वहां भी कार्यवाही बाधित हो गई. ऐसी स्थिति को देखते हुए उन्होंने केवल 15 मिनट की कार्यवाही के बाद राज्यसभा को स्थगित कर दिया.



**संसद परिसर में विपक्ष ने फिर किया विरोध प्रदर्शन**

संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन भी गुरुवार को बिहार में जारी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में विपक्षी दलों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया. इस प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी सहित विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने हिस्सा लिया. विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी करते हुए एसआईआर प्रक्रिया को तत्काल वापस लेने की मांग की.

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची से नई ट्रेनों की मांग रखी

# अहमदाबाद, जयपुर, ऋषिकेश, हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेनों के साथ स्थानीय रूटों पर पैसेंजर सेवाओं का आग्रह

शुभम संदेश। रांची

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची से सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर रांची लोकसभा क्षेत्र में 4200 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया. इस दौरान उन्होंने वर्षों से लंबित सिल्ली-ईलू रेल लाइन पर हुई प्रगति के लिए भी धन्यवाद दिया. मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने रांची से देश के प्रमुख शहरों तक सीधी ट्रेन सेवाएं शुरू करने और आसपास



के क्षेत्रों के लिए शटल एवं पैसेंजर ट्रेनों के संचालन का आग्रह किया.

उन्होंने कहा कि रांची झारखंड की राजधानी होने के बावजूद आज भी कई महत्वपूर्ण शहरों से रेलमार्ग से नहीं जुड़ पाया है, जिससे यहां के नागरिकों को यात्रा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.

**देश के प्रमुख शहरों से रांची को जोड़ने की मांग**

मंत्री संजय सेठ ने अहमदाबाद, जयपुर, हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे शहरों के लिए रांची से सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने का आग्रह किया. उन्होंने बताया कि रांची से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, किसान, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी और मरीज इन शहरों की यात्रा करते हैं, परंतु सीधी ट्रेनों की अनुपलब्धता के कारण उन्हें परेशानी होती है. इन मार्गों पर ट्रेन शुरू होने से यात्रियों को लाभ होगा, समय बचेगा और रेलवे को भी राजस्व प्राप्त होगा.

**स्थानीय रूटों पर शटल और पैसेंजर ट्रेनों की आवश्यकता :** रक्षा राज्य मंत्री ने रांची से सिल्ली, मुरी और हजारीबाग तक पैसेंजर और शटल ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग की. उन्होंने सिल्ली और मुरी के लिए दिन में चार फेरों वाली शटल ट्रेन का प्रस्ताव भी दिया. साथ ही, मेसरा, बरकाकाना होते हुए हजारीबाग के लिए पैसेंजर ट्रेन चलाने का सुझाव दिया.

**अहम सुझावों और मांगों वाला आग्रह पत्र सौंपा**

सेठ ने रेल मंत्री को एक विस्तृत आग्रह पत्र सौंपा, जिसमें कई मांगे व सुझाव दिए.

- पुनदाग-भागलपुर टोला (रांची-लोहरदगा रेलखंड) में पिलर संख्या 423/15 के पास पहुंच पथ निर्माण की मांग.
- रांची से पुरी के बीच स्लीपर वंदे भारत ट्रेन शुरू करने का प्रस्ताव.
- हटिया-एर्नाकुलम धरती आबा एक्सप्रेस (22837) का साप्ताहिक के बजाय सप्ताह में कम से कम तीन दिन संचालन.
- टाटा-अहमदाबाद एक्सप्रेस (12834) का विस्तार रांची तक करने का आग्रह.
- रांची-नई दिल्ली जनसंपर्क क्रांति एक्सप्रेस को जयपुर तक विस्तारित करने की मांग.
- रांची से ऋषिकेश और हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेन शुरू करने की सिफारिश.

**आस्थावान भरोसा और सकारात्मक आश्वासन :** सेठ ने कहा कि रेल मंत्री ने सभी प्रस्तावों को गंभीरता से सुना और इन पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में झारखंड को रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व सौगातें मिली हैं. वर्षों से रुकी योजनाएं अब पूरी हो रही हैं और कई नई परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में रांची लोकसभा क्षेत्र को रेलवे की ओर से और भी नई सौगातें मिलेंगी.

## झारखंड में भूमि सुधार कानून में जल्द होगा बड़ा बदलाव

### एलआरडीसी अवैध म्यूटेशन और दोहरी जमाबंदी कर सकेंगे रद्द

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में भूमि सुधार कानून से जुड़े प्रावधानों में जल्द ही बड़ा बदलाव किया जाएगा. इसके तहत अवैध म्यूटेशन और दोहरी जमाबंदी को रद्द करने का अधिकार अब भूमि उपसमाहर्ता यानि एलआरडीसी को दिया जाएगा. वर्तमान में यह अधिकार केवल सिविल कोर्ट के पास है. इस संशोधन को लागू करने के लिए आगामी 1 अगस्त से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र में एक विधेयक पेश किया जाएगा. राजस्व, भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग ने इसका प्रारूप तैयार कर लिया है, जिसमें बिहार भूमि सुधार अधिनियम, 1973 के संबंधित प्रावधानों में बदलाव प्रस्तावित है. विधि विभाग ने भी इस प्रारूप को अपनी सहमति प्रदान कर दी है. वर्तमान व्यवस्था के तहत म्यूटेशन और जमाबंदी करने का अधिकार अंचल अधिकारियों के पास है, लेकिन इनको रद्द करने का अधिकार राज्य के किसी भी राजस्व न्यायालय जैसे एलआरडीसी, अपर समाहर्ता, डीसी या प्रमंडलीय आयुक्त को नहीं है. नई व्यवस्था लागू होने के बाद, यदि म्यूटेशन या दोहरी जमाबंदी को लेकर कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो संबंधित मामला पहले एलआरडीसी न्यायालय में दाखिल किया जाएगा. एलआरडीसी मामले की सुनवाई के बाद अवैध म्यूटेशन या जमाबंदी को रद्द करने का निर्णय ले सकेंगे.

# वन भूमि की फर्जी खरीद-बिक्री मामले में इजहार व अख्तर से ईडी ने की पूछताछ

शुभम संदेश। रांची

ईडी ने बोकारो के तेतुलिया मौजा में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि की कथित फर्जी खरीद-बिक्री मामले में अपनी जांच तेज कर दी है. इसी क्रम में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) पहुंची, जहां इस मामले के मुख्य आरोपित इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन से पूछताछ की. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दोनों से बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा स्थित 100 एकड़ से ज्यादा जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के मामले में गहन पूछताछ की. दोनों ने ईडी के कई सवालों के जवाब नहीं दिये. ईडी ने पूछा कि पुरुलिया से फर्जी नीलामी पत्र किसने बनवाया



था. इसका जवाब दोनों ने नहीं दिया. जांच में साल 2012 में अवैध तरीके से जमीन की जमाबंदी इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन के नाम पर कर दी गई थी. लेकिन 2016 में जमीन की जमाबंदी डीसी बोकारो ने रद कर दी थी. साल 2018 में हाईकोर्ट ने जमाबंदी रद करने के आदेश पर रोक लगा दी थी, लेकिन संबंधित पक्षों को टाइटल सूट में जाने का आदेश दिया था. इसी बीच इजहार और अख्तर हुसैन ने जमीन को प्रतिबंधित सूची से साजिशन हटवा लिया.

वहीं 1933 के फर्जी नीलामी पत्र के जरिए जमीन की पावर आफ अटार्नी शैलेश सिंह को दे दी. बाद में शैलेश सिंह ने इस जमीन को पावर आफ अटार्नी के नाम पर उमायुष मल्टीकॉम को बेच दी, जिसमें शैलेश की पत्नी ही निदेशक है. जांच में यह बात सामने आयी है कि पुरुलिया से 1933 का फर्जी नीलामी पत्र बनाया गया था. वहीं जिस जमीन की बिक्री की गई उसके लिए विभाग के फर्जी एनओसी का इस्तेमाल भी किया गया. इजहार अंसारी से जमीन पर 10.23 करोड़ रुपये इन्वेस्ट किए थे.

उल्लेखनीय है कि पीएमएलए कोर्ट से ईडी को दोनों आरोपितों से जेल में पूछताछ करने की एक दिन की अनुमति मिली थी. बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा स्थित 103 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के संबंध में 12 जुलाई को सीआईडी की टीम ने इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन को गिरफ्तार किया था.

**एक नजर**

### पूर्व सांसद कड़िया मुंडा की तबीयत में सुधार स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जाना हालचाल



**रांची।** खूंटी के पूर्व सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता कड़िया मुंडा की तबीयत में अब सुधार हो रहा है. सांस लेने में परेशानी की शिकायत के बाद उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां वे फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं.गुरुवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अस्पताल पहुंचकर कड़िया मुंडा से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों की टीम को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. डॉ. अंसारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि कड़िया मुंडा की स्थिति अब नियंत्रण में है और उम्मीद है कि वे जल्द ही स्वस्थ होकर अस्पताल से छुट्टी पाएंगे. इससे पहले बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अस्पताल पहुंच कर कड़िया मुंडा का हालचाल जाना था. मेडिका अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विजय मिश्रा की अगुवाई में डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है. चिकित्सकों के अनुसार सभी आवश्यक जांचें पूरी कर ली गई हैं और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है.

### डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों की 23वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि व संकल्प सभा



**रांची।** डोरंडा के मेकॉन कॉलोनी स्थित त्रिमूर्ति चौक पर डोमिसाइल आंदोलन में जान गंवानेवाले कैलाश कुजूर, विनय तिग्गा और संतोष कुंकल की 23वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संकल्प सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक और आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ₹शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा. दोनों नेताओं 1932 खतियान आधारित डोमिसाइल नीति पर सरकार की निष्क्रियता को अक्षम्य अपराध बताया. उन्होंने जानगंवानेवालों के परिवारों को 1 करोड़ मुआवजा, शहीद का दर्जा और मेकॉन में उनकी स्मृति में पार्क बनाने की मांग की. सर्जन हांसदा ने कहा कि यह आयोजन समाज के अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष का संकल्प है. माल्यार्पण करने वालों में अजित उरांव, रंजीत उरांव, कर्मा लिंडा, इकबाल हसन, गोपाल महतो, राजेश वर्मा, विनीता खलखो, एरिन कच्छप, परवीन सहाय, बिल्कुल डांग, दीपक पासवान, अशोक राम, मंटू राम, अजय नाग शामिल थे.

### मनी लॉन्ड्रिंग केस: अभिषेक झा की डिस्चार्ज याचिका पर अब दो अगस्त को होगी सुनवाई

**रांची।** मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अभिषेक झा की डिस्चार्ज याचिका पर अब दो अगस्त को सुनवाई होगी. यह याचिका रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में दायर की गई थी, जहां गुरुवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन समय की मांग के चलते इसे टाल दिया गया. वहीं, इसी मामले में सह-आरोपी इंजीनियर जय किशोर चौधरी की डिस्चार्ज याचिका पर एक अगस्त को सुनवाई तय की गई है. अभिषेक झा ने खुद को निर्दोष बताते हुए 17 जून को याचिका दायर की थी, जबकि इंजीनियर जय किशोर चौधरी ने 15 जुलाई को याचिका दाखिल की थी. गौरतलब है कि इस केस में आरोप तय किया जाना अभी बाकी है. मामले में आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को 851 दिन जेल में बिताने के बाद जमानत मिली थी और ईडी उनके खिलाफ सबूत पेश कर रही है. अभिषेक झा का रिकॉर्ड अलग कर दिए जाने के कारण अब तक उन पर आरोप तय नहीं हो सका है.

## झारखंड शिक्षा सेवा के पदाधिकारियों के पदस्थापन में हुई घोर अनियमितता

शुभम संदेश। रांची



झारखंड शिक्षा सेवा के पदाधिकारियों के पदस्थापन में घोर अनियमितता हुई है. जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी और क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के स्थानांतरण पदस्थापना में वरीयता क्रम का उल्लंघन किया गया है. झारखंड में अभी मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक के पदों पर छठी और सातवीं बैच से जेपीएससी चयनित एवं अनुशंसित पदाधिकारी पदस्थापित हैं.

झारखंड राज्य में झारखंड शिक्षा सेवा के पदस्थापना में छठे बैच के पदाधिकारी को जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी,क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी तो सातवीं बैच के पदाधिकारी को जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाकर पदस्थापित कर दिया गया है. इसका परिणाम हो रहा है कि कनीय बैच, नीचे वरीयता के पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी को कार्य करने के लिए निर्देश दे रहे हैं. कनीय पदाधिकारी बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं और वरीय पदाधिकारी बैठक में निर्देश सुनते हैं और अमल कर रहे हैं. इसे लेकर गुरुवार को शिक्षा सेवा के पदाधिकरियों ने बैठक कर इस विसंगति को दूर करने के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री झारखंड,शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव को ज्ञापन देकर इन समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया है.

# साहिबगंज: नारायणपुर के 795 लोगों को पीएम आवास नहीं मिलने पर हाईकोर्ट सख्त

### सरकार से तीन सप्ताह में मांगा जवाब

शुभम संदेश। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने साहिबगंज जिले के नारायणपुर क्षेत्र के 795 पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत अब तक घर नहीं मिलने को लेकर राज्य सरकार से जवाब तलब किया है. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने सरकार को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. यह जनहित याचिका जियाउल हक की ओर से दाखिल की गई थी. याचिकाकर्ता के वकील जितेश कुमार ने अदालत को बताया कि नारायणपुर क्षेत्र हर साल बाढ़ की चपेट में आता है और वहां के निवासी मिट्टी के घरों में रहते हैं, जो बाढ़ में ढह जाते हैं. इससे महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो जाते हैं.

उन्होंने बताया कि उप विकास आयुक्त, साहिबगंज ने सभी पात्र लाभुकों को पीएम आवास योजना के तहत मकान देने की अनुशंसा की थी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश भी दिए थे, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. याचिका में मांग की गई है कि सभी 795 पात्र लोगों को शीघ्र पीएम आवास उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें.मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी.

### माध्यमिक आचार्य भर्ती में उम्र सीमा छूट पर हाईकोर्ट सख्त जेएसएससी को हार्ड कॉपी में आवेदन लेने का निर्देश

**रांची।** झारखंड में माध्यमिक आचार्य (सेकेंडरी टीचर) नियुक्ति में उम्र सीमा में छूट की मांग को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश दीपक रोशन की पीठ में सुनवाई हुई. अदालत ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता का आवेदन हार्ड कॉपी में स्वीकार किया जाए. कोर्ट ने याचिकाकर्ता को जल्द से जल्द आवेदन जमा करने को कहा है और आयोग को चार सप्ताह के भीतर शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है. मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी. याचिकाकर्ता पुरुषोत्तम कुमार पांडे और अन्य ने अदालत को बताया कि विज्ञापन में उम्र की गणना की तिथि 1 अगस्त 2025 रखी गई है, जबकि इसे 1 अगस्त 2020 किया जाना चाहिए. उनका कहना था कि यह नियुक्ति प्रक्रिया पहली बार हो रही है, इसलिए पांच वर्ष की अतिरिक्त आयु छूट मिलनी चाहिए. अदालत ने आवेदन की अंतिम तिथि के बारे में भी जानकारी मांगी, जिस पर आयोग ने बताया कि 27 जुलाई आवेदन की अंतिम तिथि है.

# डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों का बलिदान अब भी अधूरा: शिल्पी नेहा

शुभम संदेश। रांची

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को मेकॉन स्थित शहीद स्थल और त्रिमूर्ति चौक पर डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों संतोष कुंकल, विनय तिग्गा और कैलाश कुजूर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया. उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि डोमिसाइल आंदोलन के महानायकों का बलिदान आज भी अधूरा है. उन्होंने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के लिए यह संघर्ष झारखंड के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता. वे खुद इस आंदोलन और



इस स्थल से भावनात्मक रूप से जुड़ी हैं. इन शहीदों की कुर्बानी को राज्य को सम्मान देना ही होगा.

तिर्की ने स्पष्ट कहा कि हेमंत सरकार ने 2023 में सदन से 1932 आधारित स्थानीय नीति पास कर राजभवन भेजा, लेकिन आज भी निर्णय लंबित है. शहीद स्मारक समिति की मांगों का समर्थन करते हुए उन्होंने शहीदों को आधिकारिक शहीद का दर्जा देने और परिजनों को सरकारी सुविधाएं देने की बात कही. मंत्री ने यह मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का भरोसा भी दिलाया. श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से संजय तिग्गा, बेलस तिर्की, शिवा कच्छप, जगदीश लोहरा, दीपू सिन्हा, जलील अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.

# राजनीतिक लड़ाई सीधी हो, परिवार को न घसीटा जाए: बाबूलाल मरांडी

शुभम संदेश। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राजनीतिक लड़ाई सीधे होनी चाहिए. परिवारों, सहयोगी और समर्थकों को निशाना बनाना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी नहीं है.

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी अपनी जगह है, लेकिन इस प्रतिस्पर्धा में नेताओं के समर्थकों या विशेषकर महिलाओं और परिवार को घसीटना राजनीतिक शुचिता के खिलाफ है. उन्होंने लिखा है कि सुनने में आया है कि सांसद निशिकांत दुबे की धर्मपत्नी पर 47वां



मुकदमा दर्ज किया गया है और सांसद निशिकांत दुबे के समर्थक देवता पांडेय को गिरफ़्तार भी किया गया है. संभव है कि यह सब आपकी (मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) जानकारी के बिना हुआ हो और आपके कुछ महत्वाकांक्षी अधिकारियों का कारनामा हो. ऐसे अफसर वही लोग हैं, जिन्होंने अतीत में अपने निजी स्वार्थ के लिए आपको इस्तेमाल किया और मुसीबत में डाला.

उन्होंने मुख्यमंत्री सोरेन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे अफसरों से बचिए. ये अधिकारी आपको अनावश्यक विवादों में घसीट कर आपकी छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं. राजनीतिक लड़ाई सीधे होनी चाहिए, परिवारों और सहयोगी, समर्थकों को निशाना बनाना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी नहीं है. आशा है आप इस मामले का संज्ञान लेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि सत्ता का दुरुपयोग राजनीतिक प्रतिशोध के लिए न हो.

# विदेश में पढ़ाई का मौका: मिलेगी एक करोड़ तक की स्कॉलरशिप, शुरू हुआ इंटरव्यू



शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार राज्य के मेधावी छात्रों को विदेशी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के लिए एक करोड़ रुपए तक की आर्थिक मदद दे रही है. इस योजना का नाम है मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना, जो राज्य के होनहारों को आर्थिक बाधा से मुक्त कर विदेश में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देती है. 23 जुलाई से इंटरव्यू प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है. पहले दिन कुल 15 छात्रों को ट्राइबल आयुक्त कार्यालय में बुलाया गया था. छात्र कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, लॉ और फिल्म टेक्नोलॉजी जैसे विषयों से थे. छात्रों ने विदेशी शिक्षा को लेकर अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए.

**कैटेगरी-वाइज निर्धारित हैं सीटें**

इस योजना के तहत सीटों का कैटेगरी वाइज वितरण किया गया है:

- एसटी/एससी – 15 सीटें
- ओबीसी – 5 सीटें
- अल्पसंख्यक वर्ग – 5 सीटें

सरकार की योजना है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या 50 छात्रों तक बढ़ाई जाए.

**इंटरव्यू बोर्ड में शामिल हैं अनुभवी विशेषज्ञ :** छात्रों का इंटरव्यू विषय-विशेषज्ञों के पैनल द्वारा लिया जा रहा है, जिनमें डॉ. लाड़ली रानी (बॉटनी), डॉ. एमएन जुबैरी (कॉमर्स), डॉ. सुप्रिया (अंग्रेजी), अनुपम गुप्ता (कंप्यूटर साइंस), डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी (राजनीति विज्ञान), डॉ. ज्योति प्रकाश (इकोनॉमिक्स), डॉ. गांधी आनंद बिलुंग (लॉ) शामिल हैं.

**30 जुलाई तक चलेगा इंटरव्यू, चयनित होंगे 25 छात्र :** इंटरव्यू 30 जुलाई तक चलेगा, जिसके बाद इंग्लैंड और आयरलैंड के विश्वविद्यालयों में चयनित छात्रों की अंतिम सूची जारी की जाएगी. योजना के तहत कुल 25 छात्रों का चयन होगा.

### सूचना एवं प्रौद्योगिकी सचिव ने विभाग के तीन अहम पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग रखी

**रांची।** सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव पूजा सिंघल ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर विभाग के तीन महत्वपूर्ण रिक्त निदेशक आईटी, सीईओ जैप आईटी और निदेशक जेसेक के पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग की है. ये तीनों पद पिछले दो महीने से खाली हैं, जिससे विभागीय कार्य ठप पड़ गए हैं. निदेशक आईटी आदित्य रंजन को 24 मई को धनबाद का डीसी बनाया गया, वहीं निदेशक जेसेक आर रौनिटा को खूंटी डीसी नियुक्त किया गया. जैप आईटी के सीईओ राज कुमार गुप्ता को 26 जून को उच्च शिक्षा विभाग में अपर सचिव के रूप में भेजा गया. विभागीय कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए पूजा सिंघल ने इन पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति की आवश्यकता बतायी है.

# झारखंड से होकर चलने वाली कई ट्रेनें फिर रद्द

शुभम संदेश। रांची



झारखंड से होकर चलने वाली कई ट्रेनों को एक बार फिर रद्द कर दिया गया है. इसकी वजह छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में चल रहे रेलवे लाइन के निर्माण कार्य को बताया गया है. रेलवे ने इसको लेकर एक नया शेड्यूल जारी किया है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हो सकती है. रेलवे के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के किरोड़ीमल नगर स्टेशन के पास चौथी लाइन और यूपी के मथुरा में तीसरी लाइन जोड़ने का काम किया जा रहा है. इसी वजह से लाइन ब्लॉक किया जाएगा और कई ट्रेनें रद्द रहेंगी.

**कौन-कौन सी ट्रेनें होंगी रद्द**

टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस: 23 से 26 अगस्त तक रद्द

संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस: 23 और 25 अगस्त को रद्द

हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस: 22 और 24 अगस्त को रद्द

उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस: 23 और 24 अगस्त को रद्द

पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस: 27 और 29 अगस्त को रद्द

शालीमार-मुंबई एक्सप्रेस: 23, 25, 26, 27 और 28 अगस्त को रद्द

उत्कल एक्सप्रेस भी रद्द

ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस: 1 और 2 अगस्त को रद्द

पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस: 31 जुलाई को रद्द

चक्रधरपुर मंडल में भी ट्रेनों पर असर

लोटापहाड़ स्टेशन के पास 9 से 25 अगस्त तक लाइन ब्लॉक रहेगा. इस दौरान ये ट्रेनें रद्द रहेंगी:

टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस: 9, 12, 16, 19, 23 और 26 अगस्त

इनका संचालन 26, 29 जुलाई और 2 अगस्त तक रद्द रहेगा

हटिया-टाटा एक्सप्रेस

हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस

टाटा-बिलासपुर एक्सप्रेस

टाटा-राउरकेला मेमू

बरकाकाना-टाटा मेमू

आसनसोल-टाटा मेमू

ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को वैकल्पिक साधनों जैसे बस या टैक्सी का सहारा लेना पड़ेगा. रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति जरूर जांच लें.




https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, शुक्रवार 25 जुलाई 2025, श्रावण, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2082




**एक्सक्लूसिव**

भेलाटांड़ मौजा में 4.10 एकड़ सरकारी जमीन के फर्जीवाड़ा का मामला

# एसडीओ की रिपोर्ट में खुलासा, खाता संख्या 273 है ही नहीं

- फर्जी खाता संख्या को ऑनलाइन प्रणाली में दर्ज करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई की अनुशंसा

अमित सिन्हा

**धनबाद ।** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा धनबाद उपायुक्त को की गई शिकायत के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) राजेश कुमार ने भेलाटांड़ मौजा में 4.10 एकड़ सरकारी जमीन से संबंधित फर्जीवाड़े की जांच पूरी कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी है. इस रिपोर्ट में सरकारी जमीन के साथ बड़े पैमाने पर हुई धोखाधड़ी की पुष्टि की गई है. एसडीओ की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भेलाटांड़ मौजा में खाता संख्या 273 बंदोबस्त कार्यालय के रिकॉर्ड में कहीं भी दर्ज नहीं है. इसी खाते की जमीन दिखाकर गैरआबाद जमीन को खरीदा-बेचा गया है. एसडीओ ने इस फर्जी खाता संख्या को ऑनलाइन प्रणाली में दर्ज करने वाले पदाधिकारी को चिह्नित कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने की अनुशंसा की है.

**मथुरा महतो की शिकायत पर शुरू हुई थी जांच, शुभम संदेश ने फर्जीवाड़े को प्रमुखता से किया था उजागर**

रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि खाता संख्या 271, प्लॉट संख्या 220 के अंतर्गत 4.10 एकड़ जमीन पूर्ण रूप से सरकारी है और इसका स्वामित्व बिहार सरकार के पास है. मथुरा महतो ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया था कि धनबाद जिले के गोविंदपुर अंचल अंतर्गत भेलाटांड़ मौजा में गैर-आबाद खाता संख्या 271, प्लॉट संख्या 220 को फर्जी तरीके से खाता संख्या 273, प्लॉट संख्या 220 में परिवर्तित कर 4.10 एकड़ से अधिक सरकारी जमीन को हब इंडिया कंपनी द्वारा गैर-कानूनी रूप से सैकड़ों लोगों को बेच दिया गया. इस कंपनी के प्रतिनिधियों, राजीव रंजन उर्फ रवि यादव (पिताः जे.पी. यादव) और पंकज कुमार (पिताः स्व. नंद लाल प्रसाद), जिनका पता दूसरा तल्ला, नालंदा ट्रेड सेंटर, सरायढेला, कोलाकुसमा, नियर बिग बाजार ओजोन गैलेरिया, गोविंदपुर, धनबाद है, पर भूमाफियाओं के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम देने का आरोप है. शिकायत में यह भी कहा गया कि इस फर्जीवाड़े में 38 लोगों का दाखिल-खारिज फर्जी तरीके से कराया गया, जिससे न केवल आम लोगों के साथ ठगी की गई, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया. मथुरा महतो ने इस मामले में उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद एसडीओ ने अपनी जांच शुरू की और अब अपनी रिपोर्ट सौंप दी है.

### 66 दलील और 38 म्यूटेशन का खुलासा, बने हैं चार मकान

गोविंदपुर के अवर निबंधक और अंचल अधिकारी की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, 13 फरवरी 2021 के बाद खाता संख्या 273, प्लॉट संख्या 220 के तहत कुल 66 दलीलों का निबंधन किया गया. साथ ही, अंचल अधिकारी की रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि इनमें से 38 दलीलों का दाखिल-खारिज किया गया. अंचल अधिकारी ने अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट किया कि खाता संख्या 273, प्लॉट संख्या 220, जिसका रकबा 4.10 एकड़ है, अमर चंद्र गोराई (पिता: प्रफुल्ल गोराई) के नाम पर ऑनलाइन दर्ज है. यह एक गंभीर सवाल उठाता है कि जब बंदोबस्त कार्यालय में खाता संख्या 273 का कोई रिकॉर्ड ही नहीं है, तो इसे ऑनलाइन किसी व्यक्ति के नाम पर कैसे दर्ज किया गया? सीओ की रिपोर्ट के अनुसार, इस फर्जी ऑनलाइन रिकॉर्ड के आधार पर वर्ष 2021-22 में 17 और 2022-23 में 21 दलीलों का म्यूटेशन किया गया. सीओ ने यह भी बताया कि उक्त जमीन पर वर्तमान में चार मकान बने हुए हैं, कुछ हिस्सों में प्लॉटिंग के लिए चारदीवारी की गई है, और कुछ हिस्सा परती जमीन के रूप में खाली पड़ा है.

### बंदोबस्त कार्यालय का स्पष्ट रिकॉर्ड

बंदोबस्त कार्यालय की रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि भेलाटांड़ मौजा में कुल 272 खाते ही दर्ज हैं, जिनमें 23 शिकमी खाते शामिल हैं। हाल सर्वे खतियान में खाता संख्या 271, खेसरा 220 बिहार सरकार के नाम पर दर्ज है, और खाता संख्या 273 का कोई उल्लेख नहीं है. यह तथ्य इस मामले में फर्जीवाड़े की गंभीरता को और उजागर करता है. हब इंडिया कंपनी के राजीव रंजन ने अपने स्पष्टीकरण में दावा किया है कि उन्होंने बलराम गोराई से प्राप्त तीन पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर जमीन के दलील और दाखिल-खारिज करवाए. उन्होंने यह भी कहा कि इन दलीलों और दाखिल-खारिज पर किसी ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं की. हालांकि, यह तर्क जांच में सामने आए तथ्यों के विपरीत है, क्योंकि बंदोबस्त कार्यालय के रिकॉर्ड में खाता संख्या 273 दर्ज नहीं है.

## सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ पीपी पांडेय और डॉ नीलम बाला |
| हड्डी रोग | - | डॉ मुकेश प्रसाद |
| सर्जरी | - | डॉ संजीव गोलाश |
| नेत्र रोग | - | डॉ सरोजिनी मुर्मू |
| दंत रोग | - | डॉ सुनिता कुमारी |
| शिशु रोग | - | डॉ मनोज हेमब्रम |
| मनोरोग | - | डॉ मिनाक्षी दुबे |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ संध्या तिवारी |
| फिजियोथेरेपी | - | डॉ दीपाली राय |
| **गायनी इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ अपूर्वा दत्ता |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ अंजना कुमारी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ सुमन |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ ईपील टोपनो |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ राकेश रंजन |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ शीला कुमारी |

## गुरुजी जीतेंगे यह भी जंग : हेमंत



**रांची (शुभम संदेश)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को विश्वास जताया कि उनके पिता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन अपने स्वास्थ्य की जंग भी जीतेंगे, जिस प्रकार उन्होंने जीवन में कई लड़ाइयां लड़ी और जीती हैं। शिबू सोरेन पिछले एक महीने से दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी समेत कई प्रमुख नेताओं ने अस्पताल पहुंच कर उनका हालचाल लिया है। (शेष पेज-11 पर)

# नाम मॉडल और स्मार्ट आंगनबाड़ी, हाल तौबा-तौबा

## मॉडल और स्मार्ट आंगनबाड़ी बदहाल, खतरे में बच्चों की जान

- आधी छत की गिर चुकी है प्लास्टर, सीमेंट भी छोड़ चुकी हैं छड़ें

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद पुलिस लाइन क्षेत्र में स्थित मेहरा पाड़ा में दो आंगनबाड़ी केंद्र हैं, इनमें एक मॉडल आंगनबाड़ी है तो दूसरा स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र. लेकिन इन दोनों मॉडल और स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति बदहाल है. इन केंद्रों में पढ़ने वाले मासूम बच्चों की जान खतरे में है, लेकिन इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है. मॉडल आंगनबाड़ी की आधी छत की प्लास्टर गिर चुकी है और छड़ें सीमेंट से बाहर झांक रही है. सेविका और सहायिका जान जोखिम में डालकर बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हैं. इस स्मार्ट आंगनबाड़ी के शौचालय की हालत और भी दयनीय है, जहां न छत है, न दरवाजा और दीवारें भी जर्जर हो चुकी हैं.









### गिरी छत का प्लास्टर, शौचालय पर कब्जा

**मॉडल आंगनबाड़ी**

पुलिस लाइन के मेहरा पाड़ा में संचालित मॉडल आंगनबाड़ी की इमारत जर्जर हो चुकी है. इस केंद्र की छत के आधा हिस्से की प्लास्टर गिर चुकी है और छड़ें बाहर झूल रही हैं. इसके कारण बचे हुए हिस्से में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है. इस स्थिति में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है. इसके बावजूद, प्रशासन की ओर से कोई मरम्मत या सुधार के प्रयास नहीं किए गए हैं. इतना ही नहीं, आंगनबा ड़ी के शौचालय पर पड़ोस के एक व्यक्ति ने दीवार बनाकर कब्जा कर लिया है. इस कारण बच्चों और कर्मचारियों के लिए शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है. सेविका और सहायिका ने बताया कि शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है.

### बिना छत और दरवाजे का शौचालय

**स्मार्ट आंगनबाड़ी**

मॉडल आंगनबाड़ी से महज दो कदम की दूरी पर स्थित स्मार्ट आंगनबाड़ी की स्थिति और भी खराब है. इस केंद्र के शौचालय में न तो छत है और न ही दरवाजा. दीवारें भी जर्जर हो चुकी हैं, जिससे शौचालय पूरी तरह से उपयोग के लायक नहीं है. बच्चों और कर्मचारियों को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो स्वच्छता और सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर समस्या है. एक तरह धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को हाइ टेक बनाने का प्रयास कर रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ विभाग की उदासीनता से बच्चों की जान खतरे में हैं.

नीरज हत्याकांड में बचाव पक्ष की तरफ से बहस जारी

## जब्त बाइक का शूटरों ने किया था इस्तेमाल, नहीं हुआ साबित

शुभम संदेश। धनबाद

पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्याकांड में बचाव पक्ष की बहस गुरुवार को भी जारी रही. बचाव पक्ष की ओर से बहस के लिए सुप्रीम कोर्ट से आए अधिवक्ता एमए नियाजी ने अदालत के समक्ष फिर कई प्रश्न खड़े किए. बचाव पक्ष की ओर से बहस का बिंदु यह था कि अभियोजन ने जिस मोटर साइकिल के बारे में यह दावा किया कि शूटर घटना को अंजाम देने के बाद इसी मोटरसाइकिल से भागे थे और गोविंदपुर के समीप छोड़ दिए थे. जिसे गोविंदपुर पुलिस ने 24 जुलाई को जब्त किया था. उस मोटरसाइकिल का इस्तेमाल हत्या व उससे शूटरों के भागने के काम के लिए हुआ, यह अभियोजन साबित नहीं कर सका. डब्लू मिश्रा ने राम अहलाद राय के मकान को किराए पर लिया था. उसमें उसने शूटरों को रुकवाया था, यह भी साबित नहीं हो सका. अभियोजन इस सम्बन्ध में किराए का कोई करारनामा अथवा कब भाड़े पर लिया था ? या अन्य कोई संबंधित तथ्य नहीं लाया. केवल अनुसंधानकर्ता व राय के कह देने पर अदालत इस बात को कानूनन विश्वास नहीं कर सकती. यहां तक कि जिस मोटरसाइकिल को राम अहलाद राय ने टीआई परेड में पहचान की है, यह वही मोटरसाइकिल था, जिसका इस्तेमाल शूटरों ने किया था, यह भी साक्ष्य अभियोजन नहीं ला सका है. (शेष पेज-11 पर)

## एनडीआरएफ के सर्च अभियान में कोई साक्ष्य नहीं

शुभम संदेश। कतरास



केशरगढ़ में गुरुवार को एनडीआरएफ की टीम फिर पहुंची. घंटों तक एनडीआरएफ की टीम ने यहां सर्च अभियान चलाया. लेकिन इस दौरान एनडीआरएफ की टीम को यहां चाल गिरने के कोई निशान नहीं मिले. देर शाम के बाद एनडीआरएफ की टीम यहां से बैरंग लौट गई. बताते चलें कि केशरगढ़ा में चाल धंसने की चर्चा के बाद गिरिडीह के सांसद सीपी चौधरी ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए एनडीआरएफ बुलाने की मांग की थी. दो दिनों के सर्च अभियान के बाद भी एनडीआरएफ को यहां घटना का कोई साक्ष्य नहीं मिल सका. बता दें कि पुलिस और बीसीसीएल ने भी ऐसी किसी घटना से इंकार किया था.












# गोविंदपुर बाजार में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## ◆ चली जेसीबी, कइयों ने खुद से हटाए दुकान ◆ नियमित रूप से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शुभम संदेश। गोविंदपुर**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जिला प्रशासन के सहयोग से गुरुवार को गोविंदपुर बाजार इलाके में जीटी रोड के दोनों और अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान भय से जीटी रोड से लोगों ने ठेला, गुमटी, झोपड़ी यदि हटा ली, कई स्थानों पर जेसीबी भी चलाया गया. हालांकि जीटी रोड से पूरी तरह अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका है. अतिक्रमण हटाने के दौरान लोगों की भीड़ जुट गई और अधिकांश लोगों ने अपना अतिक्रमण खुद समेट लिया, जबकि कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाओ टीम को कड़ाई से पेश आना पड़ा. गोविंदपुर अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत तथा प्राधिकरण के अधिकारी निगम बेहरा के नेतृत्व में पूरे बाजार क्षेत्र में यह अभियान चलाया गया. निगम बेहरा ने कहा कि गोविंदपुर बाजार इलाके में अतिक्रमण के कारण लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है. सर्विस लेन का पूरी तरह अतिक्रमण कर रखा गया है. उन्होंने कहा कि अब नियमित रूप से बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा तथा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी. उन्होंने कहा कि सर्विस लेन को पूरी तरह अतिक्रमित कर दिया गया है. इससे गोविंदपुर में जीटी रोड जाम की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है. उन्होंने कहा कि दुकानों के आगे लोग छावनी बना दे रहे हैं. इसके बाद ठेला और गुमटी लगाई जा रही है. इससे भी परेशानी हो रही है. अंचलाधिकारी ने कहा कि सड़क जाम को लेकर पिछले कई माह से



लोग अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे थे. इसी को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया. इधर नागरिकों का कहना है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव किया गया. कई स्थानों पर अतिक्रमण को छोड़ दिया गया. जीटी रोड पर बने कई दुकान और होटल पर डोजर नहीं चला, परंतु इंडियन बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक के समीप पानी रोकने के लिए बनाए गए अवरोध को भी तोड़ दिया गया. पिछले दिनों की बारिश में पंजाब नेशनल बैंक, एटीएम , आसपास के दुकानों और घरों में बाढ़ की स्थिति हो जाने के कारण उक्त अवरोध दिया गया था, ताकि बारिश का पानी घरों दुकानों, बैंक और एटीएम में नहीं घुसे पर उस अवरोध को भी तोड़ दिया गया, जबकि कई स्थानों पर पक्का निर्माण अभी भी बरकरार है. लोगों ने बताया कि अवरोध को तोड़े जाने से अब बैंक, एटीएम दुकान आदि फिर जलमग्न हो जाएंगे. लोगों ने बताया कि शाम 4:00 बजे तक जीटी रोड को खाली कर दिया गया था परंतु 2 घंटे बाद ही जीटी रोड पर फिर दुकानें सज गई. अंचलाधिकारी एवं एनएचएआई अधिकारी निगम बेहरा ने कहा कि अतिक्रमण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सर्विस लेन का अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई भी होगी. उन्होंने कहा कि गोविंदपुर के कुछ लोग जीटी रोड पर दुकान लगवा कर वसूली करते हैं वैसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है और उनके खिलाफ जिला प्रशासन को लिखित दिया जाएगा.

## ▼ ब्रीफ खबरें

### मधुबन में फरार आरोपियों के खिलाफ इश्तेहार लगाया

**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र में तीन साल पूर्व दर्ज कांड संख्या 66/22 और 68/22 से जुड़े चार वारंटियों के खिलाफ गुरुवार को ढोल-नगाड़े के साथ इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गई. पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई कोर्ट से निर्गत वारंट के आधार पर की गई. कांड संख्या 66/22 में सिनीडीह स्थित बबनडीहा बस्ती निवासी केदार ग्याली, जबकि कांड संख्या 68/22 में खरखरी बस्ती निवासी एवं गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी, प्रेम तिवारी एवं लालन उर्फ गोल्डेन तिवारी के घरों पर इश्तेहार चिपकाया गया. इन पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के साथ एससी/एसटी एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत गंभीर आरोप हैं. इस दौरान थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, एसआई शिबु सोरेन, एएसआई सनातन हेंब्रम सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

### हाथुडीह रेल फाटक आज 12 घंटे बंद

**महुदा।** महुदा खानुडीह रेल खंड पर स्थित हाथुडीह रेल फाटक बिजी-21 आवश्यक रख रखाव एवं मरम्मत कार्य को लेकर शुक्रवार प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक बंद रहेगा. महुदा रेलवे अभियंता विनोद कुमार ने बतायें कि हाथुडीह रेलवे क्रॉसिंग के समीप मेंटेनेंस कार्य को लेकर रात्री 8 बजे तक रेलवे फाटक बंद रहेगी. आसपास के लोग अन्य विकल्प का सहारा लेकर यात्रा पर जायें. इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे महुदा के वरिष्ट अनुभाग अभियंता ( रेल पथ ) ने महुदा थाना, पदुगोड़ा पंचायत एवं हाथुडीह पंचायत के मुखिया को पत्र देकर सूचित किया है. पत्र में उन्होंने सहयोग करने की अपील करते हुए कहा है कि कार्य के दौरान समय में थोड़ा बहुत अंतर हो सकता है.

BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, DHANBAD

**AFFIDAVIT**



I, **LUCKY KUMARI**, W/O MANTU KUMAR, Aged about 33 years, by faith Hindu, resident of Near Zila School, Babudih, Bishunpur, P.O.- B. Polytechnic, Dist-Dhanbad, (Jharkhand), PIN-828130, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows;

1. That, my actual name is **LUCKY KUMARI** as per my Aadhar Card No. XXXX XXXX 0598. VID: 9149 6402 9057 3756.
2. That, my name has been mentioned in my Bank Account as **LAKKI KUMARI** in place of **LUCKY KUMARI** vide Bank Account No. 0112104000231886, IDBI Bank, Dhanbad Branch.
3. That, **LUCKY KUMARI** and **LAKKI KUMARI** both names are one & same LADY/person i.e.myself.
4. That, I want to do correction/ rectify my name in my above said Bank Account .e. **LUCKY KUMARI** instead of **LAKKI KUMARI**, if any type of litigation/fraud arise due to name I shall be solely responsible.
5. That, my passport size photo affixed herewith for proper identification.
6. That, the statements made above are true to the best of my knowledge and I have concealed nothing.
7. That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concerned and for needful.

Affidavit No. 2769 Dt. 17.06.2025

## कैसे-कैसे बहाने तार पर बैठा कौआ

# गुल हो गई हजारों घरों की बिजली

## चिरकुंडा फीडर के उपभोक्ता लगातार चौथे दिन रहे परेशान

- उपभोक्ताओं के सवाल पर कौआ बैठने से रिले जलने की बात कहते हैं अधिकारी

**शुभम संदेश। चिरकुंडा**

विद्युत विभाग चिरकुंडा के डीपीएस कुमारधुबी में 11 केवी चिरकुंडा फीडर के ब्रेकर का रिले लगातार चौथे दिन जल जाने के कारण चिरकुंडा फीडर से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं की बिजली गुरूवार की सुबह गुल हो गई. जिस कारण इस बरसात की उमस भरी गर्मी में लोग 5 घंटे तक परेशान रहे. जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे विद्युत तार पर कौआ बैठ जाने के कारण चिरकुंडा फीडर के ब्रेकर का रिले जल जाने की बात कही जा रही है. इस कारण सरसापहाड़ी, तालडांगा, नेहरू रोड, सुभाषनगर, तालडांगा हाउसिंग कालोनी, कुमारधुबी स्टेशन रोड सहित आस पास के क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं की बिजली ठप हो गई. चार दिनों से लगातार चिरकुंडा फीडर में फाल्ट झेल रहे उपभोक्ताओं का सब्र का बांध टूट गया. अंततः



उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक व निरसा के कार्यपालक अभियंता सुबोध कुमार निराला को फोन किया. इसके बाद फाल्ट को ठीक कराने कार्यपालक अभियंता डीपीएस कुमारधुबी पहुंचे. कार्यपालक अभियंता ने कहा कि धनबाद से आए टेक्निशियन की टीम द्वारा डीपीएस कुमारधुबी आकर चिरकुंडा फीडर के ब्रेकर में नया रिले लगाकर बिजली को अपराहन 3.30 बजे चालू किया गया. उन्होंने कहा कि कभी पोल में धक्का लग जाने कभी विद्धुत तार पर कौआ बैठ जाने से फाल्ट होने के कारण ब्रेकर का रिले क्यों जल जा रहा है, यह सोचनीय प्रश्न है. उन्होंने कहा कि इस फाल्ट को स्थाई रुप से ठीक कराने का वे प्रयास कर रहे हैं ताकि चिरकुंडा फीडर से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं की बिजली सुचारू रूप से जल सके.

### केबल चोरी से हजारों की आबादी को जल संकट

- कनकनी कोलियरी के सेंद्रा दो नंबर पिट से हुई केबल की चोरी

**लोयाबाद।** कनकनी कोलियरी अंतर्गत सेन्द्रा दो नंबर पिट स्थित समर्सिबल स्विच का केबल चोरों द्वारा काट लिए जाने के कारण इलाके में जल संकट गहरा गया है. बुधवार की रात हुई इस घटना के चलते सेन्द्रा, हनुमान बाजार, मुखर्जी धौड़ा, मदनाडीह सहित आसपास के इलाकों की लगभग पांच हजार की आबादी को पिट वाटर सप्लाई बाधित हो गई है.



जानकारी के अनुसार, स्वीच रूम से समर्सिबल पंप तक करीब 12 फीट लंबा कॉपर केबल बिछा हुआ था. चोरों ने पांच फीट केबल काटकर ले लिया. इसकी कीमत अधिक नहीं है, लेकिन इस हरकत से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. घटना के समय मौके पर मौजूद कर्मी नंदलाल महतो और नंदा की ड्यूटी थी. बताया कि अपराधियों ने स्वीच रूम के नीचे बने नाले से घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. कोलियरी अभियंता गौरव कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा कि दो दिन पूर्व भी चोरी का प्रयास किया गया था, लेकिन उस वक्त चोर कुछ भी ले जाने में सफल नहीं हो पाए थे. अभियंता ने भरोसा दिलाया है कि आवश्यक मरम्मत कार्य के बाद जलापूर्ति कार्य गुरुवार तक सामान्य कर दी जाएगी. मामले की जानकारी संबंधित थाने को भी दी जा रही है.

## चोरों ने डंपर सेक्शन से टूल्स और केबल चुराए

**शुभम संदेश। झरिया**

तिसरा थाना क्षेत्र के नॉर्थ तीसरा कांटा घर के समीप बुधवार की रात चोरों ने डंपर सेक्शन का ताला तोड़कर टूल्स और केबुल की चोरी कर ली. घटना की जानकारी गुरुवार सुबह तब हुई जब कर्मी ड्यूटी पर पहुंचे. उन्होंने देखा कि लोहे के बक्से का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखे सभी टूल्स और कुछ केबुल गायब हैं. कर्मियों ने तुरंत कोलियरी अभियंता धीरज कुमार को सूचना दी. हालांकि अभियंता का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं मिली है, जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है. डंपर सेक्शन के कर्मियों ने बताया कि चोरी हुए टूल्स के बिना कार्य करना कठिन हो गया है. उन्होंने प्रबंधन से रात में



सुरक्षा की मजबूत व्यवस्था की मांग की है. उनका कहना है कि कांटा घर के आसपास रात में कोई सुरक्षा नहीं होती, जिससे बार-बार चोरी की घटनाएं हो रही हैं. कर्मियों ने बताया कि पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं. प्रबंधन से सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की.

### श्री साईं इंडस्ट्रीज पर श्मशान घाट की जमीन कब्जाने का आरोप

## ग्रामीणों ने किया कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन

**शुभम संदेश। तेतुलमारी**

गंडुआ खेपचाटांड़ के एक मात्र श्मशान घाट की जमीन को भूमाफियाओं के द्वारा कब्जा करने का मामला सामने आ रहा है. इसको लेकर गुरूवार को छोटानगरी के ग्रामीणों के द्वारा जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया. ग्रामीणों का कहना है कि गंडुआ ख़ेपचाटांड़ का एक मात्र श्मशान घाट है और ग्रामीणों दाह संस्कार किया जाता है. लेकिन श्री साईं इंडस्ट्रीज खेपचाटांड़ के प्रबंधक के द्वारा जबरन श्मशान घाट की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है. जो कतई कब्जा करने नहीं दिया जाएगा. सांसद प्रतिनिधि नरेश कुमार महतो ने कहा कि मामले को लेकर जल्द धनबाद उपायुक्त से मिलेंगे.



विरोध प्रदर्शन में पूर्व मुखिया संतोष महतो बसंत कुमार सिंह गोविंद ठाकुर सुभाष महतो मंगल महतो सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे. मौके पर पवन महतो, मंगल महतो , सुभाष महतो, बसन्त सिंह, गणेश रवानी, राजकुमार रवानी, सत्यनारायण महतो, गोविंद ठाकुर, मितन ठाकुर ,सुधीर महतो, शुभम सिंह, चंदन सिंह, बिरजू रवानी, अर्जुन सिंह,गोखुल रवानी, कंचन ठाकुर, विकास महतो, मनोज कुम्हार , संतोष कुम्हार, अजीत कर्मकार आदि शामिल थे.

# निरसा में ट्रॉमा सेंटर बनाने की डीसी ने की पहल


## स्वास्थ्य केंद्रों को इंटीग्रेटेड हेल्थ वेलनेस सेंटर में किया जाएगा विकसित

### खास बातें

- ◆ महिला और पुरुषों के लिए आयुष्मान किट की व्यवस्था
- ◆ सहिया को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार योजना

**शुभम संदेश। धनबाद**

उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को निरसा में ट्रॉमा सेंटर शुरू करने तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों को इंटीग्रेटेड हेल्थ वेलनेस सेंटर में विकसित करने के लिए बैठक की. निरसा में ट्रॉमा सेंटर शुरू करने के लिए उपायुक्त ने भवन, स्थान सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से सभी जानकारियां प्राप्त की. साथ ही



जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को इंटीग्रेटेड हेल्थ वेलनेस सेंटर में विकसित करने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों का आकलन करने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान सदर अस्पताल के सोलर सिस्टम को अपग्रेड करने, शेड एवं पार्किंग स्थल का निर्माण, एक्स-रे मशीन का इंस्टॉलेशन, फेको तकनीक से मोतियाबिंद ऑपरेशन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई. उपायुक्त ने सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों की मासिक कार्यक्षमता का विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. साथ ही महिला एवं पुरुष के लिए आयुष्मान किट, सहिया को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें पुरस्कृत करने, एएनएम एवं सहिया की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, डीपीएम नीरज यादव व स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

### सिविल सर्जन ने टुंडी स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, मिली कई खामियां

**टुंडी।** धनबाद के सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, टुंडी का निरीक्षण किया. उन्होंने दवा काउंटर, दवा स्टोर, एमटीसी और ओपीडी की व्यवस्था की जांच की. निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने मरीजों से बातचीत कर इलाज व योजनाओं के लाभ की जानकारी ली तथा जननी योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ सभी को दिलाने पर ज़ोर दिया .निरीक्षण में कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर सिविल सर्जन ने उपस्थित पंजी से उनकी अटेंडेंस काटी और चिकित्सा प्रभारी डॉ. श्रवण कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए .कुपोषण उपचार केंद्र की गंदगी पर नाराज़गी जताते हुए सिविल सर्जन ने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की सख़्त हिदायत दी. इस दौरान डॉ. अभिषेक मुखर्जी, डॉ. नीतीश पांडे, डॉ. विजय वर्मा, बीपीएम सतीश कुमार सुमन सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### पासीटांड़ का प्रतिक नवोदय परीक्षा में सफल



**महुदा (शुभम संदेश)।** प्राथमिक विद्यालय पासीटांड के पांचवी वर्ग के छात्र प्रतिक कुमार यादव ने नवोदय की परीक्षा पास कर पिता राजेश यादव व विद्यालय का नाम रोशन किया है. विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मथुरा रवानी खुशी जाहिर करते हुए शुभकामना दी है. इनका चयन पीएम प्रधानमंत्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेनगरिया निरसा में कक्षा 6 के लिए चयन हुआ है. इनके माता पिता अत्यंत निर्धन परिवार से होकर भी छात्र के प्रति हमेशा जागरूक रहे है. इनके तैयारी कराने में परिवार के लोगों का काफी सहयोग रहा है. विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका रेणु कुमारी,विष्णु रजवार ने छात्र प्रतिक कुमार को चॉकलेट खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दिए.

### नाग मंदिर का 33 वां वार्षिकोत्सव 28 को



**झरिया (शुभम संदेश)।** श्री नाग देवी मंदिर भागा कमेटी द्वारा मंदिर परिसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. वार्ता के दौरान राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि श्री नाग पंचमी का 33वां वार्षिक महोत्सव 28 व 29 जुलाई 2025 को मंदिर परिसर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा. जिसकी तैयारी को लेकर मंदिर कमेटी के अधिकारी व सदस्य गण जोर-शोर से लगे हुए हैं. एक प्रचार वाहन द्वारा घूम घूम कर झरिया व आसपास के क्षेत्र में लोगों को जानकारी दी जा रही है वार्ता में श्याम सुंदर अग्रवाल, रितेश सिंह, श्याम सुंदर मोदी, पंकज अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, नागेंद्र अग्रवाल, रवि मिश्रा, पूनम यादव, तारा मनी देवी आदि लोग मौजूद थे.

### डीपीएलएमए प्लस टू हाई स्कूल में परीक्षा संपन्न

**मधुबन (शुभम संदेश)।** बाघमारा प्रखण्ड के डीपीएलएमए प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को अयोजित झारखंड स्टेट स्कूल सर्टिफिकेशन एसेसमेंट की परीक्षा कदाचार मुक्त व शान्ति तरीके से सम्पन्न हुई. परीक्षा में विद्यालय के कक्षा 9, 11 व 12 वी के 110 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. प्रथम पाली 10 बजे से 12:30 तक वाले में 9वीं क्लास के 30 ओर 11 वीं क्लास के 30 छात्र छात्राए एवं दृतीय पाली12:30 से 2:30 तक वाले में 12 वीं के साइंस के 20, आर्ट्स के 20 और कॉमर्स के 10 छात्र-छात्राए शामिल हुए. उक्त परीक्षा विभाग के निर्देश पर ईआई पीवीटी द्वारा संचालित था. जो निरीक्षक बिपुल कुमार के देख रेख में सम्पन्न हुई. परीक्षा सुव्यवस्थित तरीक़े से सम्पन्न होने में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम रंजन का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### डीएवी की छात्रा विद्या को रेसलिंग में मिला गोल्ड



**महुदा (शुभम संदेश)।** डीएवी पब्लिक स्कुल महुदा के आठवीं वर्ग की छात्रा विद्या कुमारी ने विद्या कुमारी ने रेसलिंग मे गोल्ड मैडल जीता है. वह महुदा इन्टर कॉलेज के प्रचार्य प्रो सिकन्दर रवानी की पुत्री है. 19 जुलाई को बोकारो के सेक्टर 4 में आयोजित कलस्टर छः के रेसलिंग प्रतियोगिता मे भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया और गोल्ड मैडल विजेता बनी. विद्या के इस उपलब्धी से विद्यालय, परिजन, सहित क्षेत्र में खुशी की लहर है. गुरूवार को परिजनों ने मुँह मीठा कराकर खुशी जाहिर करते हुए आशिर्वाद दिया. राधेकृष्ण प्रोपराईटर, समाज सेवी लालबाबु रवानी, बुलबुल देवी, माता अंजु देवी, दादा अखलेश्वर रवानी, उर्मिला देवी, प्रशान्त कुमार, सुशान्त कुमार, निशान्त कुमार, परी कुमारी, आहवान कुमार, आर्दश कुमार, अनिकेत कुमार सहित अन्य मौजूद रहे.

### एकड़ा हारिज बस्ती में दो गुट भिड़े, दो का सिर फटा

**लोयाबाद (शुभम संदेश)।** एकड़ा हारिज बस्ती में गुरुवार की शाम दो गुटों के बीच हुए हिंसक झड़प में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. मारपीट में दोनों के सिर पर गहरी चोट आई है. घटना की वजह पुराना आपसी विवाद बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार, घटना उस वक्त घटी जब एक पक्ष का युवक ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकला था. तभी पहले से घात लगाए बैठे करीब दर्जन भर युवकों ने उस पर अचानक हमला कर दिया. हमलावरों ने लात-घूंसे और पत्थरों का इस्तेमाल करते हुए ताबड़तोड़ मारपीट की, जिससे बिनोद दास के पुत्र विक्रम दास के सिर में गंभीर चोट आई. बीच-बचाव में आए कन्हाई दास को जबड़े में भी चोटें पहुंचीं. घटना के बाद घायल पक्ष ने लोयाबाद थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### महुदा इंटर कॉलेज में वित्तीय अनियमितता का मामला प्राचार्य और सचिव के खिलाफ डीसी को आवेदन

**महुदा (शुभम संदेश)।** महुदा इंटर महाविद्यालय के शिक्षकों ने महाविद्यालय में चल रही व्यापक वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर उपायुक्त धनबाद को एक लिखित आवेदन सौंपा है. महाविद्यालय के सचिव एवं प्रभारी प्राचार्य पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल के नियमों के उल्लंघन और वित्तीय लेन-देन में गंभीर गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है. आरोप है कि वर्ष 2024 से ईपीएफओ में कर्मचारियों के अंशदान में अनियमितता के कारण महाविद्यालय का खाता फ्रीज कर दिया गया है. इसके बावजूद ट्यूशन फीस, नामांकन शुल्क, परीक्षा शुल्क और पंजीयन शुल्क जैसी विभिन्न मदों से प्राप्त राशि को सचिव एवं प्रभारी प्राचार्य द्वारा अपने व्यक्तिगत खातों में जमा कर प्रबंधन व्यय के नाम पर कथित रूप से बंदरबांट किया जा रहा है. शिक्षकों ने यह भी बताया कि वर्तमान सचिव एक नियमित वेतनभोगी कर्मचारी होते हुए भी अनुचित रूप से सचिव पद पर बने हुए हैं. विकास योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है. शिक्षकों ने मांग की है कि पिछले 10 वर्षों के महाविद्यालय के आय-व्यय का सामाजिक अंकेक्षण कराया जाए और सभी वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए. कार्रवाई नहीं की गई तो रणधीर वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे.

### विहिप के जिला सहमंत्री राजकुमार महतो का निधन



**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** विश्व हिंदू परिषद धनबाद जिला ग्रामीण के जिला सह मंत्री राजकुमार महतो 43 वर्ष का निधन गुरूवार को एसएनएमसीएच अस्पताल में हो गया. वह टीटीचापुड़ी गांव निवासी स्व द्वारिका प्रसाद महतो के पुत्र थे. 25 दिन पूर्व उन्हें ब्रेन हेमरेज होने के बाद कोलकाता के एमरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. सोमवार को उन्हें एसएनएमएमसीएच लाया गया था. जहां ईलाज के दौरान उनका देहांत हो गया. वे विहिप और बजरंग दल में कई दायित्व पर रहे थे. धनबाद गिरिडीह और देवघर के कई अस्पताल में बतौर सहायक के तौर पर अपनी सेवा भी दिया था. उनका अंतिम संस्कार आज ही खुदिया नदी तट पर किया गया. उनके निधन की खबर सुन विश्व हिन्दू परिषद के विभाग संगठन मंत्री दीपक मंडल, जिला अध्यक्ष विपिन मंडल, जिला सह मंत्री राकेश वर्मा,विश्व हिंदू परिषद के प्रांत गोरक्षा प्रमुख कमलेश सिंह सहित कई भाजपाइयों ने शोक प्रकट किया.

# पीसीसीएम ने स्टेशन का किया निरीक्षण




शुभम संदेश।गिरिडीह

पूर्वी रेलवे के प्रमुख वाणिज्य प्रबंधक (पीसीसीएम) उदय शंकर झा गुरुवार को गिरिडीह रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे. निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं की बारीकी से जांच की और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक फीडबैक लिया. उन्होंने प्लेटफॉर्म की स्थिति, प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया. निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पीसीसीएम झा ने बताया कि गिरिडीह एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, लेकिन ट्रेनों के सीमित परिचालन के कारण यहां यात्रियों की संख्या अपेक्षा से काफी कम है. उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कम यात्री भार के चलते स्टेशन पर दी जा रही सुविधाओं के रख रखाव में अनियमितता देखी जा रही है, जिसे गंभीरता से लिया गया है. उन्होंने कहा कि ट्रेनों की संख्या में वृद्धि की आवश्यकता महसूस की जा रही है. इस संबंध में उन्होंने एक रिपोर्ट तैयार कर रेलवे डिवीजन को सौंपने की बात कही है. उन्होंने आश्वासन दिया कि यात्रियों की आवश्यकता और सुविधा के अनुसार ट्रेनों के परिचालन को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा जाएगा. पीसीसीएम ने यह भी कहा कि रेलवे विभाग का उद्देश्य है कि यात्रियों को बेहतर से बेहतर सेवा मिले. इसलिए गिरिडीह स्टेशन को और अधिक सक्रिय एवं सुविधायुक्त बनाने की दिशा में प्रयास तेज किए जाएंगे. इसके लिए न सिर्फ ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है, बल्कि मौजूदा सुविधाओं के उचित रखरखाव और विस्तार पर भी बल दिया जाएगा. इस दौरान स्थानीय रेल अधिकारियों के अलावा वाणिज्य विभाग के कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे. निरीक्षण के दौरान यात्रियों की समस्याएं भी सुनी गईं और कई जरूरी सुझावों पर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए. इधर, गिरिडीह के लोगों का कहना है कि गिरिडीह स्टेशन से सीमित ट्रेनें चलने के कारण लंबे समय से यात्री असुविधा का सामना कर रहे हैं. ऐसे में पीसीसीएम द्वारा ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की बात कहे जाने के बाद स्थानीय लोगों और यात्रियों में नई उम्मीद जगी है. लोगों का कहना है कि यदि यहां से सीधे कोलकाता - पटना - रांची सहित प्रमुख मार्गों के लिए नियमित ट्रेनों की व्यवस्था हो तो न केवल यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि गिरिडीह का आर्थिक और सामाजिक विकास भी तेज होगा.

## पूर्व विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**कसमार (शुभम संदेश)।** गोमिया के पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कसमार प्रखंड के टांगटोना में 63 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया. बताया गया कि खराब ट्रांसफार्मर के कारण यह गांव लगभग 15 दिनों से अंधेरे में था. डॉ. लंबोदर महतो के प्रयासों से गांव में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया जा सका. ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए पूर्व विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया. ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था और अंततः डॉ. लंबोदर महतो के हस्तक्षेप से ही नया ट्रांसफार्मर लग पाया. इस अवसर पर पूर्व मुखिया राजेंद्र नाथ महतो, राजकिशोर महतो, निर्मल महतो, रामकिंकर महतो, अरविंद कुमार, गणेश महतो, जगदीश महतो और अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

# मेडिकल स्टोर से लाखों की चोरी



शुभम संदेश।बेंगाबाद (गिरिडीह)

बेंगाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुप्पी में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने निर्मल मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोर मेडिकल स्टोर से करीब सवा लाख रुपये नकद, कीमती जेवरात, दवाइयां और महत्वपूर्ण कागजात चुरा ले गए. इस घटना की जानकारी गुरुवार सुबह तब हुई जब ग्रामीणों ने मेडिकल स्टोर का ताला टूटा देखा और संचालक के परिजनों को इसकी सूचना दी. मेडिकल स्टोर के संचालक पप्पू सरकार ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर पूरे मामले की जानकारी दी. आवेदन के आधार पर पुलिस ने कांड संख्या 111/25 के तहत अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है. बताया गया है कि घटना की रात पप्पू सरकार किसी काम से गिरिडीह शहर गए हुए थे. घर पर उनकी मां और भाई सप्पू सरकार मौजूद थे. रात करीब 11 बजे परिवार के सदस्य सो गए थे, इसी बीच चोरों ने मेडिकल स्टोर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए. चोरों ने काउंटर तोड़कर 70 हजार रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी की चूड़ी, एक चांदी की चेन, गोदरेज में रखे 45 हजार रुपये नकद, जमीन से संबंधित दस्तावेज और दवाइयों सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया. सुबह में घटनास्थल से कुछ दूरी पर टूटा हुआ बक्सा और बिखरा हुआ सामान मिला, जिससे यह साफ होता है कि चोरों ने चोरी के बाद बक्सा वहीं फेंक दिया. इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. स्थानीय लोग घटना के शीघ्र खुलासे और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. पुलिस का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में चोरों की तलाश की जा रही है और जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा. वहीं, पीड़ित संचालक को इस चोरी से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है.

## ब्रीफ खबरें

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**बोकारो।** बोकारो रेलवे स्टेशन से तुपकाडीह रेलवे स्टेशन जाने वाली लाइन पर, बोकारो (एन) केबिन के पास, रेलवे ट्रैक पर एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है. यह शव पोल संख्या 410/23-25 के बीच पाया गया. मौके पर पहुंची जीआरपी (राजकीय रेल पुलिस) की टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि उन्हें इसकी सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा दी गई थी. शव की पहचान और मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है और पुलिस जांच में जुटी हुई है.

### हथियार सहित दो नाबालिग अपराधी गिरफ्तार

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जरीडीह थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है. जानकारी मिली थी कि बहादुरपुर के पास एन.एच. 23 पर दो व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित छापामारी दल ने फोरलेन चौक और बाँधडीह मोड़ के बीच पुलिया के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो विधि-विरुद्ध किशोरों (नाबालिगों) को देशी कट्टा और चाकू के साथ रंगे हाथ पकड़ा. इन किशोरों के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक धारदार चाकू, एक बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल (जेएच 09 जी 0923), दो मोबाइल फोन और 260 रुपये नकद जब्त किए गए. इस संबंध में जरीडीह थाना में आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 86/25 दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है. छापामारी दल में जरीडीह थाना प्रभारी बिपिन चंद्र महतो सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

### सीतानाला चेक डैम निर्माण स्थल का निरीक्षण

**डुमरी (गिरिडीह)।** स्वयंसेवी संस्था जन जागरण केंद्र, हजारीबाग के परियोजना प्रबंधक देव कुमार सिंह और सेवानिवृत्त सहायक अभियंता जयमंगल सिंह ने पुतरीगढ़ सीतानाला चेक डैम निर्माण स्थल का निरीक्षण किया. नाबार्ड गिरिडीह के सहयोग से उक्त स्थल पर चेक डैम निर्माण की पहल की गई है. बताया गया कि चेक डैम बन जाने से आसपास के गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी, साथ ही लोग कृषि कार्य भी कर सकेंगे. इस दौरान पुतरीगढ़ डैम निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव कुमार वर्णवाल 'चंदू', गंगाधर महतो, घनश्याम सिंह आदि उपस्थित थे.

# मरीज को खटिया पर लादकर पक्की सड़क तक पहुंचाया



सुबोध सिंह

**साहेबगंज।** बोरियो प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती आदिवासी इलाकों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण कई ऐसे गांव हैं, जहां मरीजों और गर्भवती महिलाओं को खटिया पर लादकर पक्की सड़क या आयुष्मान आरोग्य मंदिर तक लाना पड़ता है . ताजा मामला प्रखंड क्षेत्र की मोतीपहाड़ी पंचायत के बरमसिया के पता टोला और कमार टोला का है. यहां सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में कोई भी वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाता. इसी वजह से बुधवार देर रात 11 बजे बरमसिया के पता टोला के मरीज देबू मरांडी को इलाज के लिए ग्रामीणों द्वारा 2 किलोमीटर दूर सुनसान रास्ते से होकर पक्की सड़क तक लाया गया. ग्रामीणों ने बताया कि जून महीने से लेकर नवंबर महीने तक न तो बाइक और न ही चार पहिया वाहन गांव तक जा पाते हैं. उन्होंने कहा कि जब से गांव बसा है, आज तक वहां सड़क नहीं बन पाई है, जिससे बरसात के दिनों में मजबूरीवश मरीजों और गर्भवती महिलाओं को खटिया पर लादकर पक्की सड़क तक पहुंचाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है.

## प्रेमटांड़ से बरमसिया स्कूल तक का रोड जर्जर, ग्रामीण परेशान



**डुमरी (गिरिडीह) ।** प्रखंड की लक्ष्मणटुंडा पंचायत के टोला प्रेमटांड़ के ग्रामीणों के आग्रह पर झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो अपने सदस्यों के साथ प्रेमटांड़ पहुंचे . ग्रामीणों ने यूनियन के सदस्यों को बताया कि लक्ष्मणटुंडा प्रेमटांड़ से बरमसिया स्कूल तक की सड़क जर्जर और ऊबड़-खाबड़ स्थिति में है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है . ग्रामीणों ने विशेष रूप से बरसात के दिनों में आने-जाने और बच्चों को स्कूल पहुँचने में होने वाली दिक्कतों पर प्रकाश डाला . उन्होंने यह भी बताया कि किसी के बीमार पड़ने पर डॉक्टर के पास ले जाने में भी काफ़ी कठिनाई होती है, क्योंकि गाड़ी गाँव तक नहीं पहुँच पाती है, जिससे बीमार लोगों और गर्भवती महिलाओं को खाट से उठाकर ले जाना पड़ता है . यूनियन के सदस्यों ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि वे प्रेमटांड़ से बरमसिया स्कूल तक पथ निर्माण कराने की मांग विभागीय अधिकारियों से करेंगे . साथ ही, यदि आवश्यकता हुई, तो सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों के साथ आंदोलन भी करेंगे . इस अवसर पर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष भगतु रविदास उर्फ रवि, महासचिव रवींद्र कुमार, प्रखंड सचिव घनश्याम सिंह, और ग्रामीण कुदुस अंसारी, माजदा खातून, जरीना खातून, किट्टी मियां, इकबाल अंसारी, मीना देवी, राजू साव, नसरुद्दीन अंसारी, बशीरुद्दीन अंसारी, किताबुन निशा, नसीमा खातून, असगर अंसारी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे .

## भाकपा माले के जिला सम्मेलन की तैयारी समिति का गठन

**कसमार (शुभम संदेश)।** भाकपा-माले की कसमार अंचल कमेटी की बैठक गुरुवार को हुई. बैठक में पार्टी के जिला सचिव देवदीप सिंह दिवाकर ने कहा कि एसआईआर (शायद वोटर लिस्ट से नाम हटाने की प्रक्रिया) के बहाने गरीब मजदूरों, किसानों और रोजगार की तलाश में बाहर गए लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश चल रही है. उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया. दिवाकर ने कहा कि भाजपा का वोट प्रतिशत तेज़ी से गिर रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा और महाराष्ट्र में बोगस मतदाता जोड़कर चुनाव जीता गया और अब बिहार व बंगाल में असली मतदाताओं को हटाकर चुनाव जीतने की चाल चल रही है. बैठक की अध्यक्षता गंगाधर महतो ने की. इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 13 और 14 सितंबर को कसमार में जिला सम्मेलन आयोजित होगा. सम्मेलन की तैयारी के लिए 15 सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसमें शकूर अंसारी को संयोजक और गंगाधर महतो को उप-संयोजक चुना गया. बैठक में लोकनाथ, उमाशंकर महाराज, शिवराम कपरदार, संजय सहार, मुमताज़ अंसारी, निज़ामुद्दीन अंसारी, सलीम साह, बबलू महतो, शिवचरण महतो, अरुण महतो, राजू महतो, उमेश महतो, संजय महतो, सगीर अहमद, मेही लाल महतो समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### चंचली माई स्थान पर की गई प्रकाश व्यवस्था

**बोकारो (शुभम संदेश)।** प्रसिद्ध चंचली माई मंदिर स्थान पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, झारखंड प्रदेश इकाई द्वारा प्रकाश की व्यवस्था की गई है. इस कार्य के तहत वेपर लाइट, हैलोजन, एलईडी बल्ब और ट्यूनिंग लाइटें लगाई गईं. यह कार्य मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित गोपाल बाबा की उपस्थिति में संपन्न हुआ. श्री करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह और सभी पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी के सुखमय जीवन और बोकारो के उत्थान की कामना की. प्रधान पुजारी पंडित गोपाल बाबा ने प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह और सभी पदाधिकारियों को माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया और आशीर्वाद दिया. प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि यह पुनीत कार्य लगातार किया जा रहा है और पवित्र सावन मास में लगभग एक दर्जन ऐसे मंदिरों में प्रकाश की व्यवस्था करनी है, जहाँ रोशनी कम है या बिल्कुल नहीं है. महासचिव अखिलेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हमें अपने मठ-मंदिरों को साफ-सुथरा, स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखना चाहिए, क्योंकि हमारे मठ, मंदिर और देवालय सकारात्मक ऊर्जा के स्रोत हैं और सनातन धर्म-संस्कृति के ध्वजवाहक हैं. इस पुनीत कार्य में प्रदेश महासचिव अखिलेश सिंह और प्रदेश युवा अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा. करणी सेना के इस कार्य की सभी लोग भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं. धन्यवाद ज्ञापन देव सिंह ने किया.

### मधुश्रावणी मिलन समारोह का आयोजन

**बोकारो (शुभम संदेश)।** जीवन में हरियाली और शिवभक्ति के अद्वितीय पावन मास सावन के उपलक्ष्य में आधुनिक महिला मिथिलांचल समाज के तत्वावधान में सेक्टर-5 स्थित तृप्ति सेलिब्रेशन में एक भव्य सावन सह मधुश्रावणी महोत्सव का आयोजन किया गया. इस उत्सव में बोकारो, चास और आसपास से आईं बड़ी संख्या में मैथिलानियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया. मिथिलांचल की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत रखने के प्रयासों के तहत आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत नवविवाहिता के लिए मधुश्रावणी पूजा के महत्व पर विशेष चर्चा के साथ हुई. वक्ताओं ने बताया कि मधुश्रावणी पूजा वैवाहिक जीवन में प्रेम, पारिवारिक सुख-समृद्धि और प्रकृति के सौंदर्य का प्रतीक है. इस दौरान शिव-पार्वती की पूजा और विषहारा पूजा की महत्ता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया. महिलाओं ने मिलकर फूल तोड़ने की परंपरा और मधुश्रावणी पूजा में निहित शिव-पार्वती कथाओं पर अपने विचार साझा किए. इस अवसर पर मैथिली गीतों और लोक नृत्यों का अद्भुत संगम देखने को मिला. मैथिलानियों ने सामूहिक रूप से पारंपरिक पाबनि विषहारा गीत और महेशवाणी गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया. कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं ने समारोह में चार चांद लगा दिए. सावन सुंदरी का खिताब संगीता चौधरी ने अपने नाम किया, जबकि ममता झा दूसरे स्थान पर रहीं. डाला सज्जा प्रतियोगिता में बीनू चौधरी, उपासना झा और इला झा को उनकी उत्कृष्ट कला के लिए पुरस्कृत किया गया. इस अविस्मरणीय आयोजन में कविता झा, अपर्णा झा, चंदा चौधरी, रेणुका झा, पद्मा चौधरी, उपासना झा सहित दर्जनों मैथिलानियां उपस्थित रहीं. सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को श्रृंगार की सामग्री भेंट कर सुहाग के दीर्घायु होने की कामना की.

### शुभम और राहुल ने की महामंत्री से मुलाकात

**कसमार (शुभम संदेश)।** जरीडीह प्रखंड भाजपा कमेटी से जुड़े सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता शुभम बनर्जी (पाथुरिया निवासी) और राहुल सिंह ने गुरुवार को रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने पार्टी के सांगठनिक ढाँचे की मजबूती पर चर्चा की. दोनों नेताओं ने बताया कि पार्टी को सांगठनिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सबसे पहले बूथ स्तर पर मजबूती के साथ मेहनत करने की जरूरत है. इससे मतदाताओं के साथ पार्टी का विश्वास ज़्यादा मजबूत होता है और लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, किसी भी चुनाव में भाजपा की दमदार उपस्थिति नजर आती है. इस दौरान शुभम बनर्जी ने जरीडीह प्रखंड के गायछंदा और आसपास की पंचायतों में भाजपा की ओर से चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए इसे और ज़्यादा गति देने की बात कही.

### विधायक की पहल से चालू हुआ फुडनीडीह फीडर

**बोकारो (शुभम संदेश)।** 23 जुलाई को फुडनीडीह पी.एस.एस. (पावर सब-स्टेशन) से संचालित सभी फीडर लगभग 15 घंटे तक बिजली के ठनका गिरने के कारण प्रभावित रहे. क्षेत्र की जनता से जानकारी मिलते ही बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया और रात में ही विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर जल्द से जल्द आवश्यक मरम्मत कार्य प्रारंभ करवाया. विधायक ने कहा कि उनका संकल्प है कि पूरे बोकारो विधानसभा क्षेत्र में भविष्य में कोई भी विद्युत अव्यवस्था की स्थिति न पनपे और इसका तय समय सीमा पर लोकहित में निस्तारण किया जा सके. इसी संदर्भ में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी पी.एस.एस. हैं, सभी को डबल लाइन किया जाए, जिससे विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी.

### डीवाई पाटिल स्कूल में संगीत प्रतियोगिता

**बोकारो (शुभम संदेश)।** नृत्य और संगीत भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की आत्मा हैं, प्रकृति के हर कण में संगीत रचा-बसा है. इस सांस्कृतिक परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए बोकारो के डी वाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में एक अंतर्सदनीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस सभा का आरंभ माता सरस्वती की वंदना के साथ हुआ. विद्यालय की प्राचार्या शीला लाल, उप प्राचार्य मनोज कुमार और सी.के. सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई. इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों रूबी, एमेरल्ड, टोपाज और सफायर के विद्यार्थियों ने सुंदर देशभक्ति गीतों का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया. इस संगीतमय प्रतियोगिता में विद्यालय की संगीत शिक्षिका लिपि बोस, आनंद और अर्जुन ने पार्श्व संगीत दिया. राष्ट्रभक्ति गीतों के संगीतमय वातावरण से पूरा विद्यालय गुंजायमान हो उठा. विद्यालय के अध्यक्ष पंकज सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया. प्राचार्या शीला लाल ने कहा कि संगीत हमारी सुदृढ़ और सुंदर परंपरा है, जिसकी विश्व पटल पर अपनी एक अनोखी पहचान है. छात्र-छात्राओं की भीतरी प्रतिभा को निखारने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं. उप प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और अन्य कर्मचारियों का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा.

### मानव विकास में भाषा की भूमिका पर सेमिनार

**शिकारीपाड़ा (शुभम संदेश)।** शिकारीपाड़ा महाविद्यालय के सभागार में 'मानव विकास में भाषा की भूमिका' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में ए.एन. कॉलेज, दुमका के हिंदी विभाग से अनहद लाल आर्य, एम.जी.एम., रानीश्वर के डॉ. हिमांशु कुमार सिंह, मुख्य अतिथि जय चौधरी और रूनु कर्मकार ने भाषा के उत्थान एवं मानव जीवन में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी. महाविद्यालय के कई व्याख्याताओं ने भी इस विषय पर सुंदर विश्लेषण प्रस्तुत किया. प्राचार्य सिकंदर प्रसाद सिंह ने कहा कि स्थानीय एवं सर्वव्यापी भाषा के पठन-पाठन से एक अच्छा स्थान प्राप्त किया जा सकता है. मंच का संचालन नीतू कुमारी सिंह एवं रंजू कुमारी द्वारा किया गया. वक्ताओं में व्याख्याता बद्री नारायण भगत, मनोज कुमार सिंह, शशि शेखर झा, आलोक कुमार, रेफाइल मरांडी, मुरारी सिंह, रोजलीन मुर्मू, आबिदा खानम, कुमारी सुजाता, मीरा कुमारी, अब्दुल कलाम आजाद, इकराम हुसैन और प्रभात कुमार सिंह ने भाग लिया.

# एसीबी की टीम ने पंचायत सचिव को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा



शुभम संदेश।साहेबगंज

बरहेट प्रखंड कार्यालय में एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) टीम ने छापेमारी की. इस दौरान टीम ने प्रखंड क्षेत्र के बरमसिया पंचायत अंतर्गत करमटॉक गांव के एक लाभुक से 3500 रुपये घूस लेते हुए पंचायत सचिव संतोष कुमार को रंगे हाथ पकड़ा और गिरफ्तार कर लिया. जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव संतोष कुमार ने यह पैसा आवास योजना के नाम पर मांगा था. ग्रामीणों ने इसकी सूचना एसीबी टीम को दी, जिसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और अंततः आरोपी को पकड़ने में सफल रही. इस छापामारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है. एसीबी की इस बड़ी कार्रवाई से रिश्वतखोर अधिकारियों सहित प्रखंड के अन्य कर्मियों में भी दहशत फैल गई है. पंचायत सचिव संतोष कुमार को एसीबी की टीम ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर अपने साथ दुमका ले गई. इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे ने बताया कि उन्हें एसीबी की छापामारी की जानकारी मिली है.

# इलेक्ट्रो स्टील प्लांट के कर्मियों को दी गई टीडीएस और टीसीएस की जानकारी



शुभम संदेश।बोकारो

बोकारो जिला आयकर विभाग के टीडीएस वार्ड ने सियालजोरी स्थित वेदांता इलेक्ट्रो स्टील प्लांट के सभागार में इनकम टैक्स के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया. सेमिनार में इलेक्ट्रो स्टील के वित्त विभाग के मुख्य वित्तीय अधिकारी आनंद दूबे, सीएचआरओ श्यामली मिंज, वित्तीय अधिकारी राजेश पांडेय और शशि भूषण मिश्रा समेत अन्य अधिकारी व सहकर्मी मौजूद थे. इस दौरान आयकर विभाग के अपर आयकर आयुक्त, रांची टीडीएस परिक्षेत्र 2 के आशीष कुमार डेहरिया ने उपस्थित समूह को वर्चुअली संबोधित किया. साथ ही, आयकर उपायुक्त सहजानंद, सहायक आयकर आयुक्त मोनिका पटेल, आयकर अधिकारी दीपक कुमार और आयकर निरीक्षक मनोज कुमार झा ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया. सभी वक्ताओं ने टीडीएस से संबंधित विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला.

**गलत जानकारी के परिणाम और दंडनीय अपराध**

इस दौरान आयकर विभाग ने इस तथ्य से भी अवगत कराया कि गलत या अधूरी जानकारी देने के कारण व्यक्ति या फर्म का काटा गया टीडीएस और भुगतान की गई राशि दोनों ही उनके फॉर्म 26एएस में परिलक्षित नहीं होती है. ऐसी स्थिति में उन्हें अपनी आयकर विवरणी दाखिल करते समय 26एएस से पूरी जानकारी नहीं मिल पाती है. परिणामस्वरूप, संबंधित व्यक्ति द्वारा अपनी आयकर विवरणी में गलत जानकारी दाखिल की जाती है. अतः टीडीएस स्टेटमेंट में सही जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है. इस सेमिनार में टीडीएस और टीसीएस के नवीनतम प्रावधानों के अतिरिक्त, कर कटौती नहीं करने अथवा काटे गए कर की राशि को सही समय पर जमा नहीं करने पर लगने वाले पेनाल्टी और अभियोजन के प्रावधानों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई.

**सही आयकर विवरणी दाखिल करने की अपील**

इस दौरान वेदांता इलेक्ट्रो स्टील प्लांट के अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया गया कि वे अपनी आयकर विवरणी को सही तरीके से भरें तथा गलत कटौती का दावा न करें. गलत जानकारी दाखिल करने से आयकर विभाग को राजस्व का नुकसान होता है.

# डीडीसी ने की जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा बैठक



शुभम संदेश।बोकारो

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई. इस बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक अनिल डुंगडुंग, सभी जिला प्रबंधक और सभी प्रखंडों से ब्लॉक परियोजना प्रबंधक आदिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

**योजनाओं की प्रगति और निर्देश**

बैठक में जेएसएलपीएस से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिन पर विस्तार से चर्चा और मूल्यांकन किया गया. डीडीसी ने प्रत्येक बिंदु पर परिणाम आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने और समुदाय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया.

**महिला स्वयं सहायता समूहों पर जोर**

बैठक में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के गठन की प्रगति की समीक्षा की गई. डीडीसी ने निर्देश दिया कि समूह गठन की प्रक्रिया में तेज़ी लाई जाए ताकि ज़्यादा से ज़्यादा महिलाएं आजीविका से जुड़ सकें. साथ ही, मुद्रा लोन की स्वीकृति और वितरण में पारदर्शिता और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया. बीसी सखी योजना, रिवॉल्विंग फंड (आरएफ) और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड (सीआईएफ) से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा हुई. इसके अलावा, व्यक्तिगत बीमा और क्लेम सेटलमेंट, डेथ सर्वे जैसे लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया गया.

**आत्मनिर्भरता और निगरानी**

डीडीसी ने फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत चयनित महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने को कहा. उन्होंने लखपति दीदी मॉडल की सफलता के लिए संगठित प्रयासों और सघन निगरानी की बात कही.

**प्रशिक्षण और ग्रामीण योजनाओं का क्रियान्वयन**

बैठक में डीडीयूजीकेवाई (दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना) और आरएसईटीआई (रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता और रोजगार से जुड़ाव की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया गया. इसके अतिरिक्त, फार्मर रजिस्ट्रेशन और दीदी बाड़ी योजना को भी ग्राम स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए. डीडीसी ने जोर देकर कहा कि जेएसएलपीएस की योजनाएं ग्रामीण महिलाओं और परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं. इसलिए, इन योजनाओं का सतत मूल्यांकन और क्रियान्वयन की नियमित निगरानी आवश्यक है.

## योजनाओं का भौतिक क्रियान्वयन कर राशि खर्च करें: डीडीसी

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई 2.0) और झारखंड जल छाजन योजना (जेजेवाई) के तहत चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की. बैठक में डीडीसी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और कार्यरत एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं के भौतिक क्रियान्वयन के माध्यम से राशि खर्च करने को प्राथमिकता देने को कहा.

**15 दिनों में निर्धारित राशि खर्च करने का लक्ष्य**

डीडीसी ने पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत नावाडीह प्रखंड में चल रही योजनाओं के लिए निर्धारित राशि को अगले 15 दिनों के भीतर भौतिक क्रियान्वयन कर खर्च करने का निर्देश दिया. उन्होंने कार्यरत एजेंसी, जिला मत्स्य पदाधिकारी पी. भार्गवी को सभी 63 योजनाओं की समयबद्ध जियो टैगिंग कराने और भू-स्तरीय प्रगति को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने को कहा. उन्होंने जिला मत्स्य पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर किसानों के बीच बीज वितरण का कार्य लक्ष्य के अनुसार पूरा करें. उन्होंने बीज वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसकी निगरानी करने को भी कहा.

**जल जीवन मिशन में वीडियो संवाद और निरीक्षण**

बैठक के दौरान, जेजेवाई (झारखंड जल छाजन योजना) के तहत चल रही योजनाओं में संबंधित कार्यरत एजेंसी समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट को एक सप्ताह में 03 करोड़ की योजना से संबंधित कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया. डीडीसी ने बैठक में स्पष्ट किया कि हर 15 दिनों में वीडियो संवाद के माध्यम से पीएमकेएसवाई 2.0 और जेजेवाई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और महीने में एक बार स्थलीय निरीक्षण कर भौतिक प्रगति का जायजा लिया जाएगा. बैठक में दोनों योजनाओं की कार्यरत एजेंसी के समन्वय के लिए जिला मत्स्य पदाधिकारी, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### पुलिसकर्मियों के बीच रेनकोट का वितरण

**धनबाद।** रोटरी धनबाद सेंट्रल और धनबाद राउंड टेबल के तत्वाधान में पुलिस केंद्र में रेनकोट का वितरण किया गया. जहां मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे.जानकारी के अनुसार 200 पुलिस कर्मियों को रेनकोट दिया गया.ताकि पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान भीगने से बचाया जा सके.

### धनबाद मंडल में सघन टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में गुरुवार को धनबाद मंडल में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान 958 यात्रियों को पकड़ा गया. जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे. इस दौरान उनसे 06,37,855 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़े गए, यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई.

### करंट की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलाकुसमा के पिपराबेड़ा में गुरुवार की सुबह बिजली तार जोड़ने के क्रम में मोतीलाल मरांडी नामक बिजली मिस्त्री करंट की चपेट में आ गया. इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से व्यक्ति को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच लाया गया. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बताया जाता है कि पिपराबेड़ा में मोतीलाल मरांडी घर में लाइन जोड़ने का कार्य कर रहा था. इसी दौरान तार में करंट आ गया. जिसकी चपेट में वो आ गया. इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मोतीलाल पेशे से प्राइवेट बिजली मिस्त्री था. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

# मिशन वात्सल योजना के तहत 76 आवेदनों का अनुमोदन

**शुभम संदेश। धनबाद**

उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में मिशन वात्सल योजना के अंतर्गत प्रायोजन एवं पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक समाहरणालय में की गई. उपायुक्त ने कहा कि प्रयोजन योजना का लक्ष्य प्रयोजन सहायता से बच्चों को उनके जैविक परिवार से अलग होने से रोकना है, इसका उद्देश्य ऐसे बच्चों को प्रायोजन के माध्यम से उनके जैविक परिवार में भेज कर पुनर्वासित करने में सहायता करना है. इस योजना के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जिनके परिवार की कुल वार्षिक आय 72000 से ज्यादा नहीं हो, को लाभ दिया जाता है. इस योजना के तहत प्रत्येक माह 4000 की राशि अधिकतम 3 वर्ष तक देने का प्रावधान है. जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को समिति द्वारा जांच की गई, सर्वसम्मति से 76 आवेदनों को इस योजना के तहत लाभ प्रदान करने के लिए अनुमोदन दिया गया. इस बैठक में सहायक निदेशक-सामाजिक सुरक्षा, सदस्य, बाल कल्याण समिति, संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखभाल ,परियोजना प्रबंधक, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्था, प्रभारी मिशनरीज ऑफ चैरिटी धनबाद आदि उपस्थित थे.

#### इनके लिए है योजना



- ♦ एकल माता-पिता खासकर माता या विधवा के बच्चे.
- ♦ ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है तथा रिश्तेदार की देखरेख में रहते हैं.
- ♦ ऐसा बच्चा जो संपूर्ण परिवार की देखरेख कर रहा है.
- ♦ माता-पिता द्वारा परित्यक्त ऐसे बच्चे, दादी-दादी या रिश्तेदार की देखरेख में रह रहे हैं.
- ♦ ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता कारागृह में हैं.
- ♦ ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता असहाय है या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं.
- ♦ ऐसे बच्चे जिनका गैरकानूनी उद्देश्य के लिए उपयोग किया गया है या किया जा रहा है.
- ♦ एचआईवी/एड्स प्रभावित बच्चे.

## जानबूझकर पशुओं को सड़क पर छोड़ने वालों पर लगेगा आर्थिक दंड

- उपायुक्त ने गौशाला समिति के साथ की बैठक

**धनबाद।** आवारा पशुओं के सड़कों पर विचरण की समस्या के निवारण के लिए उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता गौशाला समिति के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया. इस दौरान नगर आयुक्त ने शहर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आवारा पशुओं के विचरण से संबंधित जानकारी उपायुक्त को दी. इसके अलावा विभिन्न गौशाला से आए संचालकों ने भी अपने मंतव्य एवं समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी. उपायुक्त ने कहा कि पशुओं के सड़कों में विचरण के कारण सड़क जाम के साथ-साथ प्रतिवर्ष कई सड़क दुर्घटनाएं होती हैं. मानव जीवन के साथ-साथ पशुधन की भी हानि होती है. उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं को नजदीकी गौशालाओं में भेजने की कार्यवाही की जाएगी. साथ ही ऐसे लोग का जो जानबूझकर पशुओं को छोड़ते हैं, उन्हें आर्थिक दंड भी दिया जाएगा. इसके अलावा आवारा पशुओं को गौशाला में रखने को शेड निर्माण से संबंधित दिशा निर्देश नगर आयुक्त को दिए. मौके पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार के अलावा विभिन्न गौशाला के प्रतिनिधि मौजूद रहे.

## महानगर भाजपा की सदस्यता अभियान पर बनी रणनीति



**शुभम संदेश। धनबाद**

भारतीय जनता पार्टी, धनबाद महानगर कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने हीरापुर में की. बैठक का संचालन जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने किया. बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को महानगर के सभी सत्रह मंडलों के बूथों और शक्ति केंद्रों पर व्यापक रूप से सुने जाने हेतु रणनीति बनाई गई. साथ ही, महानगर में सक्रिय सदस्यता बढ़ाने पर विचार-विमर्श हुआ. महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ऐसे नेता हैं, जो मन की बात के माध्यम से जनता से सीधे जुड़ते हैं और उनके सुझावों पर सकारात्मक कार्य करते हैं. झारखंड में धनबाद महानगर के सदस्यता अभियान में अव्वल प्रदर्शन की सराहना की और सक्रिय सदस्यों की संख्या बढ़ाने का आह्वान किया. जिला उपाध्यक्ष सह ₹मन की बात₹ प्रभारी बीरेंद्र हांसदा ने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम सुनने के बाद उसे नमो ऐप और सरल ऐप पर अपलोड करने का निर्देश दिया. बैठक में जिला उपाध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी, महेश पासवान, अजय निषाद, जिला मंत्री पंकज सिन्हा, अभिमन्यु कुमार, रीता यादव, नरेंद्र त्रिवेदी, सोशल मीडिया प्रभारी शिवांश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, मनोज सिंह, सूरजदेव मिश्रा, अजय कुमार दास, सूरज कुमार पासवान, तरुण राय, आनंद पांडेय, कार्तिक महतो, दीपक कुमार झा, राजू मालाकार सहित अन्य पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे.

## 17 बोतल शराब के साथ दो गिरफ्तार



**शुभम संदेश। धनबाद**

वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित पोस्ट एवं सीआईबी की संयुक्त टास्क फोर्स ने बुधवार की रात्रि में धनबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 के हावड़ा छोर पर स्थित एक्सीलेटर के पास दो व्यक्तियों को 17 बोतलों में कुल 12.75 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया. दोनों ने स्वीकार किया कि वे पश्चिम बंगाल से कम कीमत पर शराब खरीदकर बिहार में उच्च कीमत पर बेचते हैं. जब्त शराब और गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, धनबाद को सौंप दिया गया. जब्त सामग्री में भूरे रंग के रेग्जीन बैग में 06 इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की की बोतलें, प्रत्येक 750 मिलीलीटर, अंकित मूल्य 650 रुपये; काले रंग के बैग में 04 इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की की बोतलें, प्रत्येक 750 मिलीलीटर, अंकित मूल्य 650 रुपये; तथा नीले रंग के पिट्ठू बैग में 08 रॉयल स्टैग व्हिस्की की बोतलें, प्रत्येक 750 मिलीलीटर, अंकित मूल्य 780 रुपये शामिल हैं. कुल 12.75 लीटर शराब का मूल्य 11,960 रुपये है. सभी बोतलों पर फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल ऑन्ली लिखा पाया गया. गिरफ्तार व्यक्तियों में लखीसराय का सुमित कुमार और खगड़िया का सुदामा शर्मा शामिल हैं.

## यूजर चार्ज नहीं देने पर कचरे का उठाव होगा बंद

**धनबाद (शुभम संदेश)।** धनबाद नगर निगम द्वारा गुरुवार को आयोजित समीक्षात्मक बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के तहत डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण के लिए यूजर चार्ज संग्रहण और केबल ऑपरेटरों द्वारा अव्यवस्थित तारों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं. जिन प्रतिष्ठानों, अपार्टमेंटों या धृतधारियों ने यूजर चार्ज का भुगतान नहीं किया है, उनकी डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण सेवा तत्काल प्रभाव से बंद की जाएगी. यदि सार्वजनिक स्थानों या सड़कों पर अव्यवस्थित अपशिष्ट पाया जाता है, तो आसपास के प्रतिष्ठान/अपार्टमेंट/धृतिधारी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा. उनके खिलाफ दंडात्मक राशि लगाई जाएगी और नियमावली के तहत कानूनी कार्रवाई होगी. सभी केबल ऑपरेटरों को 2 दिनों के भीतर अव्यवस्थित तारों को समेटने, हटाने या सुरक्षित रूप से व्यवस्थित करने का आदेश दिया गया है, क्योंकि ये तार शहर की स्वच्छता, सौंदर्य और नागरिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं.

## वासेपुर के युवा किसी आर्दश को बनाएं रोल मॉडल : एसएसपी

### अहसान आलम मेमोरियल इंटर कॉलेज में साइबर सुरक्षा और यातायात जागरुकता कार्यक्रम

- टॉपरों को कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

**शुभम संदेश। धनबाद**

झारखंड लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में अहसान आलम इंटर कॉलेज, वासेपुर में शिक्षा, अपराध, साइबर सुरक्षा और ट्रैफिक जागरुकता को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जहां 12 वीं और 10 वीं के दर्जनों टॉपर छात्र छात्राओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मौजूद एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य समाज को सुरक्षित और सशक्त बनाना है. उन्होंने स्मार्टफोन के दुरुपयोग, साइबर ठगी के फर्जी कॉल और स्कैम को लेकर भी जागरुक किया. उन्होंने युवाओं से कहा कि आपका रोल मॉडल कोई अपराधी फहीम खान या और प्रिंस खान नहीं हो सकता है. आप एक ऐसे आदर्श व्यक्तित्व को अपना रॉल मॉडल बनाएं, जिसे बताने में आपको शान महसूस हो. हमारी इच्छा है वासेपुर पर एक और फिल्म बने लेकिन उसका किरदार की पृष्ठभूमि यहां के पढ़े लिखे लोग हों, डॉक्टर, इंजीनियर,शिक्षक और आईएएस और आईपीएस सरीखे लोग हों, जो इस सकारात्मक बदलाव की कहानी को बयान करे. ये काम वासेपुर की युवा पीढ़ी के कंधे पर है. वहीं शहर में आवारा गर्दी करने वाले युवाओं को भी चेताया और कहा कि लहरियां कट बाइक चलाने वाले,बाल बढ़ाकर चलने वाले शोहदों से ट्रैफिक पुलिस जल्द ही निबटने की बात कही. ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि देशभर में हर साल 1,56,000 लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं, जिसमें धनबाद की हिस्सेदारी 326 मौतों की है. उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करें और अपने परिवार व मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें. डीएसपी नौशाद आलम ने साइबर क्राइम पर बोलते हुए कहा अपराध अब सिर्फ हथियारों से नहीं बल्कि मोबाइल और सोशल मीडिया से भी हो रहा है. इसलिए सोच-समझकर ऑनलाइन गतिविधियों में हिस्सा लें. निजी जानकारी को शेयर करना आपको साइबर अपराधियों के जाल में फंसा सकता है. कार्यक्रम में धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, भूली ओपी प्रभारी समेत कई अधिकारी , समाजसेवी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए.

# आसनसोल

## बीएमएस ने लगाया मेगा रक्तदान शिविर



**शुभम संदेश। बर्नपुर**

भारतीय मजदूर संघ की 70वीं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बर्नपुर इस्पात कर्मचारी संघ (बीआईकेएस) एवं बर्नपुर ठेकेदार मजदूर संघ द्वारा विश्वकर्मा भवन, बर्नपुर कार्यालय में एक दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एक मेगा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें संगठन के 71 सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की. इस रक्तदान शिविर के माध्यम से बर्नपुर हॉस्पिटल के ब्लड बैंक को 30 यूनिट एवं आसनसोल जिला अस्पताल के रक्त बैंक को 41 यूनिट रक्त प्रदान किया गया. रक्तदाताओं का उत्साहवर्द्धन करने के लिए सेल-आईएसपी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें ईडी (वर्क्स) दीपतेंदु घोष, सीजीएम इंचार्ज (एचआर) यूपी सिंह, सीएमओ इंचार्ज (एमएंडएचएस) डॉ सुशांत सिन्हा, सीजीएम (टाउन सर्विसेज एंड सीएसआर) विजेंद्र वीर, सीजीएम (मैकेनिकल) विनीत रावल शामिल थे. इन सभी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उनके इस सामाजिक योगदान के लिए सराहना की. कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों की संख्या में यूनियन के सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद थे. वहीं इस अवसर पर यूनियन के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों में संजीत बनर्जी, अजय सिंह, संजीत प्रसाद, महेश बनर्जी, सचिन कुमार, अमित सिंह, विजय कुमार, दीपक सिंह, अशोक सिंह, प्रभात कुमार, संतोष झा, राजीव कुमार आदि उपस्थित थे.

## आपदा प्रतिक्रिया बल ने सिखाया बचाव का तरीका

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** अगर अचानक भूकंप आ जाए या घर में आग लग जाए, तो क्या करेंगे? रघुनाथपुर कस्बे में गुरुवार को आपदा मोचन बल ने इसी विषय पर एक अभ्यास प्रदर्शन कर आम लोगों को जागरूक किया. यह कार्यक्रम रघुनाथपुर महकमा प्रशासनिक कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें बल के सदस्यों ने आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तरीके दिखाए. इस अभ्यास में भूकंप, आगजनी और बाढ़ जैसी आपदाओं से बचाव के लिए उपयोग में लाए जाने वाले उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया. लोगों को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई और मौके पर चिकित्सा व्यवस्था भी की गई थी. कार्यक्रम में रघुनाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी विवेक पंकज और एसडीपीओ रोहेद शेख ने भाग लेकर अभ्यास का अवलोकन किया. आपदा मोचन दल ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने जल-आपदाओं में डूबे कई शवों की बरामदगी में सफलता पाई है. यह प्रदर्शनी न सिर्फ ज्ञानवर्धक थी, बल्कि क्षेत्र के लोगों को आपदा के समय सतर्क और तैयार रहने की प्रेरणा भी दी.

### सिलिकोसिस के साये में मजदूर की जिंदगी

## पीड़ित परिवार ने मांगा मुआवजा

**शुभम संदेश। सालानपुर**

सालानपुर के पाताल फुलबेरिया के धूल भरे मधाई चौक स्थित डीएमसी स्टोन-डस्ट फैक्ट्री के गेट पर एक हृदयविदारक दृश्य देखने को मिला. सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित 51 वर्षीय सोरेन बाउरी के परिवारवाले आंसू और बेबसी के साथ कारखाना प्रबंधन के पास मुआवजे के लिये पंहुचे थे. करीब 10 वर्षों तक इस फैक्ट्री में खून-पसीना बहाकर मालिकों के लिए मुनाफे का पहाड़ खड़ा करने वाले पीड़ित सोरेन आज सिलिकोसिस नामक जानलेवा बीमारी की चपेट में हैं. उनके फेफड़े खराब हो चुके हैं, जीवन की रोशनी बस बुझने का इन्तेजार कर रही है और परिवार के सपने राख में तब्दील हो रहे हैं. परिवार का आरोप है कि कारखाना का धूल भरा माहौल, सुरक्षा का अभाव और मालिकों की बेरुखी सोरेन की इस हालत के लिए जिम्मेदार हैं. लेकिन जब सोरेन का परिवार इस अन्याय के ख़िलाफ़ न्याय की माँग को लेकर सड़कों पर उतरा, तो कारखाना के मालिक के बेशर्म अहंकार और धमकियों ने उन्हें और भी लाचार बना दिया. सोरेन के परिवार और स्थानीय लोगों ने मुआवज़े और स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए कारखाना गेट पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. उन्होंने पहले 25 लाख रुपयों के मुआवज़े की माँग की, लेकिन कारखाना अधिकारियों का रवैया अमानवीय था. स्थानीय ज़मीनी नेताओं की लंबी बातचीत और मध्यस्थता के बाद, वे सिर्फ़ 4 लाख रूपयों में समझौता करने पर राज़ी हुए. उनके परिवार की लाचारी के आगे यह रक़म एक क्रूर तमाशा लगती है. इस समझौते के पीछे की कहानी और भी भयावह है. कारखाना मालिक ने परिवार को सीधी धमकी दी है अगर मामला मीडिया में आई, तो एक रुपये भी मुआवज़ा नहीं दिया जाएगा. मज़दूरों की ज़िंदगी से खेलकर बेशुमार मुनाफ़ा कमाने वाले अब मीडिया को डरा-धमकाकर अपने कुकर्मों पर पर्दा डालना चाहते हैं. यह धमकी सिर्फ़ सोरेन के परिवार पर ही नहीं, बल्कि पूरे मज़दूर वर्ग पर एक हमला है.

> कारखाना मालिक का कहना है कि यदि घटना अखबार में छपी तो मुआवजा नहीं दिया जाएगा

## न्यूज अपडेट

### बालू लदा तीन ट्रक पकड़ाया, 1-1 लाख का जुर्माना



**बाराबनी (शुभम संदेश)।** बाराबनी थाना की पुलिस ने बीते सोमवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर अजय नदी के रास्ते पनुरिया ग्रामपंचायत के हुसैनपुर से तीन अवैध बालू लदे ट्रक को को पकड़ कर बाराबनी बीएलआरओ के हवाले कर दिया. इस दौरान पुलिस ने पनुरिया ग्रामपंचायत के हुसैनपुर इलाके में एक खाली स्थान में भारी मात्रा में बालू के स्टॉक भी बरामद किया है. बाराबनी बीएलआरओ अधिकारी गोलक साहा ने बताया कि पुलिस द्वारा पकड़ कर दिये गये ट्रक में 800 सीएफटी बालू बिना किसी कागजात के थे. प्रति ट्रक 1 लाख रुपयों का जुर्माना लगाया गया है. बालू के स्टॉक के बिषय में जानकारी जुटाया जा रहा है जिसके बाद उक्त जमीन मालिक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी. उक्त स्थान पर करीब 2 हजार सीएफटी बालू स्टॉक की जानकारी मिली है.

### आर्ट ऑफ लिविंग ने थानों में बांटे औषधीय पौधे



**रानीगंज (शुभम संदेश)।** आर्ट ऑफ लिविंग रानीगंज द्वारा स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न पुलिस थानों में औषधीय गुणों से भरपूर लक्ष्मी तरु के पौधे वितरित किए गए. पंजाबी मोड़ पुलिस फाड़ी और मेजिया थाना में लक्ष्मी तरु के पौधे प्रदान किए गए. संस्था के अध्यक्ष विकास खेतान और आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक रामप्रसाद भट्टाचार्य ने पौधों के औषधीय गुणों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि लक्ष्मी तरु उत्तरी अमेरिका का मूल निवासी पौधा है, जिसके बीजों से खाद्य तेल प्राप्त किया जाता है. इसके पत्ते और अन्य हिस्से भी औषधीय दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी हैं. विशेष रूप से यह पौधा कैंसर की दूसरी अवस्था तक के इलाज में उपयोगी माना जाता है. साथ ही यह पौधा आंखों की समस्याएं, एनीमिया, फोड़े-फुंसी, रक्तस्राव, गैस, एसिडिटी, डायरिया, मलेरिया, चिकनगुनिया, हेपेटाइटिस, और मासिक धर्म संबंधी विकारों में भी लाभदायक होता है. इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि सरदार दलजीत सिंह वाधवा ने बताया कि यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत चल रही है, जिसके तहत देशभर में औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है. संगठन लोगों को लक्ष्मी तरु के लाभों के बारे में जागरूक कर रहा है और उन्हें इस पौधे को लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है. संस्था की ओर से एमके मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों को सम्मानित भी किया.

### धारदार हथियार से महिला की हत्या

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** बंदोयान के जंगल में उतरा महतो नामक एक 55 वर्षीया महिला पर धारदार हथियार से हमला किया गया. जिससे उसकी मौत हो गई. इस घटना से उक्त इलाके में हड़कंप मच गया है. महिला पुरुलिया के बंदोयान के सुपुड़ी इलाके की निवासी थी. जानकारी के अनुसार उस दिन नहाने के लिए घर से बाहर गई थी. जंगल के रास्ते में उस पर धारदार हथियार से हमला किया गया. उसके शरीर के कई हिस्सों पर वार किए गए. उसकी मौके पर ही मौत हो गई. यह पता नहीं चल पाया है कि हमला किसने किया. बंदोयान थाना पुलिस ने शव बरामद कर लिया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है. पर समाचार लिखे जाने तक खुलासा नहीं हो पाया था.

## हावड़ा स्टेशन पर टिकट चेकिंग में पकड़े गए 718 यात्री

### 2.65 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला



**शुभम संदेश। कोलकाता**

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा गुरुवार को हावड़ा स्टेशन पर मेजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. यह अभियान रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में, सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग), हावड़ा के समन्वय में आयोजित किया गया था. टिकट जांच के लिए गठित संयुक्त टीम में 20 ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर, 22 टिकट एग्जामिनर, 5 मुख्य टिकट निरीक्षक, 10 रेलवे सुरक्षा बल कर्मी एवं 1 सरकारी रेलवे पुलिस कर्मी शामिल थे. जांच गतिविधियां स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्मों एवं प्रमुख यात्री आवागमन क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से संचालित की गईं. अभियान के दौरान कुल 718 मामलों में टिकटिंग अनियमितताएं पाई गईं, जिनमें 559 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए. अभियान के अंतर्गत कुल 2,65,860/- की राशि जुर्माने और शुल्क के रूप में वसूली गई.

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** एक नाबालिग के साथ बलात्कार के आरोप में पुरुलिया जिला न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष कारावास और 10, 000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है. जानकारी के अनुसार 14 अगस्त 2019 को पुरुलिया शहर की एक महिला ने टाउन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि 13 अगस्त 2019 को अपराह्व 3:30 बजे, घर लौटते समय, उसने अपनी नाबालिग बेटी (उम्र 4) को आरोपी के घर से बाहर आते देखा, जिसके शरीर के निचले हिस्से पर खून लगा हुआ था. इसके बाद महिला अपनी नाबालिग बेटी को पुरुलिया देवेन महतो सदर अस्पताल ले गई और उसे वहां भर्ती कराया. वहां उसे अपनी नाबालिग बेटी से पता चला कि आरोपी ने उसकी बेटी के साथ यौन उत्पीड़न किया था, जिसके परिणामस्वरूप वह घायल हो गई.

### डीआरएम ने सुविधाओं और नई ट्रेन के लिए यात्री संघों के साथ की बैठक

## सियालदाह मंडल में यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए 82.11 करोड़ स्वीकृत

**शुभम संदेश। कोलकाता**



पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने गुरुवार को एक अहम बैठक में 15 यात्री संघों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की. बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना ने की. इसमें यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर करने, नई ट्रेनों की मांग और स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव जैसे विषयों पर चर्चा हुई. बैठक के दौरान यात्री संघों ने अपनी समस्याएं और सुझाव सामने रखे. उन्होंने कहा कि कई स्टेशनों पर अब भी जरूरी सुविधाओं की कमी है, जिसे जल्द दुरुस्त किया जाए. साथ ही, यात्रियों ने कुछ प्रमुख रूटों पर नई ट्रेनें शुरू करने और मौजूदा ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने की मांग की. जवाब में डीआरएम राजीव सक्सेना ने भरोसा दिलाया कि यात्रियों की सभी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि सियालदह मंडल पहले से ही यात्री सुविधाएं बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है. सक्सेना ने बताया कि वर्ष 2023-24 में मंडल को 75.75 करोड़, जबकि 2024-25 में अब तक 82.11 करोड़ की राशि यात्री सुविधाओं के लिए स्वीकृत की गई है. यह दिखाता है कि रेलवे यात्रियों की जरूरतों को लेकर गंभीर है और सेवाएं लगातार बेहतर की जा रही हैं. बैठक में आपसी सहयोग और संवाद के जरिए सुविधाओं को और उन्नत करने की दिशा में प्रतिबद्धता दिखाई गई.



# आपके लिए हानिकारक होते हैं केमिकल में पकाए हुए फल

दूध और हरी सब्जियों के अलावा फल भी हमारी सेहत के लिए अच्छे माने जाते हैं। सेब, अनार, केला, संतरा और पपीता ऐसे फल हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अगर आप सप्ताह में दो दिन किसी भी फल का सेवन करते हैं, तो आप बीमारियों से बचे रहने के साथ आपकी इम्युनिटी भी बढ़ती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि नेचुरल तरीके से पके फल ही आपकी सेहत के लिए अच्छे होते हैं। केमिकल में पकाए हुए फल आपके लिए बहुत हानिकारक होते हैं। ऐसे में आपको पहचान होनी चाहिए कि जो फल आप खा रहे हैं, कहीं वे किसी केमिकल में तो नहीं पकाए गए हैं।

- केमिकल्स से पके फलों को पहचानने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आपको उस फल पर हरे पैचेज देखने को मिलेंगे। जिस हिस्से पर केमिकल लगा होगा, वे पीला रहेगा बाकी बीच-बीच में हरा दिखाई देगा, जबकि प्राकृतिक रूप से पके हुए फल में हरे-पीले रंग के कोई पैचेज नहीं दिखाई देंगे।
- केमिकल से पकाए हुए आम को काटने पर वे अंदर से कहीं पर पीला तो कहीं पर सफेद रंग का नजर आएगा। जबकि पेड़ पर प्राकृतिक रूप से पका हुआ फल पूरी तरह पीला नजर आता है।
- केमिकल से पके हुए फल का छिलका ज्यादा पका हुआ होगा लेकिन अंदर से इसमें कच्चापन हो सकता है।
- केमिकलयुक्त फल खाने पर मुंह का स्वाद कसैला हो जाता है और मुंह में हल्की जलन भी होने लगती है। इसके अलावा कई बार ऐसे फल खाने के कुछ देर बाद पेट दर्द या उल्टी की समस्या या डायरिया की शिकायत भी हो सकती है।

## रखें सावधानियां

- आपको बाजार से लाकर फल को और भी अच्छी तरह धो लेना चाहिए। फल खरीदकर लाने के तुरंत बाद उसे पानी से अच्छी तरह धो लें।
- खाने से पहले आम को गुनगुने पानी में कम से कम 5 मिनट के लिए भिगोकर जरूर रखें। उसके बाद उन्हें दोबारा दूसरे पानी से धोकर ही खाएं।



# ड्योडरेंट, परफ्यूम, जैसे केमिकल व गैस वाली चीजों को सूंघने से पड़ सकता है कार्डियक अरेस्ट

शरीर की पांच इंद्रियों में से एक सूंघने की शक्ति है। कुछ चीजों की गंध नाक और दिमाग को बहुत पसंद आती है। फूल, गीली मिट्टी से शुरू होकर यह ड्योडरेंट, परफ्यूम, पेंट, नेल पेंट रिमूवर, पेट्रोल, मिट्टी का तेल तक जा सकती है। मगर क्या आप जानते हैं कि ड्योडरेंट, परफ्यूम, जैसे केमिकल व गैस वाली चीजों को सूंघने से कार्डियक अरेस्ट पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक डॉनकेस्टर में रहने वाले 12 साल के लड़के को कथित तौर पर पसीना रोकने वाला ड्योडरेंट सूंघना भारी पड़ गया। वह सोशल मीडिया पर चल रहा ट्रेंड फॉलो कर रहा था, जिसमें ड्योडरेंट की कैन से पदार्थ सीधा सूंघना था। इंटरनेट पर चल रहे इस ट्रेंड को काफी फन्नी नाम दिया गया है। इस ट्रेंडल को क्रोमिंग कहते हैं। इसमें ड्योडरेंट, हेयरस्प्रे, नेल पेंट रिमूवर, पेट्रोल आदि को सूंघना होता है। इस इंटरनेट स्लैंग का जन्म ऑस्ट्रेलिया में माना जाता है। जिसका शरीर पर खतरनाक असर हो सकता है और जान जा सकती है।

## लड़के को आया कार्डियक अरेस्ट

रिपोर्ट में पीड़ित की मां ने बताया कि पदार्थ सूंघने के बाद उसे जमीन पर दौरे आ रहे थे। उसे तुरंत सीपीआर दिया गया और एंबुलेंस को बुलाया गया। अस्पताल में पहुंचकर और दौरे पड़े और कोमा की स्थिति में पहुंच गया।

## क्रोमिंग कैसे करते हैं?


द रॉयल चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल मेलबर्न के मुताबिक क्रोमिंग का असली मतलब क्रोम-बेस्ड पेंट को सूंघना था। मगर समय के साथ यह बदल गया है और इसमें नशा करने के लिए खतरनाक चीजों का इस्तेमाल करना भी जुड़ गया है। इसमें लोग कपड़े पर पदार्थ डालकर या सीधा कंटेनर से उसे भारी मात्रा में सूंघते हैं।

## इन चीजों से होती है क्रोमिंग

- पेट्रोल या मिट्टी का तेल या उससे बनी चीजें
- पेंट थिनर, स्प्रे पेंट, परमानेंट मार्कर
- नेल पोलिश रिमूवर
- हेयरस्प्रे, ड्योडरेंट, लाइटर फ्लूइड, आदि
- क्रोमिंग का खतरनाक असर
- क्रोमिंग का खतरनाक असर
- सिरदर्द, चक्कर आना
- धड़कन तेज होना, टैकिकाडसिदमिया
- दौरे पड़ना
- डिस्पोनिया
- डिमेंशिया, एटेक्सिया
- कार्डियक अरेस्ट, आदि

## कैसे पड़ता है कार्डियक अरेस्ट का अटैक

कार्डियक अरेस्ट दिल से जुड़ा अटैक है। इसमें दिल अचानक से धड़कना बंद कर देता है। इसकी वजह से दिमाग को ताजा और ऑक्सीजन से भरपूर खून नहीं मिला पाता और बेहोशी या मौत हो सकती है। इस स्थिति में मरीज को तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए।



# खानपान के माध्यम से आसानी से बढ़ाएं प्लेटलेट्स

**एक स्वस्थ शरीर की निशानी है शरीर में प्लेटलेट्स की सही मात्रा होना एवं उनका सही तरीके से काम करना। लेकिन प्लेटलेट्स की कमी होने का नुकसान आपके शरीर एवं स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता है। अपने खानपान के माध्यम से आप आसानी से प्लेटलेट्स की संख्या में इजाफा कर सकते हैं।**

- प्रोटीन, विटामिन ए. सी. के. फोलेट, जिंक, फोलिक एसिड, सेलेनियम आदि पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना, प्लेटलेट्स में वृद्धि करने में कारगर उपाय साबित होगा।
- अपनी डाइट में दही, आंवला, लहसुन, ग्रीन टी के साथ ही नारियल पानी और अनार, पपीता, सेब, चुकंदर जैसे फलों को भी शामिल करें साथ ही पपीते के पत्ते का रस पीना भी एक लाभप्रद उपाय है।
- रोजाना एलोवेरा का सेवन भी इसके लिए फायदेमंद है। 20 से 25 ग्राम की मात्रा में प्रतिदिन एलोवेरा का गूदा खाएं या फिर इसका जूस बनाकर पिएं।
- व्हीटग्रास यानि ज्वारे का उपयोग भी प्लेटलेट्स को बढ़ाने में काफी मददगार है। रोजाना सुबह खाली पेट ज्वारे का रस निकालकर पीने से धीरे-धीरे प्लेटलेट्स की संख्या में इजाफा होगा।
- गिलोय का प्रयोग भी इसके लिए एक रामबाण उपाय है। गिलोय को तुलसी के साथ मिलाकर दोनों को अच्छी तरह उबालें और काढ़ा तैयार करें। इस काढ़े का रोजाना प्रयोग लाभदायक होगा।

आम तौर पर खून की कमी को एनीमिया के रूप में देखा जाता है। आयरन की कमी होना भी इसका एक प्रमुख कारण है। छोटे बच्चों, महिला खिलाड़ियों, सर्जरी या एक्सीडेंट के मरीजों में एनीमिया का खतरा अधिक होता है।

वहीं महिलाओं में माहवारी के दौरान होने वाले रक्तस्राव एवं गर्भावस्था के कारण यह समस्या हो सकती है।

## रक्ताल्पता से बचने के आसान टिप्स

- एनीमिया की समस्या से बचने के लिए, रेड मीट, सी-फूड और अंडा फायदेमन्द होता है। लेकिन अगर आप शाकाहारी हैं, तो सोयाबीन, मटर, सूखे मेवे और एप्रिकॉट आपके लिए बेहतर विकल्प है।
- ताजी हरी सब्जियों के साथ मक्का और अलग-अलग तरह की दालों को अपने भोजन में शामिल करें। इससे शरीर में आयरन की कमी नहीं होगी, जो एनीमिया का प्रमुख कारण है।
- नाश्ते और खाने में फलों को शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी, शरीर में आयरन को सोखने में एवं उसकी क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है।
- चाय या कॉफी को ज्यादा कड़क करके न पिएं, इससे शरीर को आयरन को सोखने में कठिनाई होती है।
- बगैर डॉक्टर की सलाह के, आयरन की गोलियों का सेवन बिल्कुल न करें। खून की जांच और डॉक्टर की सलाह लेने के बाद ही इनका सेवन करें, क्योंकि शरीर में आयरन की अधिकता आपके लिए मुसीबत बन सकता है।



# स्किन एलर्जी से परेशान लोग

## अपनाएं ये घरेलू उपाय

घरेलू उपचार हमेशा से ही भारतीय घरों का हिस्सा रहे हैं। यदि पेट में दर्द हो या फिर कहीं चोट-खरोंच लग गई हो, घर वाले डॉक्टर के जाने से पहले घरेलू नुस्खे आजमाने की नसीहत देंगे। इन घरेलू उपचारों में काफी दम होता है, इसलिए यह स्किन में होने वाली छोटी-मोटी एलर्जी को भी ठीक कर सकते हैं। स्किन एलर्जी आज-कल हर किसी के लिए समस्या बनी हुई है। कभी किसी खाने के चलते तो कभी किसी क्रीम या कॉस्मेटिक के चलते स्किन पर रैशेज, पिंपल और खुजली की समस्या होने लगती है, जो कई बार चेहरे और शरीर पर कई तरह के निशान भी छोड़ जाती है। स्किन एलर्जी फूड एलर्जी से काफी अलग होती है और काफी परेशान भी करती है। स्किन एलर्जी में कई बार शरीर में दाने, या फिर हल्के लाल धब्बे आने लगते हैं। स्किन एलर्जी खासकर तब होती है, जब कोई इरिटेंट या फिर एलर्जी आपकी त्वचा के संपर्क में आती है और आपका इम्यून सिस्टम उन्हें रोकने के लिए एंटीबॉडी रिलीज करती है। कई बार यह एलर्जी सामान्य तो कभी गंभीर हो सकती है। अगर आप भी त्वचा की एलर्जी के लक्षण खुद में नजर आ रहे हैं, तो तुरंत राहत पाने के लिए आप इन घरेलू उपायों को अपना सकते हैं-

### नारियल का तेल

नारियल का तेल स्किनकेयर के लिए सबसे बेहतरीन तेल है। इसमें मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं जो एलर्जी होने की स्थिति में यह त्वचा को सुरक्षित करता है। यही नहीं, नारियल का तेल एलर्जी के कारण होने वाली खुजली को भी कम करता है।

### कैसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में थोड़ा सा नारियल तेल लें और इसे 5 सेकंड के लिए थोड़ा गर्म करें। फिर इस गर्म तेल को उस जगह पर लगाएं, जहां आपको एलर्जी के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। याद रहे इसे एलर्जी वाले जगह पर लगाकर छोड़ दें, मालिश न करें। इसे एक घंटे के लिए छोड़ दें। आप नारियल तेल का इस्तेमाल 3-4 घंटों के बाद फिर कर सकते हैं। इससे स्किन एलर्जी से छुटकारा मिलेगा।

### एप्पल साइडर विनेगर

एप्पल साइडर विनेगर को सामान्य तौर पर लोग वजन कम करने और पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए करते हैं। लेकिन, यह सिर्फ वजन कम करने या डायजेशन को ठीक करने में ही नहीं, बल्कि शानदार स्किनकेयर एजेंट भी है। इसमें एसिटिक एसिड होता है जो त्वचा में होने वाली खुजली और एलर्जी के प्रभाव को कम करता है। हालांकि, सेंसेटिव स्किन पर इसके इस्तेमाल की सलाह नहीं दी जाती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

एक कप गर्म पानी में एक टेबलस्पून एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं। अब कॉटन की हेल्प से इस मिश्रण को इफेक्टिव एरिया में लगाएं। अब इसे सूखा होने के लिए छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। स्किन एलर्जी से छुटकारा पाने के लिए दिन में कम से कम दो बार ऐसा कर सकते हैं।



# आंखों में ताजगी भरकर शरीर को बनाएं एनर्जेटिक

**लंबे समय तक काम करने, मोबाइल पर व्यस्त रहने या टीवी देखने के कारण भी आंखों में थकान हो जाती है। इस कारण पूरे चेहरे का नूर गायब हो जाता है। साथ ही आप मानसिक रूप से भी थका हुआ अनुभव करने लगते हैं। यहां बताए गए तरीकों से आंखों में ताजगी भरकर आप पूरे शरीर को एनर्जेटिक बना सकते हैं.**

आपके शरीर पर थकान का सबसे पहला असर आपकी आंखों पर दिखता है। आंखें इतनी अधिक संवेदनशील होती हैं कि आप शारीरिक और मानसिक तौर पर कैसा अनुभव कर रहे हैं, इसकी साफ-साफ झलक आपकी आंखों में देखी जा सकती है। थकान होने पर आंखों के चारों तरफ काले घेरे अधिक डार्क हो जाते हैं और आंखों की चमक फीकी पड़ जाती है। यहां जानें इस स्थिति में किस तरह आंखों में तुरंत चमक बढ़ाई जा सकती है और थकान को दूर किया जा सकता है.

## आंखों की थकान दूर करने का सबसे आसान तरीका

- बोझिल आंखों में नई जान फूंककर फिर से चमक बढ़ानी है तो अपने दोनों हाथों की हथेलियों को आपस में रगड़ें।
- थेली रगड़ने की शुरुआत धीमी गति से करें और फिर धीरे-धीरे स्पीड बढ़ा दें। जब हथेलियां पूरी तरह गर्माहट देने लगें तो धीमी गति के साथ ही इन्हें रगड़ना बंद करें और अपनी आंखों पर 30 सेकंड्स के लिए रख लें।
- एक समय पर आप दो बार इस प्रक्रिया को दोहराएं आपको बहुत अधिक लाभ मिलेगा। क्योंकि हथेलियों को रगड़ने से एक्युप्रेशर पॉइंट्स पर दबाव पड़ता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है।
- हथेलियों की गर्माहट से आंखों का तनाव कम होता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ने से स्फूर्ति आती है।

## आंखों की थकान दूर करने का तरीका

### आंखों को ठंडे पानी से धोएं

- आंखों की थकान दूर करने का दूसरा आसान तरीका है कि आप अपनी आंखों को ठंडे पानी से धुलें। इसके लिए फ्रिज का पानी और सामान्य पानी को आधा-आधा मिला लें। अब इस पानी से आंखों पर छींटे दें। आपको तुरंत ताजगी का अनुभव होगा।

### ठंडे दूध का उपयोग

- फ्रिज में रखे हुए दूध को दो चम्मच निकाल लें। अब इस दूध में रूई को भिगोकर दोनों आंखों पर रख लें। करीब 3 से 4 मिनट के लिए रूई को आंखों पर रखने के बाद इसे हटा दें और आंखों को ताजे पानी से साफ कर लें। आप एक नई ऊर्जा का संचार अपने अंदर अनुभव करेंगे।

### बर्फ से सेक करें

- आंखों के नीचे की सूजन कम करने, डार्क सर्कल का असर हटाने और थकान मिटाने के लिए आप आइस क्यूब्स का उपयोग करें।
- फ्रिज से आइसक्यूब निकालें उसे हल्का-सा धूल लें। इसके बाद कॉटन के साफ रुमाल में लपेटकर आंखों की सिकाई करें। बस 2 से 3 मिनट की सिकाई काफी है और आपकी आंखों में ताजगी नजर आएगी।

मंथन

## स्वास्थ्य सेवाओं की नई दिशा की ओर सार्थक कदम

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से झारखंड के नगर विकास और उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार की भेंट के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर जो गंभीर विमर्श हुआ, वह राज्य के चिकित्सा ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक अहम पहल मानी जानी चाहिए. इस मुलाकात में विशेष रूप से छह जिलों-धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम-के जिला अस्पतालों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड के तहत मेडिकल कॉलेजों में अपग्रेड करने का जो प्रस्ताव रखा गया है, वह न केवल इन क्षेत्रों के लिए बल्कि पूरे राज्य के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है. झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लंबे समय से चिंता का विषय रही है. प्राथमिक और द्वितीयक सेवाओं तक सीमित व्यवस्था के कारण राज्य के नागरिकों को गंभीर बीमारियों में राज्य से बाहर जाना पड़ता है. ऐसे में तृतीयक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, विशेषकर मेडिकल कॉलेज स्तर की संस्थाओं के जरिए, राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती देगा. इस दिशा में पीपीपी मॉडल को अपनाना एक व्यावहारिक और समयोचित निर्णय है, क्योंकि यह न केवल संसाधनों की कमी को दूर करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र की दक्षता और अनुभव का लाभ भी सार्वजनिक हित में सुनिश्चित करेगा. केंद्रीय मंत्री की सहमति और सकारात्मक रुख इस बात का संकेत है कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई तक ले जाने को प्रतिबद्ध हैं. यदि इन प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से मूर्त रूप दिया गया, तो यह पहल झारखंड को स्वास्थ्य सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भर बना सकती है.

नजरिया

## रांची को मिली नए विकास की तीन अहम सौगातें सराहनीय

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से की गई मुलाकात और उससे रांची को मिली तीन परियोजनाओं की सौगात राज्य के बुनियादी ढांचे को एक नई दिशा देने वाली है. एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण, फ्लैश चार्जिंग बस की शुरुआत व आउटर रिंग रोड जैसी योजनाएं न केवल राजधानी रांची की यातायात व्यवस्था को सुलभ बनाएंगी, बल्कि शहर की पहचान को भी आधुनिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाएंगी. फ्लैश चार्जिंग बस की विशेषता यह है कि मात्र 15 सेकंड की चार्जिंग में यह 40 किलोमीटर तक चलेगी. नागपुर के बाद रांची देश का दूसरा शहर होगा, जहां ये तकनीक अपनाई जा रही. यह पर्यावरण अनुकूल व दिव्यांगजनोन्मुखी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है. इसके साथ ही एलिवेटेड कॉरिडोर को सोहराय पेंटिंग और जल-जंगल-ज़मीन जैसे प्रतीकों से सजाने की योजना न केवल सौंदर्यीकरण का कार्य करेगी, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाएगी. आउटर रिंग रोड की योजना, जिसकी डीपीआर 6500 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होगी, आने वाले वर्षों में रांची के शहरी विस्तार और यातायात दबाव को संतुलित करने में बड़ी भूमिका निभाएगी. इन पहलों से यह स्पष्ट होता है कि पीएम मोदी और गडकरी का झारखंड के प्रति विशेष स्नेह और प्रतिबद्धता है. यह रांची के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा.

# ब्रह्मपुत्र पर बांध से भारत-चीन के बीच बढ़ेगी दरार

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

**चीन की यह कुटिल चाल भारत पर कूटनीतिक दबाव की रणनीति है.**



**चीन पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की रणनीति के तहत भारत को चीन के साथ ब्रह्मपुत्र के जल प्रबंधन पर एक उसी प्रकार का स्थायी और कानूनी जल संधि पर जोर देना चाहिए, जैसा कि उसने बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ किया.**

भारत और बांग्लादेश के विरोध के बावजूद साम्राज्यवादी ड्रैगन (चीन) ने ब्रह्मपुत्र नदी पर विश्व का सबसे बड़ा बांध बनाने का काम शुरू कर दिया है. तिब्बत के मेडोग जिले में बांध निर्माण की चीन की यह कुटिल चाल भारत पर कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए सोची समझी रणनीति है. इसका प्रतिकूल प्रभाव भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ना तय है. चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने दावा किया है कि इसके निर्माण से हर साल 300 अरब किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा. लेकिन इस बांध निर्माण के पीछे चीन के क्या निहितार्थ हैं? इससे भारत का क्या नुकसान हो सकता है और चीन किस तरीके से इसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ हथियार की तरह कर सकता है? अगर इसके चलते भारत की समस्या बढ़ती है, तो इसका क्या समाधान हो सकता है? ऐसे तमाम पहलुओं और जटिल प्रश्नों का विश्लेषण चौंकाने वाला है. चीन के ब्रह्मपुत्र नदी में बांध बनाने के निर्णय से भारत और चीन के बीच लंबे समय से चले आ रहे भौगोलिक, रणनीतिक और जल संसाधनों को लेकर विवाद अब एक नई दिशा में बढ़ गया है.

यह भारत के लिए एक रणनीतिक, पर्यावरणीय और जल-सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय बन चुका है. जान लीजिए कि ब्रह्मपुत्र नदी एशिया की प्रमुख नदियों में से एक है, जो तिब्बत से निकल कर भारत के अरुणाचल प्रदेश, असम होते हुए बांग्लादेश तक जाती है. यह नदी भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए जीवनदायिनी है. भारत में ब्रह्मपुत्र की कुल लंबाई लगभग 916 किलोमीटर है. फिलहाल कुल जल प्रवाह का 30 प्रतिशत हिस्सा भारत को प्राप्त होता है.

असम राज्य की 60 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि ब्रह्मपुत्र पर निर्भर है. मानसून के दौरान इस नदी के कारण असम में भारी बाढ़ की समस्या भी सामने आ जाती है. इस परियोजना का स्थान तिब्बत का मेडोग जिला है, जो भारत की सीमा से सटा हुआ है. बताया जाता है कि इस परियोजना की संभावित उत्पादन क्षमता 60 गीगावॉट है. यह विश्व की अब तक की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना मानी जा रही है. इसकी अनुमानित लागत 50 अरब डॉलर है. यह वर्ष 2035 तक बन कर तैयार होगा. भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अगर यह परियोजना चालू हो जाती है, तो भारत के असम और अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र का जल प्रवाह काफी कम हो सकता है. इसका सीधा असर इन राज्यों में होने वाली खेती, मछली पालन और पेय जल पर पड़ेगा.

भारत की चिंता का दूसरा प्रमुख कारण है कि चूंकि चीन की भौगोलिक सीमा भारत से जुड़ी हुई है, इसलिए वह इसका इस्तेमाल कभी भी भारत के खिलाफ रणनीतिक हथियार की तरह कर सकता है. अगर वह भारत पर दबाव बनाना चाहता है, तो वह भारत को बिना सूचना दिए डैम से जल छोड़ देगा, तो भारत के पूर्वोत्तर में भारी बाढ़ आ सकती है. जनसंख्या विस्थापन और जीवन स्तर पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. ऐसा माना जा रहा है कि चीन, ब्रह्मपुत्र पर बनने वाले बांध और जल प्रवाह पर पारदर्शिता नहीं रखेगा. ऐसे में भारत के पास कोई पूर्व सूचना तंत्र नहीं है, जिससे इस संबंध में उसको अधिक जानकारी मिल सके. ब्रह्मपुत्र का जल स्तर कम होने से नदी पारिस्थितिकी पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा. इसके अलावा असम और अरुणाचल प्रदेश में कृषि, मत्स्य पालन और बाढ़ प्रबंधन पर भारत को अधिक धन व्यय करना पड़ेगा.

ध्यातव्य है भारत और चीन के रिश्ते पहले से ही काफी तनावपूर्ण हैं. वर्ष 2020 में गलवान घाटी की झड़प के बाद दोनों देशों में विश्वास की कमी बनी हुई है. ब्रह्मपुत्र बांध का मुद्दा इस तनाव को और अधिक बढ़ा सकता है. हालांकि भारत ने इस विषय को कई बार द्विपक्षीय वार्ताओं में उठाया है, लेकिन चीन की एकतरफा कार्रवाई भारत के लिए अपमानजनक है.ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों में आखिर भारत के समक्ष विकल्प क्या है?

क्या भारत को चीन की इस कार्यवाही को चुपचाप देखते रहना चाहिए? ऐसा बिलकुल नहीं है कि भारत कुछ नहीं कर रहा. लेकिन चीन के इस रणनीतिक हथियार के खिलाफ अधिक आक्रामक नीति बनानी चाहिए. चीन को एक्सपोज करने के लिए भारत को चीन पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अधिक कूटनीतिक दबाव बनाना होगा. भारत को इसके लिए संयुक्त राष्ट्र, जी20, और एशियान जैसे मंचों का प्रयोग चीन की गैर-पारदर्शिता को उजागर करने के लिए करना चाहिए.चीन की दोगली नीति के मददेनजर भारत को अपने अंतरिक्ष संसाधनों का प्रयोग कर चीन की गतिविधियों पर सटीक निगरानी रखनी चाहिए.

भारत को अभी से पूर्वोत्तर राज्यों में जल संरक्षण, छोटे बांध और जल संसाधनों का वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन करना चाहिए ताकि जल संकट की भावी आशंका से सहजता से निपटा जा सके. चीन पर अंतरराष्ट्रीय स्तर दबाव बनाने की रणनीति के तहत भारत को चीन के साथ ब्रह्मपुत्र के जल प्रबंधन पर एक उसी प्रकार की स्थायी और कानूनी जल-संधि पर जोर देना चाहिए, जैसा कि उसने बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ किया. निस्संदेह, चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर मेगा बांध का निर्माण न केवल भारत के जल संसाधनों के लिए खतरा है, बल्कि यह दोनों देशों के पहले से तनावपूर्ण संबंधों में और बड़ी दरार पैदा कर सकता है. इस मुद्दे पर भारत को अपनी कूटनीतिक चतुराई, तकनीकी क्षमता और घरेलू रणनीति के साथ कदम बढ़ाने होंगे. यह तथ्य है कि ब्रह्मपुत्र केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक, रणनीतिक और जैविक धारा है. इसे सुरक्षित रखना हम सब की प्राथमिक जिम्मेदारी भी बनती है. **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं.)**

## आज का इतिहास

**1689:** फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.

**1813:** भारत में पहली बार नौका प्रतियोगिता कलकत्ता में आयोजित.

**1837:** इलेक्ट्रिक टेलिग्राफ के इस्तेमाल का पहली बार सफलता पूर्वक प्रदर्शन.

**1854:** वाल्टर हंट को पहले पेपर शर्ट कॉलर का अमेरिकी पेटेंट हासिल हुआ.

**1948:** आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने भारतीय टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर रिकॉर्ड बनाया.

**1963:** अमेरिका, रूस और ब्रिटेन ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किए.

**1978:** दुनिया की पहली आईवीएफ शिशु लुई ब्राउन का इंग्लैंड में जन्म.

**1994:** जॉर्डन और इजरायल के बीच 46 वर्ष से चल रहा युद्ध समाप्त.

**2007:** प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने भारत की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली.

## किसान ने पादरी को दे दी जीवन भर की बड़ी सीख

चिंतन

बहुत ठंड पड़ रही थी. चारों ओर घना कुहांसा छाया था. एक किसान रविवार के दिन मीलों दूर चल कर पहाड़ी पर स्थित एक चर्च पर पहुंचा. चर्च का दरवाज़ा अंदर से बंद था.

किसान ऊंची आवाज़ में बोला, अरे कोई है?

चर्च का पादरी अदंर से बाहर आया, वह किसान को देख कर कुछ हैरान था, बोला- आज ठंड बहुत अधिक है, मुझे तो उम्मीद ही नहीं थी कि आज की प्रार्थना में कोई आएगा भी, इसी लिए मैंने भी यहां कोई तैयारी नहीं की, अब सिर्फ एक आदमी के लिए इतना सबकुछ करना ठीक रहेगा क्या ... क्यों ना हम आज की पूजा रहने दें और अपने घरों में जाकर आराम करें?

साहब, मैं तो एक साधारण सा गरीब किसान हूं, मैं रोज सुबह कबूतरों को दाना डालने जाता हूं, और अगर एक कबूतर भी होता है, तो मैं उसे दाना ज़रूर खिलाता हूं. किसान बोला.

पादरी किसान की यह बात सुन कर थोड़ा शर्मिंदा हुआ, और उसने मन ही मन ईश्वर से क्षमा मांगी और प्रार्थना में जुट गया, पहले उसने सारी टेबल-कुर्सियां साफ़ कीं, हर एक टेबल पर ले जाकर बाइबिल रखी, मोमबत्तियां जलाईं और पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की.

3-4 घंटे बाद प्रार्थना खत्म हुई, पादरी ने किसान को धन्यवाद दिया कि उसने उसे अपना कर्तव्य याद दिलाया. वह इसके लिए किसान का हमेशा कृतज्ञ रहेगा.

किसान कुछ नहीं बोला और उठ कर जाने लगा. इस पर पादरी ने पूछा, क्या हुआ, प्रार्थना में कोई कमी रह गयी क्या?

किसान बोला, मैं क्या बताऊं पादरी साहब; मैं तो एक साधारण किसान हूं, लेकिन जब मैं कबूतरों को दाना डालने जाता हूं, और अगर एक ही कबूतर आता है, तो मैं सारे दाने उसी को नहीं खिला देता. मैं उसको उसका हिस्सा ही खिलाता हूं.

पादरी को एक बार फिर एहसास हुआ कि सिर्फ अपना कर्तव्य निभाना ही ज़रूरी नहीं है, बल्कि परिस्थिति के हिसाब से खुद को ढालना भी आवश्यक है, उसे चाहिए था कि सिर्फ एक आदमी के हिसाब से तैयारी करके प्रार्थना शुरू कर देता, जबकि वो तमाम लोगों के हिसाब से तैयारी में जुट गया.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #HappyBirthdayKTR
2. #ValueBasedParenting
3. #AkhileshYadmulla
4. Shaping Future
5. #HariHaraVeerMallu
6. Thailand
7. #BlockBusterHHVM
8. प्रदेश संगठन
8. Cambodia
10. श्री हरि

# बहुरंग

## संन्यास ले लेंगे पवन कल्याण राजनीति में करेंगे समाज सेवा



साउथ भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार पवन कल्याण बीते लंबे समय से अपनी ऐतिहासिक एक्शन फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर सुर्खियों में थे. आखिरकार, यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. रिलीज के बाद फिल्म को मिश्रित समीक्षाएं मिल रही हैं, कुछ दर्शकों ने इसकी भव्यता की तारीफ की, तो कुछ को इसकी कहानी कमजोर लगी. फिलहाल पवन फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं, लेकिन इस बीच एक खबर ने उनके फैंस को झटका दे दिया है-एक ऐसी खबर जो उनके चाहने वालों का दिल तोड़ सकती है.

एक खास बातचीत में पवन कल्याण ने ऐसा खुलासा किया, जिसने उनके फैंस को चौंका दिया. सुपरस्टार ने बताया कि वह जल्द ही फिल्मों से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं. उन्होंने साफ किया कि आने वाले वक्त में वह कैमरे के सामने नहीं, बल्कि फिल्म निर्माता के रूप में इंडस्ट्री से जुड़े रहना चाहेंगे. पवन ने यह भी बताया कि वह पहले 2006-07 में ही इंडस्ट्री छोड़ने का मन बना चुके थे.

हालांकि, हालात कुछ ऐसे बने कि वह फिल्मों में सक्रिय रहे. अब जबकि वह आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं, उनका फोकस पूरी तरह से राजनीति पर है. उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि वह पूरी तरह जनसेवा में खुद को समर्पित करें.

पवन कल्याण ने कहा, मैं जल्द ही फिल्मों से संन्यास लेने वाला हूं. उन्होंने बताया, ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे वक्त तक फिल्मों में बना रहूंगा. 2006-2007 के दौरान ही मैंने इंडस्ट्री छोड़ने का मन बना लिया था. मेरी योजना थी कि मैं पांच फिल्मों का निर्देशन करूं और फिर सिनेमा से अलविदा कह दूं. अगर मेरी पहली निर्देशित फिल्म 'जॉनी' बॉक्स ऑफिस पर सफल होती, तो मैं आगे चार और फिल्में बनाता और उसके बाद इंडस्ट्री को अलविदा कह देता. सच कहूं तो मेरा सपना हमेशा से समाज सेवा का ही रहा है. मैं हमेशा से सिनेमा छोड़ना चाहता था, लेकिन मेरी असली मुश्किल यह थी कि मैंने कभी कोई दूसरा आर्थिक विकल्प तलाशा ही नहीं. उन्होंने स्वीकार किया कि इसी वजह से उन्हें फिल्मों में बने रहना पड़ा.

पवन कल्याण ने मार्च 2014 में जनसेना पार्टी की स्थापना की थी. इसके बाद उन्होंने राजनीति और फिल्मों दोनों को साथ लेकर चलने की कोशिश की. पवन की आने वाली प्रमुख फिल्मों में 'ओजी' और 'उस्ताद भगत सिंह' का नाम शामिल है, जिनका फैंस बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं.

## 'सारे जहां से अच्छा' का प्रीमियर 13 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर, दर्शकों में बढ़ी उत्सुकता




अभिनेता प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' को लेकर चर्चा में हैं, जिसका निर्देशन गौरव शुक्ला कर रहे हैं. इस सीरीज में प्रतीक के साथ-साथ सनी हिंदुजा, सुहैल नैय्यर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी नजर आएंगे. अब निर्माताओं ने 'सारे जहां से अच्छा' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें प्रतीक गांधी और सनी हिंदुजा समेत पूरी स्टारकास्ट की दमदार झलक देखने को मिल रही है. पोस्टर ने दर्शकों के बीच सीरीज को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ा दी है.

'सारे जहां से अच्छा' का प्रीमियर 13 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है. हाल ही में निर्माताओं ने इसका पहला पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, प्रतीक गांधी और सनी हिंदुजा एक गुप्त जंग में जासूस बने हैं. ओवर एंड आउट. यह वेब सीरीज 1970 के दशक की राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल के दौर को पृष्ठभूमि बनाकर तैयार की गई है. इसकी कहानी में जासूसी, देशभक्ति, बलिदान और कर्तव्य की भावना को गहराई से उकेरा गया है. सीरीज में प्रतीक गांधी एक खुफिया अधिकारी विष्णु शंकर की भूमिका में नजर आएंगे, जो देश के लिए हर खतरे से लड़ने को तैयार है. यह सीरीज थ्रिल और इमोशन का बेहतरीन मिश्रण साबित होने वाली है.

## हुमा कुरैशी के 'बयान' को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान, टोरंटो फिल्म फेटिवल में हुई एंट्री



बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी पिछली बार फिल्म 'मालिक' में नजर आई थीं, जिसमें उनके साथ राजकुमार राव मुख्य भूमिका में थे. हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई और फ्लॉप साबित हुई. अब हुमा कुरैशी के फैंस के लिए अच्छी खबर है. वह जल्द ही कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली हैं, जिनमें से एक है उनकी आने वाली फिल्म 'बयान'. रिपोर्ट के मुताबिक, हुमा की यह फिल्म अब टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में अपना ग्लोबल प्रीमियर करने जा रही है. यह उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है. दिलचस्प बात यह है कि हुमा कुरैशी के निर्देशन में बनी फिल्म 'बयान' को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 के प्रतिष्ठित डिस्कवरी सेक्शन में प्रीमियर के लिए चुना गया है और यह इस कैटेगरी में चयनित होने वाली भारत की एकमात्र फिल्म है. हाल ही में फिल्म से हुमा की पहली झलक सामने आई है, जिसमें उनका दमदार और धाकड़ अवतार देखने को मिल रहा है. इस फिल्म में चंद्रचूड़ सिंह, सचिन खेडेकर, परितोष संद, अविजित दत्त, विभोर मयंक और संपा मंडल जैसे मंजे हुए कलाकार नजर आएंगे, वहीं स्वाति दास और मनीषा शेखावत भी इस प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा हैं.

## हैदराबाद में शूटिंग के दौरान अभिनेता अदिवी शेष व अभिनेत्री मृणाल ठाकुर घायल



मनोरंजन जगत से एक परेशान करने वाली खबर सामने आई है. अभिनेता अदिवी शेष और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी आगामी फिल्म 'डकैत' की शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं. यह हादसा हैदराबाद में एक बड़े और बेहद खतरनाक एक्शन सीन की शूटिंग के वक्त हुआ. बताया जा रहा है कि सीन की स्केल और इंटेंसिटी इतनी ज्यादा थी कि शूट के दौरान दोनों कलाकारों को चोट लग गई. इस खबर के सामने आते ही मृणाल ठाकुर के प्रशंसकों में चिंता की लहर दौड़ गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक अभिनेता अदिवी शेष को शूटिंग के दौरान शरीर पर चोट आई, जबकि मृणाल ठाकुर के माथे पर हल्की चोट लगी. सौभाग्य से दोनों की चोटें गंभीर नहीं थीं. प्राथमिक उपचार के बाद दोनों ने बिना देरी के शूटिंग दोबारा शुरू कर दी. उनके इस पेशेवर रवैये और काम के प्रति समर्पण को देख टीम के सभी सदस्यों ने उनकी जमकर सराहना की. बता दें कि फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' का निर्देशन कर रहे हैं नवोदित निर्देशक शेनिल देव. यह फिल्म एक जबरदस्त एक्शन और रोमांस से भरपूर कहानी पर आधारित है, जिसमें अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. दर्शकों को इस फिल्म से एक ताज़ा और रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलने की उम्मीद है.

फिल्म 'डकैत' की शूटिंग इस वक्त तेज़ी से जारी है और निर्माताओं ने घोषणा की है कि यह फिल्म क्रिसमस, यानी 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस बीच, अभिनेत्री मृणाल ठाकुर लगातार एक के बाद एक प्रोजेक्ट्स में व्यस्त नजर आ रही हैं. वह जल्द ही अजय देवगन के साथ उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में दिखाई देंगी. साथ ही, मृणाल अभिनेता अदिवी शेष के साथ फिल्म 'डकैत' में एक दमदार भूमिका निभा रही हैं, जो एक्शन और रोमांस से भरपूर कहानी लेकर आएगी.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. राजकीय कार्यों से लाभ. बिगड़ा कार्य बनेगा. शुभांक-3-6-8

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. शुभ कार्यों में व्यय होगा. स्वास्थ्य पर ध्यान दें. शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी. अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे. यश में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-3-5-7

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. कारोबारी यात्रा सफल होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. व्यापार में वृद्घि व लाभ मिलेगा. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-2-4-6

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी. स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. अपने काम पर नजर रखिए. जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी. परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा. शुभांक-1-3-5

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. धन लाभ की संभावना. शुभांक-4-6-8

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. मायूस न हो समय चक्र है. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. धन लेन-देन में सतर्क रहें. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा. वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी. जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी. राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं. शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है. अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें. अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें. शुभांक-2-6-9

**धनु :** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें. नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्घ होगा. स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्घि है. व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं. कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा. कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग. शुभांक-6-8-9

**मकर :** भावुकतावश निर्णय न लें. मन में चंचलता बढ़ेगी. कर्ज देने से बचें. धन के लेन-देन में सतर्क रहें. बातचीत में संयम बरतें. मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी. माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी. कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी. शुभांक-4-7-9

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा. विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा. पुराना विवाद समाप्त होगा. आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा. मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं. आर्थिक योजनाएं फलित होंगी. स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे. बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं. शुभांक-3-6-9

**मीन :** आय के नये स्त्रोत बनेंगे. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी. लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है. व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी. महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी. दिनचर्या में सुधार की जरूरत है. शुभांक-2-4-7

# एनएसयूआई का जोरदार प्रदर्शन, पुलिस ने वॉटर कैनन से की कार्रवाई

**संवाददाता। पटना**

बिहार में रोजगार, शिक्षा और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) ने गुरुवार को पटना में जोरदार प्रदर्शन किया. कार्यकर्ता बिहार विधानसभा का घेराव करने के लिए मार्च निकाल रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया. प्रदर्शनकारियों के बैरिकेड तोड़ने की कोशिश के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच तीखी झड़प हो गई. स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. प्रदर्शन करीब 45 मिनट तक चला, जिसमें कई बार धक्का-मुक्की और नारेबाजी हुई. पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया और कुछ छात्रों को हिरासत में भी लिया गया. एनएसयूआई नेताओं ने पुलिस पर मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए हैं. कुछ छात्रों ने कपड़े फाड़े जाने की शिकायत भी की. प्रदर्शनकारी सरकार से रोजगार और शिक्षा के मुद्दों पर जवाबदेही की मांग कर रहे थे. कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद ने कहा कि सरकार से सवाल पूछने पर दमनकारी रवैया अपनाया जा रहा है. उन्होंने इसे पुलिस नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता बताया. घटना के बाद क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे.



## न्यूज अपडेट

### इंटरसिटी ट्रेन में दम घुटने से यात्री की मौत

**पटना।** पटना-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में अत्यधिक भीड़ और उमस के कारण दम घुटने से एक यात्री की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई. मृतक की पहचान रंजीत यादव (35) के रूप में हुई है, जो पटना जिले के दलिसमनचक गांव का रहने वाला था. यह हादसा बख्तियारपुर और बाढ़ स्टेशन के बीच ट्रेन के सामान्य डिब्बे में हुआ. जानकारी के अनुसार रंजीत अपने सहकर्मियों के साथ बख्तियारपुर से बाढ़ स्टेशन तक जाने के लिए डाउन भागलपुर इंटरसिटी में सवार हुए थे. ट्रेन में अत्यधिक भीड़ थी और मौसम की उमस ने स्थिति को और गंभीर बना दिया. उस दिन पटना का अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 30.2 डिग्री सेल्सियस था, जबकि नमी का स्तर बेहद अधिक था. अथमलगोला स्टेशन के पास रंजीत की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर पड़े. सहकर्मियों ने बताया कि दम घुटने और अत्यधिक गर्मी के कारण वह सांस नहीं ले सके. अन्य तीन यात्रियों की भी तबीयत इसी कारण बिगड़ी. रंजीत को तुरंत बाढ़ रेलवे स्टेशन पर उतारा गया, जहां पुलिस की निगरानी में उन्हें अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया.

### प्रशांत पर एफआईआर, विस घेराव के दौरान झड़प

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में विधानसभा मॉनसून सत्र के दौरान जन सुराज अभियान के संयोजक प्रशांत किशोर और उनके सैकड़ों समर्थकों पर कानून-व्यवस्था भंग करने और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रदर्शन करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है. सिटी एसपी सेंट्रल दीक्षा ने जानकारी दी कि मजिस्ट्रेट के बयान के आधार पर सचिवालय थाना में प्रशांत किशोर समेत 300 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जन सुराज के कार्यकर्ता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भू-सर्वेक्षण में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर विधानसभा का घेराव करने निकले थे. पुलिस ने चितकोहरा गोलंबर के पास बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की. लेकिन जब प्रदर्शनकारी बैरिकेड्स तोड़ते हुए आगे बढ़े, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई. पुलिस ने लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, जिससे कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए. प्रशांत किशोर को भी कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया, हालांकि बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया.

### दो मरीजों की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**मुजफ्फरपुर।** श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में सोमवार को उस समय हंगामा हो गया जब एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने ऑन ड्यूटी डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी. मृतक के परिजनों ने डॉक्टर गणेश पासवान की पिटाई कर दी, जिससे उनका होंठ फट गया और नाक से खून निकलने लगा. डॉक्टर को कमरे में बंद कर दिया गया. वहीं, एक महिला इंटर्न डॉक्टर के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया. हंगामे के कारण इलाज बाधित हो गया, जिससे एक अन्य मरीज कमल सहनी की भी मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते वे निजी अस्पताल नहीं ले जा सके. घटना की सूचना मिलते ही गुस्साए एमबीबीएस छात्रों और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों को पकड़कर मारपीट की. स्थिति बिगड़ने पर सुरक्षाकर्मियों ने लाठीचार्ज किया, जिसमें मृतक रघुनाथ सिंह की बहू गंभीर रूप से घायल हो गई. मौके पर पहुंची एसडीपीओ-2 बिनीता सिन्हा और अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार ने हालात संभाले.

### उपेन्द्र कुशवाहा व जीतन राम मांझी की मुलाकात

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सियासी गतिविधियां तेज़ हो गई हैं. इसी कड़ी में गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने एनडीए गठबंधन में शामिल 'हम' पार्टी के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात की. यह मुलाकात राजधानी पटना में हुई और राजनीतिक हलकों में इसे काफी अहम माना जा रहा है. हालांकि दोनों दलों ने इस मुलाकात को ₹औपचारिक₹ बताया है, लेकिन इसके पीछे चुनावी रणनीति और सीट बंटवारे को लेकर संभावित चर्चा की अटकलें तेज हो गई हैं. मांझी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बताया कि मुलाकात में बिहार के मौजूदा राजनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा हुई. यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है जब कुछ दिन पहले ही उपेन्द्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जदयू की कमान उनके बेटे निशांत कुमार को सौंपने की सलाह दी थी.

### तेजाब पिलाकर हत्या मामलाः तीन दोषियों को उम्रकैद

**भागलपुर।** कहलगांव के नया नगर रानी दियारा निवासी पूजा कुमारी की तेजाब पिलाकर हत्या करने के सनसनीखेज मामले में गुरुवार को भागलपुर की एडीजे-13 प्रशांत कुमार झा की अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया. अदालत ने एकतरफा प्रेम में नाकाम रहने पर की गई इस नृशंस हत्या के लिए नीरज कुमार उर्फ आनंद कुमार, रूबी कुमारी और प्रीति कुमारी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है. तीनों दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास), 326 (गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाना) और 342 (गलत तरीके से रोकना) के तहत दोषी पाया गया. इसके साथ ही नीरज पर 3.10 लाख रुपये और दोनों युवतियों पर 35-35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. जुर्माना नहीं चुकाने पर तीनों को 1 वर्ष 9 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. घटना 30 जून 2021 की है, जब पूजा कुमारी ने शादी से इनकार कर दिया था. इसके बाद उसे तेजाब पिलाया गया. गंभीर हालत में इलाज के दौरान करीब सात महीने बाद उसकी मौत हो गई थी. सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक जयप्रकाश यादव व्यास ने केस लड़ा और 11 गवाहों के आधार पर तीनों को दोषी साबित किया. इस फैसले को महिला सुरक्षा और न्याय प्रणाली में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है.

### तेजस्वी ने विस चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

**पटना।** बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं. गुरुवार को विधानसभा सत्र के बाद मीडिया से बातचीत में तेजस्वी ने कहा कि यदि वोटर लिस्ट में अनियमितताएं नहीं रोकी गईं, तो महागठबंधन बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने पर विचार कर सकता है. तेजस्वी यादव ने कहा कि जो कुछ भी राज्य में वोटर लिस्ट को लेकर हो रहा है, वह बेहद चिंताजनक और लोकतंत्र के लिए खतरनाक है. उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था न रहकर सरकार का ₹राजनीतिक औजार₹ बन गया है. उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत फर्जी फॉर्म भरवाए जा रहे हैं, और कई स्थानों पर एक ही व्यक्ति द्वारा फॉर्म पर हस्ताक्षर किए गए हैं. उन्होंने दावा किया कि महागठबंधन के पास इस मुद्दे को लेकर वीडियो साक्ष्य भी हैं, जिन्हें सार्वजनिक किया गया है. तेजस्वी ने कहा कि यदि सभी को पहले से ही सेट करना है, तो चुनाव कराने का कोई औचित्य नहीं रह जाता. उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते कि अवैध या बाहरी व्यक्ति वोट दें. जब सुप्रीम कोर्ट में यह स्पष्ट हो चुका है कि कोई विदेशी वोटर नहीं है, तो फिर सरकार की भूमिका संदिग्ध क्यों है?

## बिहार विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान जमकर हंगामा

# तेजस्वी यादव और सत्ता पक्ष के मंत्रियों के बीच नोकझोंक

**शुभम संदेश। पटना**






बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन का माहौल उस वक्त तनावपूर्ण हो गया जब विपक्ष और सत्ता पक्ष आमने-सामने आ गए. एसआईआर (स्पेशन इनवेस्टिगेसन रिपोर्ट) को लेकर चल रही चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच तीखी बहस हो गई, जिससे सदन में भारी हंगामा देखने को मिला. विधानसभा में एसआईआर पर चर्चा करते हुए पहले मंत्री विजय चौधरी ने स्थिति स्पष्ट की. इसके बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपनी बात रख रहे थे, तभी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव खड़े हो गए और तीखी प्रतिक्रिया देते हुए बोले, झूठ बोलो, जितना मन करे उतना झूठ बोलो. तेजस्वी के इस बयान से सत्ता पक्ष की ओर से नाराजगी जताई गई.

तेजस्वी के इस हस्तक्षेप के बाद मंत्री अशोक चौधरी खड़े हुए और उन्होंने तेजस्वी की बातों का विरोध करते हुए जवाब देना शुरू किया. इस दौरान दोनों के बीच तीखी बहस हुई. बहस के दौरान तेजस्वी ने अशोक चौधरी से कहा, “आरे बैठिए बैठ जाइए.” लेकिन विवाद तब और गहरा गया जब तेजस्वी ने आगे कहा, अरे बैठिए, काहे बंदर के जैसे कूदने लगते हैं. तेजस्वी के इस बयान ने सदन में और ज्यादा बवाल खड़ा कर दिया. तेजस्वी की इस टिप्पणी के बाद सत्ता पक्ष के तमाम मंत्री एक साथ खड़े हो गए और विरोध जताने लगे. सत्ता पक्ष ने इसे अमर्यादित और अपमानजनक बताते हुए तेजस्वी से माफी की मांग की. वहीं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सदन में 1992 का हवाला देते हुए कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने खुद कहा था कि घुसपैठियों को बिहार से बाहर करना है. उन्होंने यह भी दावा किया कि करीब 18 लाख लोग मृत पाए गए हैं और 26 लाख लोगों को चिन्हित किया गया है जो बिहार से बाहर गए हैं. चौधरी ने आगे बताया कि 2005 में जहां बिहार से बाहर जाने वालों की संख्या 11 प्रतिशत थी, वहीं अब यह घटकर 2 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है. इस पर विपक्ष ने एक बार फिर हंगामा शुरू कर दिया. तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम के आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए उन्हें ₹झूठ का पुलिंदा₹ बताया और कहा कि जनता को गुमराह किया जा रहा है. सदन का माहौल इतना अशांत हो गया कि कार्यवाही को बार-बार स्थगित करना पड़ा.

## कारोबार

### अडानी ग्रुप की कंपनी एईएसएल ने क्यू 1 में कमाए 538.94 करोड़




**नयी दिल्ली।** अडानी ग्रुप की कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने बीती जून तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है. कंपनी ने वित्त वर्ष 25-26 की पहली तिमाही में 538.94 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है. यह मुनाफा इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि कंपनी को पिछले साल की इसी तिमाही में 1,190.66 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था. इस बार मुनाफे की बड़ी वजह ट्रांसमिशन बिजनेस से मिली बढ़ी हुई आय रही. कंपनी की कुल आय इस तिमाही में बढ़कर 7,025.49 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान तिमाही में 5,489.97 करोड़ रुपये थी. ट्रांसमिशन बिजनेस से आय 1,746.18 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,188.19 करोड़ रुपये हो गई. हालांकि, डिस्ट्रीब्यूशन बिजनेस से आय में थोड़ी कमी आई और यह 3,372.94 करोड़ रुपये से घटकर 3,359.84 करोड़ रुपये रही. कंपनी के सीईओ कंदर्प पटेल ने कहा कि मानसून खत्म होने के बाद दूसरी तिमाही से एईएसएल की पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) और नई बोली गतिविधियों में खासी बढ़ोतरी की उम्मीद है.

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) भारत में बिजली से जुड़े कई काम करती है. कंपनी का मुख्य काम बिजली ट्रांसमिशन (यानी एक जगह से दूसरी जगह बिजली पहुंचाना) और डिस्ट्रीब्यूशन (घरों, दफ्तरों और फैक्ट्रियों तक बिजली पहुंचाना) है. एईएसएल देश की सबसे बड़ी निजी बिजली ट्रांसमिशन कंपनी है, जिसकी लाइनें 16 से ज्यादा राज्यों में फैली हैं. कंपनी मुंबई जैसे बड़े शहरों में बिजली सप्लाई करती है और करीब 1.2 करोड़ ग्राहकों को सेवा देती है.

## वीकली एक्सपायरी पर फिसल गए बाजार

# सेंसेक्स 543 अंक टूटा, निफ्टी 25062 पर बंद

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बावजूद भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को वीकली एक्सपायरी के दिन गिरावट में बंद हुए. आईटी शेयरों में गिरावट ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर आशावाद को कम कर दिया. ब्रिटेन के साथ फ्री ट्रेड समझौते के बीच निवेशक अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर नजर बनाए हुए हैं.

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स में मामूली बढ़त के साथ 82,779 पर खुला था. हालांकि, खुलते ही यह लाल निशान में फिसल गया. अंत में यह 542.47 अंक या 0.66 फीसदी की गिरावट लेकर 82,184.17 पर बंद हुआ. इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मामूली बढ़त के साथ खुला. शुरूआती कारोबार के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिला. अंत में यह 157.80 अंक या 0.63 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25,062 पर बंद हुआ.

जियोजित इंवेस्टमेंट्स में रिसर्च प्रमुख नायर ने कहा, ग्लोबल मार्केट्स में तेजी के बावजूद भारतीय शेयर बाज़ारों में भारी गिरावट आई और पिछली बढ़त बराबर हो गई. भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को लेकर शुरुआती आशावाद की जगह सतर्क रुख अपना रहे हैं. ध्यान अब आय पर केंद्रित हो गया है. पहली तिमाही के सुस्त प्रदर्शन के कारण आईटी और एफएमसीजी क्षेत्रों ने लार्ज-कैप शेयरों को नीचे खींच लिया. हालांकि पहली तिमाही की आय मोटे तौर पर अनुकूल है. लेकिन यह प्रीमियम वैल्यूएशन को सही नहीं ठहराती. भारतीय मार्केट 21 गुना पी/ई के तीन साल के उच्चतम स्तर पर कारोबार कर रहा है.

वहीं सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे ज़्यादा नुकसान में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस शामिल रहे. वहीं, इटरनल, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, टाटा स्टील और टाइटन के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई. सेक्टोरल मोर्चे पर निफ्टी आईटी, रियल्टी और एफएमसीजी क्रमशः 2.2 प्रतिशत, 1.04 प्रतिशत और 1.12 प्रतिशत गिरे. निफ्टी एनर्जी, बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया और तेल एवं गैस भी गिरावट के साथ बंद हुए. दूसरी ओर, निफ्टी पीएसयू बैंक 1.24 प्रतिशत चढ़ा. इसके बाद फार्मा, ऑटो, मेटल और हेल्थकेयर का स्थान रहा. इसके अलावा ब्रोडर मार्केटस में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.58 प्रतिशत गिर गया. जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 आज 1.09 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ.

इधर, आईटी कंपनियों में कोफोर्ज और पर्सिस्टेंट सिस्टम्स के शेयरों में क्रमशः 9.4% और 7.7% की गिरावट आई. जबकि इंफोसिस के शेयरों में उनके फाइनेंशियल रिजल्ट्स के बाद 1.4% की गिरावट आई. निवेशक भारत के 283 अरब डॉलर के आईटी सेक्टर की मांग को लेकर चिंतित थे. वहीं, ग्लोबल मार्केट से संकेत अच्छे हैं. एशिया-पैसिफिक मार्केट्स में तेजी देखने को मिली है. अमेरिका और जापान के बीच ट्रेड डील को लेकर बनी सहमति और यूरोपियन यूनियन के साथ बातचीत में सकारात्मक संकेतों से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है. जापान का टॉपिक्स इंडेक्स 1.2% की बढ़त के साथ रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया, जबकि निक्केई 1.09% ऊपर रहा. कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.6% चढ़ा है और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 फ्लैट ट्रेड कर रहा है. अमेरिकी बाजारों में भी जबरदस्त तेजी रही. एसएंड पी 500 लगातार तीसरे दिन रिकॉर्ड हाई पर बंद हुआ और 6,358.91 के स्तर पर पहुंच गया. डाउ जोंस 507.85 पॉइंट की छलांग लगाकर 45,010.29 पर बंद हुआ.

### निर्यात, निवेश व इनोवेशन के साथ मुंबई में उतरेगी योगी सरकार की ‘टीम यूपी’



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई अब उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और कारोबारी ताकत की साक्षी बनने जा रही है. यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पहले देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में आयोजित किए जा रहे रोड शो की श्रृंखला में यह चौथा मेगा आयोजन 25 जुलाई को मुंबई के चर्चगेट स्थित आईएमसी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वालचंद हीराचंद हॉल में आयोजित होगा. दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरू जैसे शहरों में हुए आयोजनों में निवेशकों, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और उद्योगजगत से जुड़े लोगों ने उत्तर प्रदेश की नीतियों पर जिस भरोसे और उत्साह के साथ सहभागिता की, उसने यूपी को एक नई पहचान दी है. अब मुंबई में यह आयोजन न केवल निवेश की नई संभावनाओं को खोलेगा, बल्कि यूपी के व्यापारिक विजन को देश और दुनिया के सामने और मजबूती से रखेगा.

**ग्लोबल ट्रेड हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम :** इस मेगा रोड शो का उद्देश्य उत्तर प्रदेश सरकार के निर्यात विजन 2025 को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक पहुंचाना है. इस आयोजन का नेतृत्व राज्य सरकार के एमएसएमई, खादी व ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान करेंगे. ‘टीम योगी’ के अधिकारी राज्य में हो रहे बुनियादी बदलावों, बेहतर अधोसंरचना, उद्योग मित्र नीतियों और ‘ईज ऑफ डूइंग बिजनेस’ के सुधारों की जानकारी प्रस्तुत करेंगे.

**सफलता** एंड्रॉयड व गूगल प्ले से भारत को चार लाख करोड़ की कमाई

# डिजिटल क्रांति बनी बदलाव की ताकत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




गूगल प्ले और एंड्रॉयड सिस्टम ने 2024 में भारतीय एप डेवलपर्स और अर्थव्यवस्था को चार लाख करोड़ रुपये की कमाई कराई. यह खुलासा पब्लिक फर्स्ट नामक शोध कंपनी की रिपोर्ट में हुआ है. इसका मतलब है कि भारत में लोग एंड्रॉयड मोबाइल पर एप बनाकर, इस्तेमाल कर और चलाकर बड़ी कमाई कर रहे हैं. भारत में गूगल प्ले और एंड्रॉयड के असर एवं योगदान का आकलन करने वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे बड़ी है. इसके बढ़ने की रफ्तार भी अन्य अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है. स्मार्टफोन का तेजी से बढ़ता इस्तेमाल, किफायती डाटा और डेवलपर्स स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या इसका आधार हैं. इससे आम लोगों की जिंदगी में बदलाव आया है. रिपोर्ट के मुताबिक, डिजिटल क्रांति ने लाखों भारतीयों की कमाई, सीखने और जुड़ने के तरीके को बदल दिया है.

**35 लाख से अधिक लोगों को नौकरियां :** रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल प्ले और एंड्रॉयड इकोसिस्टम से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 35 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा हुईं. एंड्रॉयड दुनिया का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम है. यह स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप कंप्यूटर सहित कई कंपनियों के स्मार्ट डिवाइसेज में चलता है. गूगल प्ले इसका आधिकारिक एप स्टोर और डिजिटल वितरण सेवा है.

**भारत बना डेवलपर्स हब :** गूगल प्ले पर भारत के 10 लाख से अधिक सक्रिय एप डेवलपर्स हैं. इस हिसाब से गूगल प्ले पर पंजीकृत सक्रिय डेवलपर्स के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है. भारत के करीब 79 फीसदी एप डेवलपर्स के यूजर्स विदेश में भी हैं. यह भारतीय प्रतिभा की अंतरराष्ट्रीय पहचान का सबूत है. भारतीय एप डेवलपर्स के एप्स 2024 में 720 करोड़ बार डाउनलोड किए गए. इनमें से 600 करोड़ भारत में और 120 करोड़ विदेश में डाउनलोड हुए.

### आईआरडीएआई के नए चेयरमैन बने अजय सेठ

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अजय सेठ को इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) का नया चेयरमैन नियुक्त किया है. सूत्रों के मुताबिक, सेठ अगले तीन साल तक इस अहम पद पर रहेंगे. यह नियुक्ति इसलिए खास है, क्योंकि मार्च 2025 से आईआरडीएआई का चेयरमैन पद खाली था, जब देबाशीष पांडा ने अपने तीन साल के कार्यकाल के बाद इस्तीफा दे दिया था. अजय सेठ इससे पहले वित्त मंत्रालय में डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स के सचिव के तौर पर काम कर चुके हैं. सेठ 1987 बैच के कर्नाटक कैडर के आईएएस अधिकारी हैं. वे 2021 से डीईए सचिव के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे. इस दौरान उन्होंने देश की आर्थिक नीतियों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई. मार्च 2025 में सरकार ने उन्हें राजस्व सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था, जब तुहिन कांता पांडे को SEBI का चेयरपर्सन बनाया गया.

### गेहूं की आपूर्ति और कीमतें स्थिर, ओएमएसएस के तहत बिक्री की जरूरत नहीं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



गेहूं की उपलब्धता और कीमतों को लेकर केंद्र सरकार ने राहतभरी जानकारी दी है. खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने गुरुवार को कहा कि खुले बाजार हस्तेक्षप योजना के तहत सरकारी भंडार से गेहूं बेचने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि आपूर्ति पर्याप्त है और कीमतें स्थिर हैं. चोपड़ा ने भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) की वैश्विक गोलमेज बैठक के अवसर पर कहा कि पर्याप्त स्टॉक मौजूद है. हमने काफी अच्छी मात्रा में खरीद की है. इसलिए बाजार में पर्याप्त आपूर्ति है. कीमतें पहले से ही स्थिर हैं. इसलिए गेहूं ओएमएसएस की कोई जरूरत नहीं है.

**ओएमएसएस के जरिए गेहूं की आपूर्ति और कीमतों को किया जाता है नियंत्रण :** सरकार, खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के जरिए गेहूं की आपूर्ति और कीमतों को नियंत्रित करती है. इस योजना के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा केंद्रीय भंडार में मौजूद अतिरिक्त गेहूं को निर्धारित आरक्षित मूल्य पर सीधे बाजार में बेचा जाता है.

**वित्त वर्ष 2025 में लगभग 3 मिलियन टन गेहूं बिका :** भारत ने मार्च में समाप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ओएमएसएस के तहत लगभग 3 मिलियन टन गेहूं बेचा. वहीं 2023-24 में यह लगभग 10.1 मिलियन टन था. देश का गेहूं उत्पादन 2024-25 फसल वर्ष में रिकॉर्ड 117.5 मिलियन टन होने का अनुमान है.

## भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने मैनचेस्टर में रचा इतिहास

# 51 साल बाद दोहराया गावस्कर जैसा कारनामा



**एजेंसियां । लंदन**

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर इतिहास रच दिया है. इंग्लैंड के खिलाफ चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के दौरान जायसवाल ने शानदार फिफ्टी जमाते ही 51 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है. इस फिफ्टी के साथ ही वह मैनचेस्टर में अर्धशतक बनाने वाले 1974 के बाद पहले भारतीय ओपनिंग बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ये कारनामा सिर्फ भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर के नाम दर्ज था. गावस्कर ने 1974 में मैनचेस्टर टेस्ट में 101 और 58 रनों की दो जबरदस्त पारियां खेली थी. उनकी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने पहली पारी में 246 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया था. जवाब में इंग्लैंड की टीम नें 328/9 रन बना डाले थे. दूसरी पारी में भी गावस्कर ने 140 गेंदों का सामना करते हुए 58 रनों का योगदान दिया था. हालांकि, उस मुकाबले में टीम इंडिया को 113 रन से हार का सामना करना पड़ा था.

**गावस्कर के बाद जायसवाल ने किया ये कारनामा :** अब 2025 में जब भारतीय टीम एक दशक बाद ओल्ड ट्रैफर्ड में टेस्ट मैच खेलने उतरी है, तब यशस्वी जायसवाल ने केएल राहुल के साथ 94 रनों की ओपनिंग साझेदारी कर टीम को एक ठोस शुरुआत दी और दूसरे सत्र में अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया. उनके इस प्रदर्शन ने न केवल मैनचेस्टर में भारतीय बल्लेबाजों की पुरानी यादें ताजा कर दी, बल्कि उन्हें रिकॉर्ड बुक में भी शामिल कर दिया है.

आप को बता दें कि भारत ने पिछले दो दशकों में मैनचेस्टर में सिर्फ दो ही टेस्ट मैच खेले हैं. 1990 में इसी मैदान पर सचिन तेंदुलकर ने अपने करियर की पहली टेस्ट सेंचुरी बनाई थी. वहीं दूसरी ओर उस समय भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने भी 179 की शानदार पारी खेलकर सेंचुरी लगाई थी, लेकिन यह मैच ड्रॉ रहा था. इसके बाद से इस मैदान पर अभी तक किसी भी बल्लेबाज ने शतकीय पारी नहीं खेली है. 2014 में भी भारत को मैनचेस्टर टेस्ट में पारी से करारी हार मिली थी.

# बार्सिलोना ने मार्कस रैशफोर्ड के साथ लोन डील के तहत किया करार

**एजेंसियां । मैड्रिड**

एफसी बार्सिलोना ने इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय फॉरवर्ड मार्कस रैशफोर्ड को मैनचेस्टर यूनाइटेड से एक सीजन की लोन डील के तहत साइन करने की पुष्टि कर दी है. बुधवार को क्लब ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें रैशफोर्ड ने कहा कि यह खबर "ऑफिशियल" है. यह डील एक सीजन के लोन के साथ हुई है, जिसमें बार्सिलोना के पास करीब 35 मिलियन यूरो में स्थायी ट्रांसफर का विकल्प होगा. हालांकि, अगर क्लब स्थायी सौदा नहीं करता है तो मुआवज़ा देने का प्रावधान भी रखा गया है. रैशफोर्ड ने कहा, "क्लब जो कुछ भी दर्शाता है, वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है. मुझे लगता है कि मैं घर जैसा महसूस कर रहा हूं. यह एक पारिवारिक माहौल वाला क्लब है जहां अच्छे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा




दिखा सकते हैं." उन्होंने आगे कहा, "यहां होना मेरे लिए एक सपना जैसा है. मैं बेहद उत्साहित हूं और 'बार्सिलोना वे' को सीखने व मैचों के लिए तैयार रहने के लिए तत्पर हूं." बार्सिलोना के कोच हान्सी फ्लिक के साथ काम करने का अवसर भी उनके फैसले का एक महत्वपूर्ण कारण रहा.

रैशफोर्ड ने कहा, "पिछला सीजन फ्लिक के लिए शानदार रहा. उन्होंने दिखाया है कि वह युवा टीम के साथ भी सफल परिणाम ला सकते हैं. वह विश्व के शीर्ष कोचों में से एक हैं." 27 वर्षीय रैशफोर्ड ने सोमवार को बार्सिलोना में मेडिकल टेस्ट पास किया. खबरों के अनुसार, उन्होंने यह ट्रांसफर पूरा करने के लिए अपनी सैलरी में 15 प्रतिशत की कटौती की है. पिछले सीजन मैनचेस्टर यूनाइटेड के कोच रूबेन आमोरिम के साथ उनके रिश्ते बिगड़ गए थे, जिसके चलते वह सीजन का दूसरा हिस्सा एस्टन विला के साथ लोन पर बिताने को मजबूर हुए. अब वह एशिया टूर के लिए चयनित बार्सिलोना टीम का हिस्सा होंगे, जो गुरुवार को दक्षिण कोरिया और जापान में मैच खेलने रवाना होगी. बार्सिलोना की यह डील उस समय आई है जब क्लब लगातार दूसरी गर्मियों में स्पेनिश विंगर निको विलियम्स को साइन करने में विफल रहा. विलियम्स ने एथलेटिक बिलबाओ के साथ नया करार किया.

## मैनचेस्टर टेस्ट में भारत की सधी शुरुआत

# पहले दिन का स्कोर 264/4 ऋषभ पंत रिटायर्ड हर्ट



**एजेंसियां । मैनचेस्टर**

- यशस्वी और साईं सुदर्शन ने जड़ा पचासा, जडेजा-शार्दुल क्रीज पर नाबाद

भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल भारत के नाम रहा. पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए हैं. दिन का खेल खत्म होने तक रवींद्र जडेजा (19) और शार्दुल ठाकुर (19) क्रीज पर टिके हुए हैं और दोनों के बीच 29 रनों की साझेदारी हो चुकी है.

**जायसवाल-राहुल की शानदार ओपनिंग साझेदारी :** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, और भारत के ओपनरों यशस्वी जायसवाल (58) और केएल राहुल (46) ने इस फैसले को चुनौती देते हुए 94 रनों की ठोस साझेदारी की. हालांकि राहुल सेट होने के बाद स्लिप में कैच थमा बैठे, और जायसवाल भी अर्धशतक के बाद आउट हो गए. इस मैच में करुण नायर की जगह नंबर-3 पर मौका पाने वाले साई सुदर्शन ने 151 गेंदों में 61 रन की संयमित पारी खेली और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. उनके आउट होने के वक्त भारत का स्कोर 235/4 था. कप्तान शुभमन गिल एक बार फिर फेल साबित हुए और सिर्फ 12 रन बनाकर पगबाधा हो गए. इंग्लैंड की ओर से सबसे सफल गेंदबाज कप्तान बेन स्टोक्स रहे, जिन्होंने दो विकेट चटकाए. जबकि क्रिस वोक्स और लियाम डावसन को एक-एक सफलता मिली. दिन का सबसे अहम पल तब आया जब विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत, जो अच्छी बल्लेबाज़ी कर रहे थे, रिवर्स स्वीप खेलते समय गेंद दायें पैर पर लगने से चोटिल हो गए. पंत 37 रन पर खेल रहे थे और दर्द के कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा.

## फारुख इंजीनियर और क्लाइव लॉयड का इंग्लैंड में सम्मान

# लंकाशर क्रिकेट क्लब ने दिया बहुत खास तोहफा

**एजेंसियां । मैनचेस्टर**

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम पर खेला जा रहा है. इस मैच से पहले लंकाशर क्रिकेट क्लब ने फारुख इंजीनियर और क्लाइव लॉयड को सम्मानित किया. क्लब ने 'बी स्टैंड' को सर क्लाइव लॉयड और फारुख इंजीनियर स्टैंड कर दिया गया.

**इंजीनियर ने जताई खुशी :** इंजीनियर विदेशी मैदान पर यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बन गए. उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि भारत के लिए भी गर्व का क्षण है. क्लाइव और मैं दोनों सुबह इसके बारे में बात कर रहे थे. हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे सम्मान में ऐसा कुछ किया जाएगा. ईश्वर महान है. अपने देश में पहचान नहीं मिलने की कमी पूरी हुई.

**लंकाशर के लिए 219 मैच खेले लॉयड :** वेस्टइंडीज के साथ दो बार विश्व कप विजेता कप्तान रहे लॉयड ने 1968 और 1986 के बीच लंकाशर के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 219 मैच खेले. उन्होंने 12,764 रन बनाए



और 55 विकेट लिए. क्लब के लिए लिस्ट ए क्रिकेट में लॉयड ने 8,522 रन और 60 विकेट लिए. उन्होंने लंकाशर की एक दिवसीय सफलताओं में बड़ा योगदान देते हुए 1969 और 1970 में दो एक दिवसीय लीग खिताब जीते. उन्होंने 1970 और 1975 के बीच चार जिलेट कप जीते जिसमें 1972 के लॉर्ड्स में वॉरविकशर के खिलाफ 126 रन की यादगार पारी शामिल है.

**लॉयड और इंजीनियर ने लंकाशर को दिलाई अलग पहचान :** भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इंजीनियर लंकाशर के विकेटकीपर थे जिन्होंने 1968 से 1976 तक क्लब का प्रतिनिधित्व किया.

उन्होंने क्लब के लिए 175 मैच खेले जिनमें 5,942 रन बनाने के साथ 429 कैच लिए और 35 स्टंपिंग की. इंजीनियर के बल्ले से शानदार प्रदर्शन और स्टंप के पीछे उनके अद्भुत कौशल ने लंकाशर में एक स्वर्णिम युग की शुरुआत की, जो 1970 के दशक में एकदिवसीय मैचों का बादशाह था. जब लॉयड और इंजीनियर ने लंकाशर के लिए पदार्पण किया, तब क्लब ने 1950 के बाद से कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था, लेकिन आठ साल बाद 1970, 1971, 1972 और 1975 में चार बार जिलेट कप और 1969 और 1970 में दो बार जॉन प्लेयर लीग खिताब जीते. लॉयड और इंजीनियर दोनों ओल्ड ट्रैफर्ड के उपाध्यक्ष हैं और यह जोड़ी 2020 में आयोजित एक विशेष समारोह में क्लब के हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पूर्व खिलाड़ियों के पहले ग्रुप में शामिल थी.


## बुमराह के खास क्लब में क्रांति गौड़ शामिल

# इंग्लैंड में ऐसा करने वाली तीसरी भारतीय

**एजेंसियां । लंदन**

भारतीय महिला टीम की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने छह विकेट लेकर इंग्लैंड की महिला टीम को तीसरे वनडे में करारी शिकस्त देने में अहम भूमिका निभाई. भारत ने यह मुकाबला 13 रनों से जीतकर मेजबानों को तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से मात दी. इससे पहले टीम ने इंग्लैंड को 3-2 से टी20 सीरीज में हराया था. इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए आखिरी वनडे में क्रांति गौड़ ने धारदार गेंदबाजी की. उन्होंने छह विकेट लिए और इंग्लैंड की कमर तोड़ दी. 21 वर्षीय गेंदबाज ने टैमी बीमाउंट, एमी जोन्स, चार्ली डीन, एलिस डेविडसन- रिचर्ड्स, लॉरेन फिलर और लॉरेन बेल को अपना शिकार बनाया. इसी के साथ क्रांति गौड़ ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली. वह इंग्लैंड में किसी वनडे में छह विकेट लेने वाली तीसरी भारतीय बन गईं. इस मामले में उन्होंने जसप्रीत बुमराह और झूलन गोस्वामी की बराबरी कर ली. इन दोनों गेंदबाजों ने भी इंग्लैंड में वनडे में छह विकेट हासिल किए थे.

**कौन हैं क्रांति गौड़ :** तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से आती हैं. उनका जन्म 11 अगस्त, 2003 को हुआ. वह मध्य प्रदेश की महिला क्रिकेट टीम के लिए खेल चुकी



हैं. वहीं, महिला प्रीमियर लीग में उन्हें यूपी वॉरियर्स की तरफ से खेलते देखा गया है. क्रांति ने भारत के लिए खेले चार वनडे मैचों में नौ विकेट हासिल किए हैं. उन्होंने एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला भी खेला है. हालांकि, इस मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला.

**मैच में क्या हुआ :** रिवरसाइड ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम ने पांच विकेट पर 318 रन बनाए. उनके लिए हरमनप्रीत कौर ने 102 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 50 रनों की पारी खेली. जवाब में इंग्लैंड की महिला टीम 49.5 ओवर में 305 रन पर सिमट गई. भारत के लिए क्रांति गौड़ ने छह विकेट झटके जबकि श्री चरणी को दो सफलताएं मिलीं. इसके अलावा दीप्ति शर्मा ने एक विकेट झटका. इससे पहले दोनों टीमों ने एक-एक मुकाबला जीता था.

# आठ साल बाद वापसी पर लियाम डॉसन ने कहा, अब मैं पहले से बेहतर गेंदबाज हूं

**एजेंसियां । मैनचेस्टर**

इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज लियाम डॉसन ने करीब आठ साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की है और अपने प्रदर्शन से यह जताया कि उम्र और अनुभव ने उन्हें और भी बेहतर गेंदबाज़ बना दिया है. 35 वर्षीय डॉसन ने 2929 दिनों बाद टेस्ट मैदान पर वापसी की और केवल सात गेंदों में ही भारत के यशस्वी जायसवाल का विकेट लेकर अपना खाता खोला. लॉर्ड्स में शोएब बशीर के चोटिल होने के बाद डॉसन को मैनचेस्टर टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया. पहले दिन उन्होंने 15 ओवर में 45 रन देकर एक विकेट लिया. डॉसन ने माना कि इतने लंबे अंतराल के बाद दोबारा टेस्ट खेलने से उन्हें घबराहट हुई थी.



डॉसन ने मैच के बाद कहा, हां, मैं नर्वस था. कई सालों से नहीं खेला था, लेकिन उम्र के साथ आप सीखते हैं कि नर्वसनेस को कैसे संभालना है. डॉसन ने 2016 में चेन्नई में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और उसके बाद से उनका टेस्ट करियर ठहर सा गया था. लेकिन घरेलू क्रिकेट में उन्होंने खुद को साबित किया है. पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने हैम्पशायर के लिए 215 फर्स्ट क्लास विकेट लिए हैं और 12 बार पारी में पांच विकेट झटके हैं. दिलचस्प बात यह है कि पिछले साल इसी मैदान पर उन्होंने लंकाशायर के खिलाफ मैच में 10 विकेट लेकर शतक भी जमाया था, लेकिन उन्हें वह प्रदर्शन याद भी नहीं था. उन्होंने कहा, सच कहूं तो मुझे वो लंकाशायर वाला मैच याद ही नहीं था. घरेलू क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट में बहुत फर्क होता है, लेकिन इस बार मुझे पता था कि क्या उम्मीद करनी है, जो डेब्यू के समय नहीं था. डॉसन ने अपनी प्रगति पर बात करते हुए कहा कि वह अब ज्यादा सुसंगत हैं और परिस्थितियों को बेहतर समझते हैं. उन्होंने कहा, मैं पिच को अब बेहतर समझता हूं, बल्लेबाज़ क्या करना चाहते हैं यह भी थोड़ा भांप लेता हूं, और सबसे अहम – मैंने पिछले कुछ वर्षों में बहुत ओवर फेंके हैं. जब आप ज्यादा गेंदबाज़ी करते हैं तो आप बेहतर बनते हैं. हालांकि उन्होंने पहले दिन के प्रदर्शन को लेकर खुद को ज्यादा ऊंचा नहीं आंकते हुए कहा, यह तो बस एक विकेट है.

## जो दुनिया का कोई विकेटकीपर नहीं कर सका

# चोटिल होने से पहले ऋषभ पंत भी अद्भुत विश्व रिकॉर्ड बना गए

**एजेंसियां । नयी दिल्ली**

भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है. 23 जुलाई को शुरू हुए इस मुकाबले में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. टीम इंडिया को पहले दिन तगड़ा झटका लगा है. ऋषभ पंत बैटिंग करते हुए गंभीर रूप से चोटिल हो गए हैं. लेकिन, इससे पहले पंत ने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. आपको बता दें कि ऋषभ पंत इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले पहले विजिटिंग विकेटकीपर बैटर बन गए हैं. उनसे पहले आज तक किसी विकेटकीपर बल्लेबाज ने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन नहीं बनाए हैं. 27 साल के पंत ने इंग्लैंड में टेस्ट में 1004 रन बना लिए हैं. पंत ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 48 गेंद में 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 37 रन बनाए थे.

**क्रिस वोक्स की गेंद पर चोटिल हो गए थे पंत :** 68वां ओवर इंग्लैंड की तरफ से क्रिस वोक्स डाल रहे थे. उनके ओवर की चौथी गेंद पर पंत रिवर्स स्वीप मारना चाहते थे. लेकिन, गेंद सीधा आकर उनके पैर पर लगी. गेंद इतनी तेज लगी कि जिस हिस्से पर बॉल लगी थी, वो हिस्सा सूज गया था और वहां से खून भी आ रहा था. पंत सही से खड़े भी नहीं हो पा रहे थे. वह काफी दर्द में दिख रहे थे. ऋषभ को गोल्फ कार्ट पर बिठाकर मैदान से बाहर ले जाया गया.

**दूसरी बार सीरीज में चोटिल हुए पंत :** ऋषभ पंत दूसरी बार इस सीरीज में चोटिल हुए हैं. इससे पहले लॉर्ड्स टेस्ट में भी पंत विकेटकीपिंग के दौरान चोटिल हो गए थे, जिसके बाद उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी.

# भारत-इंग्लैंड अंडर-19 दूसरा यूथ टेस्ट मैच ड्रा आयुष म्हात्रे ने खेली धमाकेदार शतकीय पारी

**एजेंसियां । चेल्म्सफोर्ड**

बेन डॉकिन्स के शानदार शतक और राल्फी अल्बर्ट की कुल 10 विकेटों की चमक के बावजूद इंग्लैंड अंडर-19 और भारत अंडर-19 के बीच खेला गया दूसरा यूथ टेस्ट मुकाबला बुधवार को ड्रॉ पर समाप्त हो गया. इस नतीजे के साथ दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई. इंग्लैंड के लिए केंट के ओपनर बेन डॉकिन्स ने 136 रन बनाए और एडम थॉमस (91 रन) के साथ 188 रनों की साझेदारी की. इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी 324/5 पर घोषित की और भारत को 355 रनों का लक्ष्य दिया. लेकिन भारत की ओर से आयुष म्हात्रे की धमाकेदार बल्लेबाज़ी ने इंग्लैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. उन्होंने 64 गेंदों में 126 रनों की तूफानी पारी खेली. वहीं अभिज्ञान कुंडू (65 रन) ने भी आक्रामक अंदाज़ में बल्लेबाज़ी कर टीम को संभाला.

**जानिए मैच का पूरा हाल :**



**पहली पारी :** इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 309 रन बनाए, जिसमें एकांश सिंह ने 117 रन और थॉमस रिउ ने 59 रन जोड़े. भारत के पुष्पक ने 4 विकेट लिए. जवाब में भारत ने 279 रन बनाए, जहां विहान मल्होत्रा ने 120 और म्हात्रे ने 80 रन बनाए. इंग्लैंड के राल्फी अल्बर्ट ने 6 विकेट झटके.

**दूसरी पारी:** इंग्लैंड ने आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए 324/5 पर पारी घोषित की, जिसमें डॉकिन्स ने 136 रन और थॉमस ने 91 रन बनाए. भारत की ओर से आदित्य रावत ने 4 विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की टीम को पहले ही ओवर में झटका लगा जब 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी क्लीन बोल्ड हो गए. इसके बाद विहान मल्होत्रा ने डटे रहकर पारी को संभाला जबकि म्हात्रे ने ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी करते हुए महज़ 25 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और बाद में 64 गेंदों में शतक जड़ दिया. अभिज्ञान कुंडू ने भी ताबड़तोड़ दो छक्के जड़ते हुए रन रेट को बनाए रखा और अपना अर्धशतक पूरा किया.

**स्कोरकार्ड संक्षेप में: इंग्लैंड**

पहली पारी: 309

- (एकांश सिंह 117, रिउ 59, पुष्पक 4/76)
- भारत पहली पारी : 279
- (मल्होत्रा 120, म्हात्रे 80, अल्बर्ट 6/53)
- इंग्लैंड दूसरी पारी : 324/5 घोषित
- (डॉकिन्स 136, थॉमस 91, रावत 4/80).

## वापसी | ड्रग्स ने तबाह कर दिया था महिला रेसलर पेज का करियर

# मौत को छूकर ऐसे की वापसी, ट्रिपल एच भी हो गए थे हैरान

**शुभम संदेश डेस्क**

डब्ल्यूडब्ल्यूई के रेसलर्स पर आए दिन कई गंभीर आरोप लगते रहे हैं. कई रेसलर्स ऐसे भी रहे जिन्हें ड्रग्स के कारण काफी दिक्कतों का सामन करना पड़ा था. आज हम आपको ऐसे ही एक रेसलर के बारे में बताने जा रहे हैं. यह रेसलर कोई और नहीं बल्कि डब्ल्यूडब्ल्यूई की दिग्गज रेसलर पेज हैं. पेज को शराब और ड्रग्स की लत ऐसी लगी थी कि उन्हें रेसलिंग तक छोड़नी पड़ी थी. उन्होंने शराब और ड्रग्स की लत से अपनी लड़ाई के बारे में खुलकर बात की थी.

**पेज को था इस बात का डर :** पेज ने बताया था कि जब वह पहली बार परफॉर्मेंस सेंटर वापस गईं तो उन्हें



कैसा महसूस हुआ था. वह अपने निजी मसलों से जूझ रही थीं, जिसमें उनका अश्लील टेप लीक होना भी शामिल था. उन्हें डर था कि काम पर वापस आने पर लोग उनसे नफरत करेंगे. ड्रग्स की वजह से उन्होंने खुद को बेवकूफ बना लिया था. उन्हें लग रहा था कि हर कोई उनसे नफरत करेगा.

**ट्रिपल एच और स्टेफनी को लगा मर जाएंगी पेज :** जब वह ट्रिपस एच के पास गईं तो उन्होंने पेज को गले लगाया और कहा कि उन्हें लगा कि वह मरने वाली हैं. फिर पेज स्टेफनी के पास गईं, उन्होंने भी उन्हें गले लगाया और वही बात कही जो ट्रिपल एच ने उन्हें कहा था. इसके बाद वह विंस के पास गईं. विंस ने उन्हें कुछ देर देखा और फिर गले लगाया. विंस को भी लगा था कि वह जिंदा नहीं बच पाएंगी. सब लोग यही कह रहे थे. वे खुश थे कि वह जिंदा हैं और उन्होंने कहा कि यह उनका घर है और वे चाहते हैं कि वह यहीं रहें.

**डब्ल्यूडब्ल्यूई ने की मदद :** पेज को डब्ल्यूडब्ल्यूई ने मुश्किल समय में काफी मदद की थी. कंपनी ने उन्हें सपोर्ट करने की पूरी कोशिश की. एक बार उन्हें कनेक्टिकट भी ले जाया गया ताकि उनसे पूछा जा सके कि क्या उन्हें मदद की जरूरत है. लेकिन उन्होंने कहा कि वह ठीक हैं और उन्हें किसी मदद की जरूरत नहीं है. हालांकि पेज अब पूरी तरह से फिट हैं और लगातार डब्ल्यूडब्ल्यूई में रेसलिंग कर रही हैं.

# ली की ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गेल की वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

- लिली ने 27 गेंद में 81 रन बनाए

**एजेंसियां । सिडनी**

विश्व चैम्पियनशिप लीग ऑफ लीजेंड्स 2025 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है. बुधवार को हुए मैचों की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गेल की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज टीम को एकतरफा अंदाज में हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 142 रन बनाए. ऑस्ट्रेलिया ने केवल 9.3 ओवर में ही दो विकेट पर 143 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया. लिली ने 27 गेंद में 81 रन की तूफानी पारी खेली. इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. उसके दो मैचों में एक जीत और एक बेनतीजा के साथ तीन अंक हैं. वहीं, वेस्टइंडीज की टीम चौथे स्थान पर लुढ़क गई है.

**उवेस्टइंडीज की पारी :** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही थी. विलियम पर्किंस 10 रन और कप्तान गेल 15 गेंद में चार चौके की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए. फिर ड्वेन स्मिथ 20 गेंद में 22 रन और चैडविक वॉल्टन खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए. लेंडल सिमंस ने 28 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 29 रन बनाए. वह अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे. कीरोन पोलार्ड आठ गेंद में 10 रन बना सके. वहीं, ड्वेन ब्रावो ने 17 गेंद में 26 रन बनाए. एश्ले नर्स ने तीन रन बनाए. कॉटरेल छह रन और निकिता मिलर 11 रन बनाकर नाबाद रहे. ऑस्ट्रेलिया की ओर से पीटर सिडल ने तीन और नाथन कुल्टर नाइल ने दो विकेट लिए. इसके अलावा ली, स्टीव ओ कैफे और डार्सी शॉर्ट को एक-एक विकेट मिला.

**ऑस्ट्रेलिया की पारी :** ऑस्ट्रेलियाई टीम को क्रिस लिन ने तूफानी शुरुआत दी. हालांकि, शॉन मार्श सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए. फिर लिन ने डार्सी शॉर्ट के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी निभाई. लिन 27 गेंद में छह चौके और आठ छक्के की मदद से 81 रन की तूफानी पारी खेलकर आउट हुए.

## पिछड़े वर्ग आयोग ने रामगढ़ जिले का दौरा कर की समीक्षा

**रामगढ़।** पिछड़े वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सदस्य नंद किशोर मेहता और लक्ष्मण यादव भी मौजूद रहे. बैठक में जिले के पिछड़े वर्ग से जुड़ी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति का व्यापक अध्ययन किया गया. टीम ने जिले में संपन्न डोर टू डोर सर्वे, आरक्षण का लाभ, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र के लंबित आवेदन, तथा प्राकृतिक आपदा में मृतकों को मिले मुआवजे की समीक्षा की. इसके अलावा, नॉन क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र के आवेदन, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में नामांकन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में लाभार्थी संख्या, और मत्स्य विभाग की योजनाओं में पिछड़े वर्गों की भागीदारी पर भी चर्चा हुई.

### जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को गति देने को लेकर हुई टास्क फोर्स की बैठक, बोले डीसी

# पाइपलाइन बिछाने में गुणवत्ता सुनिश्चित करें

**शुभम संदेश। कोडरमा**

जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को गति देने और विभागीय समन्वय मजबूत करने के उद्देश्य से उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में यूटिलिटी टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई.

इस बैठक में पेयजल, विद्युत, सड़क, भवन निर्माण व स्वच्छता से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई और विभिन्न विभागों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए. बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भवन निर्माण विभाग, पथ निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जुडको, नगर पंचायत कोडरमा व डोमचांच, नगर परिषद



झुमरीतिलैया, डीवीसी और एनएचएआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे. उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जनहित योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने बिजली विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति के समय बिजली की निरंतरता सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

जुडको द्वारा किए जा रहे पाइपलाइन बिछाने के कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मॉनिटरिंग पर भी बल दिया गया. एडवेंचर पार्क के पास पाइपलाइन बिछाने तथा स्थानीय निवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए. डीवीसी को विद्युत आपूर्ति में संभावित ब्रेकडाउन की स्थिति में एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार करने को कहा गया, जिससे किसी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके. वहीं, टूटे हुए विद्युत तारों की मरम्मत और बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए. सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एनएचएआई को महाराणा प्रताप चौक और सुभाष चौक के पास रबर स्ट्रीप लगाने का निर्देश दिया गया ताकि दुर्घटनाओं की संभावना कम हो. बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि ₹जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुँचना चाहिए.₹ इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें.

## एक नजर

### ग्रामीण एसपी ने किया गलफरबाड़ी का निरीक्षण

**कुमारधुबी (शुभम संदेश)।** धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने गुरुवार की शाम निरसा अनुमंडल क्षेत्र के गलफरबाड़ी ओपी का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान प्रभारी दीपक दास एवं सर्किल इंस्पेक्टर फागुन होरो उपस्थित थे. एसपी कपिल चौधरी ने कई मामलों की जानकारी ली एवं ओपी की व्यवस्था, रखरखाव साथ कई दिशा निर्देश दिए. पत्रकारों से बात करते हुए एसपी ने कहा की उनका यह औचक निरीक्षण था. जिसमें कई दिशा निर्देश दिया गया है. थाना के रखरखाव साफ सफाई एवं सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से व्यवस्था रखने व लंबित कांडों का जल्द निष्पादन करने की बात कही गयी.

### डुमरी में वज्रपात से महिला की मौत

**डुमरी (गिरिडीह)।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के बलथरिया पंचायत के बाराडीह गांव में गुरुवार को वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई. घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाराडीह निवासी कैलाश महतो की पत्नी चिंता देवी (65 वर्ष) खेत में धान रोप रही थीं. इसी दौरान तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आकर चिंता देवी खेत में अचेत होकर गिर गईं. सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें डुमरी रेफरल अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने चिंता देवी को मृत घोषित कर दिया. बाद में पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई.

### उपेंद्र सिंह के घर पर चस्पाया इश्तेहार

**झरिया।** झरिया थाना कांड संख्या 142/25 के तहत न्यायालय आदेश के अवहेलना करते हुए फरार चल रहे अभियुक्त खास झरिया निवासी उपेंद्र सिंह पिता हितनरायण सिंह के घर पर गुरुवार को झरिया इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार के नेतृत्व में ढोल नगाड़े के साथ इश्तिहार चस्पा किया गया. साथ ही झरिया पुलिस ने बताया कि अगर समय रहते सह शरीर न्यायलय में हाजिर नहीं हुए तो आने वाले दिनों में कुर्की जप्ती करने का काम किया जायेगा.

### बेलचढ़ी में बच्चों का हेल्थ चेकअप

**निरसा बाजार।** गुरुवार को किड्स एजुकेशन सेंटर, बेलचढी में बच्चों का हेल्थ चेकअप डॉ राजकुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ) तथा डाक्टर प्रकाश ठाकुर के द्वारा किया गया. बच्चों के हाइट, वेट, हार्ट रेट की जांच की गई. जो बच्चे बीमार थे, उन्हें दवा लेने की सलाह दी गई. साथ ही बच्चों को वर्षा काल में होने वाली बीमारियों से बचने के लिए सलाह दी गई. सावित्री मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन-तपेश्वर तपेश्वर चौहान ने डॉक्टरों की बातों को अमल करने को कहा.बीमारियों से सुरक्षा मिलेगी और वे स्वस्थ रहेंगे तो ही नियमित विद्यालय आ सकेंगे. इससे अपने तथा अपने परिवार वालों को भी बीमारियों से बचाई जा सकती है.

### संग्राम गौशाला समिति ने की कांवरियों की सेवा

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** श्रावणी मेले के पावन अवसर पर बेंगाबाद प्रखंड के अंतर्गत संग्राम गौशाला समिति ने सुल्तानगंज से देवघर जाने वाले 'बोल बम' श्रद्धालुओं के लिए पटनीया धर्मशाला से दो किलोमीटर पहले एक निःशुल्क सेवा शिविर लगाया है. यह शिविर कांवरियों को ठहरने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, चाय, नींबू पानी, जूस और फल जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ मुफ्त में उपलब्ध करा रहा है.

**जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का योगदान :** इस शिविर के संचालन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की अहम भूमिका है. पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि शिवपूजन राम, भाजपा नेता बजरंगी यादव, बदवारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रघुनंदन प्रसाद वर्मा समेत कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता इस सेवा कार्य में सक्रिय रूप से जुटे हैं.

### धमना नदी पुल निर्माण में गंभीर अनियमितता, ग्रामीणों का आक्रोश

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद प्रखंड के हथबोर और पहाड़पुर के बीच धमना नदी पर बन रहे करोड़ों रुपये के पुल निर्माण में भारी अनियमितता सामने आई है. ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने संवेदक पर 28 एमएम की जगह 25 एमएम की छड़ इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है, जिससे पुल की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं.

**मापदंडों की अनदेखी :** बदवारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रघुनंदन प्रसाद वर्मा ने आरोप लगाया कि ढलाई कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसकी शिकायत जेई को देने के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ. ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है और इसकी गुणवत्ता से समझौता भविष्य में दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है.

**जेई का खंडन और बोर्ड की अनुपस्थिति :** विभागीय कनीय अभियंता (जेई) रूपेश कुमार ने आरोपों को निराधार बताया है. उनका दावा है कि 28 एमएम की छड़ का ही प्रयोग हुआ है और कार्य की निगरानी की गई है. हालांकि, कार्यस्थल पर योजना बोर्ड की अनुपस्थिति पर सवाल उठाने पर जेई ने कहा कि वह टूट गया है, जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा कोई बोर्ड कभी लगाया ही नहीं गया था. जेई लागत राशि की जानकारी भी नहीं दे पाए, जिससे पारदर्शिता पर संदेह गहरा गया है.

### डीडीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने प्रखंड के विकास योजनाओं से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की. उन्होंने पंचायतवार योजनाओं की जानकारी ली और त्वरित कार्रवाई करते हुए हर हाल में योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया. श्री सचान ने बताया कि आवास निर्माण के तहत जिन आवासों का जोड़ने का कार्य पूर्ण हो गया है, पर सीमेंट एवं छड़ के अभाव में कार्य तीन माह से ऊपर से बंद पड़ा हुआ है, उसे प्रखंड स्तर से सहयोग कर निर्माण कार्य को पूर्ण करना है. मनरेगा के तहत वर्षा को देखते हुए, कूप निर्माण का कार्य जिनका खुदाई का कार्य पूर्ण हो गया है, उसे हर हाल में जुड़ाई का कार्य पूर्ण कर लेना है ताकि वर्षा के कारण कूप धंसे नहीं. दुमका जिले में पदस्थापन के पश्चात यह पहला मौका था जब उप विकास आयुक्त प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर कर्मियों के साथ बैठक की. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम के साथ सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, मनरेगा के बीपीओ, प्रधानमंत्री आवास के कोऑर्डिनेटर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के साथ-साथ सभी पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक मौजूद थे.

## ग्रामीणों ने जर्जर तार की मरम्मत नहीं होने पर जताया आक्रोश

साहेबगंज। बोरियो प्रखंड के मोतीपहाड़ी गांव के निवासियों ने बोआरीजोर फीडर के तहत मोतीपहाड़ी से लेकर बोरियो विद्युत शक्ति उप-केंद्र तक के जर्जर ग्यारह हजार वोल्ट के तार की मरम्मत को लेकर पिछले महीने बिजली विभाग के कनीय अभियंता को लिखित आवेदन दिया था. हालाँकि, अब तक कोई कार्रवाई न होने से मोतीपहाड़ी के ग्रामीण आक्रोशित हैं. जिसमें सरयू साह, अरविंद पंडित, राकेश कुमार, श्रवण कुमार ठाकुर, बादल पंडित और अन्य शामिल हैं. इनलोगों ने बताया कि बोआरीजोर फीडर का 11 केभी का तार काफी खतरनाक स्थिति में है. तार और पोल की स्थिति भी ठीक नहीं है और जिस खेत से यह तार गुजरा है, वहाँ यह काफी नीचे आ गया है. इससे जान और माल की कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है. इस बारे में बिजली विभाग के मिस्त्री को भी जानकारी दी गई है, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. वहीं, गौरीपुर, दनवार सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों ने भी बताया कि 11 केभी का तार 5 से 6 फीट ऊपर झूल रहा है. इसकी शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है.

## रोटरी ने दो कक्षाओं में लगवाए व्हाइट बोर्ड

बोकारो। रोटरी क्लब चास ने प्राथमिक विद्यालय स्पेशल हरिजन चास-1, जिसे उन्होंने सर्वांगीण विकास के लिए गोद लिया है, की दो कक्षाओं में व्हाइट बोर्ड लगवाए हैं. रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि अब शिक्षक व्हाइट बोर्ड की सहायता से अपने विचारों को और अधिक प्रभावशाली व साफ-सुथरे तरीके से बच्चों को समझा सकेंगे. उन्होंने यह भी बताया कि व्हाइट बोर्ड के उपयोग से समय की बचत होगी. पूर्व सचिव डॉ. परिंदा सिंह ने कहा कि वास्तव में व्हाइट बोर्ड शिक्षा को और अधिक प्रभावशाली, साफ-सुथरा और स्वास्थ्य के अनुकूल बनाता है. स्कूल की प्रभारी प्राचार्या मंजुला कुमारी ने स्कूल को दो व्हाइट बोर्ड प्रदान करने के लिए रोटरी क्लब की भूरि-भूरि प्रशंसा की. इस अवसर पर संजय बैद, संजय रस्तोगी, पूजा बैद, ललिता चोपड़ा, विजय अग्रवाल, कुमार अमरदीप, विनोद चोपड़ा, हरबंस सिंह, आनंद अग्रवाल, गौरव रस्तोगी, मंजीत सिंह, ज्योति अग्रवाल, मनप्रीत कौर, कविता मल्लिक, शैल रस्तोगी आदि उपस्थित थे.

## देवघर के लिए रवाना हुआ कांवरियों का जत्था

**गावां (गिरिडीह)।** गावां बाजार से कांवरियों का एक उत्साही जत्था बाबानगरी बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुआ. रवानगी से पहले सभी शिवभक्तों ने गांव के प्राचीन शिवालय में पूजा-अर्चना की और भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर पूरा गावां बाजार 'बोल बम' के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा. ग्रामीणों और कांवरियों के परिजनों ने उन्हें पुष्प वर्षा कर विदा किया और उनकी यात्रा की सफलता व सुरक्षा की कामना की. श्रद्धा और भक्ति के इस माहौल में चारों ओर एक अद्भुत ऊर्जा का संचार देखा गया.

### समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक

# बीडीओ डीलरों के कार्यों की नियमित समीक्षा करें : डीसी

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की गई. बैठक में उपायुक्त ने ई-केवाईसी, राइटफुल टारगेटिंग बेनिफिशरी, आरसीएमएस, सेल्फ सरेंडर, गोदाम मरम्मती, धान अधिप्राप्ति, डोर स्टेप डिलीवरी, जनवितरण प्रणाली विक्रेता, चना-दाल, चीनी, नमक वितरण, अंत्योदय योजना तथा सफेद एवं ग्रीन राशन कार्ड के तहत लाभुकों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने विभागीय अधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए.




उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर डीलरों के कार्यों की नियमित समीक्षा करें और ई-केवाईसी में जो लाभुक अभी तक अपडेट नहीं हुए हैं, उनकी वजहों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें. मृत लाभुकों के राशन कार्ड को जांच-पड़ताल के बाद विलोपित करने तथा पात्र लाभुकों को जोड़ने के निर्देश भी दिए गए. साथ ही फिजिकल वेरिफिकेशन के बिना किसी भी लाभुक के नाम राशन कार्ड से हटाने पर रोक लगाई गई है. बैठक में छह माह से राशन न लेने वाले लाभुकों की पहचान कर उन्हें चिन्हित करने और डुप्लीकेट लाभुकों के सत्यापन को शीघ्र पूरा करने का भी निर्देश दिया गया. सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को अपने लॉगिन में लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निपटाने, पात्र लाभुकों के आवेदन स्वीकृत करने तथा अपात्र, मृत या सरेंडर किए गए राशन कार्ड के मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए.

गोदाम मरम्मत कार्यों के संबंध में उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को बारिश के समाप्त होते ही मरम्मत कार्य शुरू करने का आदेश दिया. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए अयोग्य राशन कार्डधारियों को हटाने,

कम खाद्यान्न वितरण वाले क्षेत्रों में सुधार लाने तथा पीजीएमएस के लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए. जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं के खिलाफ प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए. खाद्यान्न उठाव से जुड़ी जानकारी को रियल टाइम पोर्टल पर प्रविष्ट करना और इसकी निरंतर मॉनिटरिंग करना भी बैठक में विशेष रूप से निर्देशित किया गया. धान अधिप्राप्ति से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जा सके. इस अवसर पर उपायुक्त के साथ जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी मॉनिटरिंग ऑफिसर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे. बैठक में लिए गए निर्णयों को तेजी से लागू करने पर विशेष जोर दिया गया ताकि खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ सीधे जनता तक पहुंच सकें और विभागीय कार्य कुशलता से संचालित हो.

## हाथी के हमले से युवक की मौत, विरोध में बेलाडीह के लोगों ने किया सड़क जाम



**कोडरमा।** जयनगर इलाके में बुधवार को मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम बेलाडीह में 29 वर्षीय सद्दाम अंसारी की हाथी के हमले से मौत हो गई. मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने गुरुवार को तेतरौन चौक पर शव रखकर करीब पांच घंटे तक मुख्य मार्ग जाम कर दिया. इस दौरान उन्होंने वन विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और डीएफओ पर कार्रवाई की मांग की. मृतक की पत्नी मनीषा परवीन ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर जिला वन विभाग को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की अपील की. साथ ही वन विभाग को आवेदन में 20 लाख रुपए मुआवजा, सरकारी आवास, राशन और पेंशन की मांग भी की गई. जमावड़े के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सीओ गौतम कुमार, जयनगर थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह तथा मरकच्चो थाना प्रभारी नंदकिशोर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया. परिजनों ने डीएफओ से वार्ता की मांग पर जोर दिया. बाद में रेंजर रविंद्र कुमार पहुंचे और हाथी को भगाने के साथ चार लाख रुपए मुआवजे का आश्वासन दिया. इसके बाद सड़क जाम हटा लिया गया. धरना स्थल पर स्थानीय नेता और ग्रामीण इब्राहिम अंसारी, बहादुर यादव, सलीम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे. अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने का भी भरोसा दिलाया.

## डीसी ने किया पुनर्वास स्थल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**ललमटिया।** ईस्टर्न कोल लिमिटेड की राजमहल परियोजना के तहत ललमटिया कोलियरी क्षेत्र के ग्राम डुमरिया स्थित कद्दू टोला पुनर्वास स्थल का उपायुक्त अंजलि यादव ने निरीक्षण किया. महाप्रबंधक अरूपानंद नायक ने उनका स्वागत किया. डुमरिया पुनर्वास स्थल के तालझारी ग्राम में बने सामुदायिक भवन में बैठक कर डीसी ने सुविधाओं की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को आदिवासियों के लिए मॉडल पुनर्वास स्थल बनाने का निर्देश दिया, जहाँ उन्हें प्रकृति के अनुरूप बेहतर मूलभूत सुविधाएँ मिलें. महाप्रबंधक नायक ने बताया कि बीआईटी मेसरा द्वारा तैयार प्लान के तहत सड़क, नाली, 10 बोरवेल, 1 लाख लीटर का ओवरहेड टैंक, दो विवाह भवन, कब्रिस्तान, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, हाट बाजार, चर्च, मंदिर, जाहेर स्थान, मांझी स्थान, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी सुविधाएँ दी जाएँगी.

## जीएम जमीन पर प्रशासन ने की बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई



**कोडरमा ।** तिलैया थाना क्षेत्र स्थित गांधी स्कूल रोड, गुमो मौजा में लगभग 150 एकड़ गैरमजरूआ खास जमीन पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है. इस अभियान का नेतृत्व अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, एसडीएम रिया सिंह और सीओ हलधर कुमार सेठी ने किया. कार्रवाई के दौरान प्लॉट नंबर 6211 पर बने मकानों की चाहरदीवारी और अस्थायी निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया, जबकि पहले से बने पक्के मकानों को फिलहाल राहत दी गई है. प्रशासन ने बताया कि यह केवल प्रारंभिक कार्रवाई है और आगे भी तय प्रक्रिया के अनुसार कदम उठाए जाएंगे. पूर्व में अंचल कार्यालय द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित समय में जमीन खाली नहीं होने के कारण जिला प्रशासन को यह कठोर कदम उठाना पड़ा. प्रशासन ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कार्रवाई का आदेश दिखाने की मांग की, जो फिलहाल पूरी नहीं हुई. साथ ही उन्होंने खाता संख्या 220 के अन्य प्लॉट—6211, 12, 13, 5988 और 5989—पर भी निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है, क्योंकि इन सभी पर बड़े-बड़े मकान बने हैं.

### कार्रवाई | बेडम गांव में हुई चोरी का आंगो पुलिस ने किया खुलासा

# आरोपी चोर गिरफ्तार, तीन मोबाइल बरामद

**शुभम संदेश। चरही (हजारीबाग)**

आंगो थाना क्षेत्र के बेडम गांव में हुई चोरी की एक बड़ी वारदात का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है. इस मामले में पुलिस ने आरोपी चोर को गिरफ्तार कर उसके घर से चोरी गए तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं. मामला 9 जनवरी का है, जब बेडम निवासी महेश लाल माथुर, पिता चंद्रदेव महतो के घर में चोर ने सेंधमारी कर लाखों रुपये के कीमती सामान चोरी कर लिए थे.

चोर ने घर से तीन मोबाइल फोन, बक्से में रखे चांदी के तीन जोड़ी पायल, सोने की दो जोड़ी कान की बाली और 8,500 नकद चुरा लिए थे. घटना के बाद पीड़ित ने आंगो थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी,



जिस पर थाना कांड संख्या 01/25 के तहत बीएनएस की धारा 305/331(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था. शिकायत के बाद पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुट गई थी. वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया. कड़ी मेहनत और तकनीकी सहायता से पुलिस को चोर का सुराग मिला. छापेमारी दल ने विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के बराई गांव निवासी सुरज कुमार, पिता गणेश महतो को उसके घर से गिरफ्तार किया. छापेमारी के दौरान आरोपी के घर से चोरी गए तीनों मोबाइल फोन बरामद किए गए. पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में हजारीबाग भेज दिया. इस छापेमारी दल में विष्णुगढ़ अनुमंडल के एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद, आंगो थाना प्रभारी जानू कुमार, सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार, चालक हवलदार मो. जियाउल हक, शस्त्र बल के हवलदार द्वारिका सिंह, आरक्षी रंजीत सिंह, बिरसाई उरांव, धर्मेंद्र कुमार और विनोद तिग्गा शामिल थे. पुलिस की तत्परता और सक्रियता से पीड़ित परिवार को राहत मिली है, साथ ही क्षेत्र में आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है.

## विभावि में विद्यार्थियों का भव्य विदाई समारोह

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग में 24 जुलाई को चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. अंजुम आरा ने की. अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. आरा ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया. पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. नकुल पाण्डेय ने कहा कि विदाई जीवन का आवश्यक हिस्सा है, साथ ही उन्होंने उद्योग और प्रयास की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सतत प्रयास करने की सलाह दी. उन्होंने क्रोध पर नियंत्रण और न्याय के लिए संघर्ष की प्रेरणा भी दी. शोधार्थी नलिन बिलोचन पाण्डेय ने भी विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने हेतु प्रोत्साहित किया.

## पेज-3 का शेषांश

### जब्त बाइक का शूटरों ने किया था इस्तेमाल....

केवल पुलिस के द्वारा दायर दिए गए स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर यह तथ्य साबित नहीं किया जा सकता. बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने यह दावा किया की पुलिस ने जिस तीन मोबाइल फोन को डब्लू मिश्रा का होने की बात कही है. उसमें से दो मोबाइल फोन डब्लू मिश्रा के नाम से ही नहीं है, यहां तक कि पुलिस ने जो दावा किया की राम अहलाद राय के साथ डब्ल्यू मिश्रा जिस मोबाइल फ़ोन पर बात करता था, अभियोजन यह भी नहीं साबित कर सका कि कभी उस मोबाइल फ़ोन से राम अहलाद राय की डब्लू मिश्रा की बात हुई है. अभियोजन डब्लू मिश्रा, राम अहलाद राय के फ़ोन का लोकेशन भी नहीं लाया और ना ही सीडीआर दाखिल किया. जिससे यह साबित होता कि राम अहलाद राय और डब्लू मिश्रा दोनों का लोकेशन एक ही जगह है. दोनों कभी एक दूसरे से भी बात करते थे. जो पूरे मामले को संदेहास्पद बनाता है. ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह साबित हो कि डब्लू मिश्रा का इस हत्याकांड में कोई योगदान दिया. अदालत ने बचाव पक्ष को बहस करने के लिए पुनः पच्चीस जुलाई की तारीख निर्धारित की है.

### गुरुजी जीतेंगे यह भी जंग....

सोरेन की बीमारी के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और परिवार के अन्य सदस्य ज्यादातर दिल्ली में ही रह रहे हैं। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, ₹सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। हमें भी उम्मीद है...गुरुजी ने कई लड़ाइयां लड़ी हैं और यह जंग भी वह जरूर जीतेंगे। फिलहाल वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

शिबू सोरेन के स्वास्थ्य का हाल जानने राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े नामचीन हस्तियों का तांता लगा हुआ है। सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के कई नेताओं ने अस्पताल जाकर गुरुजी शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी पिछले दिनों ली है। शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर दवा के साथ-साथ दुआएं भी की जा रही है। कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के द्वारा विभिन्न धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई है।

जानकारी के मुताबिक शिबू सोरेन के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, लेकिन पूर्ण रूप से ठीक होकर रांची वापस आने में वक्त लगेगा।

**न्यूज अपडेट**

## मंडी के सरकाघाट में दर्दनाक बस हादसा, पांच की मौत, 20 घायल

**मंडी** । हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सरकाघाट में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी ) की एक बस सरकाघाट के मसरेन के पास गहरी खाई में जा गिरी. इस हादसे में बस में सवार 20 लोगों के घायल होने की खबर है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है. इस हादसे में 16 वर्षीय युवक सहित पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य महिलाएं की हालत भी नाजुक बनी हुई है. डीएसपी ने मौत की पुष्टि की है. यह हादसा सुबह करीब 9 बजे मसरेन के त्रांगला गांव के पास एक मोड़ पर हुआ. बताया जा रहा है कि बस मोड़ से अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी.

## धर्मांतरण की जांच की आंच पहुंची गाजियाबाद, इंस्पेक्टर निलंबित

**गाजियाबाद** । अवैध धर्मांतरण मामले में गिरफ्तार आरोपितों से पुलिस की पूछताछ में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं. अवैध धर्मांतरण की जांच की आंच अब गाजियाबाद तक पहुंच गई है. मेरठ पुलिस की एक रिपोर्ट के बाद गाजियाबाद के क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी को निलंबित कर दिया गया है. इंस्पेक्टर सिद्दीकी का निलंबन मेरठ से वर्ष 2019 में गायब हुई एक लड़की के धर्मांतरण के मामले में शिकायत करने पर पीड़ितों को धमकाने और छांगुर बाबा के सहयोगी बदर सिद्दीकी को बचाने के आरोप में की गई है. दरअसल, वर्ष 2019 में अब्दुल रहमान सिद्दीकी मेरठ में सिविल लाइन थाना के प्रभारी थे. एक युवती के परिजनों ने आरोप लगाया है कि अपनी लड़की के अपहरण और धर्मांतरण की शिकायत लेकर छांगुर बाबा के सहयोगी बदर सिद्दीकी के खिलाफ कंप्लेंट लेकर थाना प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी के पास गए थे.

## गुरुग्राम में आठ बांग्लादेशियों की गिरफ्तारी, वापसी की कार्रवाई शुरू

**गुरुग्राम** । गुरुग्राम पुलिस ने जिले में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से भारत में बने दस्तावेज तो मिले, लेकिन सभी फर्जी पाए गए. पुलिस ने इनकी वापसी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि इनके अलावा 200 अन्य संदिग्धों की जांच भी जारी है. पुलिस के अनुसार, गृह मंत्रालय के आदेश पर पुलिस गुरुग्राम में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर रही है. लोगों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है. पिछले कुछ दिनों से यह कार्रवाई चल रही हे. जो भी संदिग्ध मिल रहे हैं, उन्हें पुलिस होल्डिंग सेंटर भेज रही है. जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से उनके कागजातों की जांच करवाई जा रही है.

## पवित्र छड़ी मुबारक को ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया

**श्रीनगर** । पवित्र छड़ी मुबारक को सदियों पुरानी परंपराओं के अनुसार हरियाली अमावस्या (श्रावण अमावस्या) के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के लिए महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में गुरुवार को गोपाद्री पहाड़ियों पर स्थित ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया. छड़ी के संरक्षक गिरि ने बताया कि शंखनाद की ध्वनि से वातावरण में ऊर्जा का संचार हुआ और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया. पवित्र छड़ी के साथ आए साधुओं ने भी पूजा में भाग लिया और जम्मू-कश्मीर की शांति और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की. उन्होंने बताया कि शुक्रवार को देवी के दर्शन के लिए छड़ी मुबारक को हरि पर्वत स्थित शारिका-भवानी मंदिर भी ले जाया जाएगा.

## बंद पड़ी कंपनी में छापा, 88 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद किए गए

**मुंबई** । महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के महाड औद्योगिक एस्टेट में बंद पड़ी कंपनी में चल रही ड्रग फैक्टरी में पुलिस ने छापा मारा है. पुलिस ने यहां से 88 करोड़ 92 लाख रुपये मूल्य की 'केटामाइन' नामक प्रतिबंधित ड्रग जब्त की है. इस मामले में महाड एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार महाड औद्योगिक एस्टेट में प्लॉट नंबर ई 26/3 में रोहन केमिकल्स नामक कंपनी कई महीनों से बंद थी. लेकिन इसी बंद कंपनी में बड़े पैमाने पर ड्रग का निर्माण किया जा रहा था. इसके बारे में रायगढ़ ग्रामीण पुलिस को गोपनीय जानकारी मिली थी. इसके आधार पर रायगढ़ ग्रामीण पुलिस और एमआईडीसी ने बीती रात रोहन केमिकल्स नामक कंपनी पर छापा मारा था.

## मणिपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर एक करोड़ की अवैध शराब जब्त

**इंफाल** । हिंसा प्रभावित मणिपुर में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी पर लगाम कसने के लिए भी सुरक्षा बल लगातार अभियान चला रहे हैं. इसी कड़ी में असम राइफल्स ने पुख्ता जानकारी के आधार पर अभियान चलाते हुए अवांगखुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर बड़े पैमाने पर शराब तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया. असम रायफल्स द्वारा गुरुवार को जारी सूचना के अनुसार गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स के जवानों ने 1,430 पेटियों की एक खेप पकड़ी जिसमें 32,000 से ज्यादा मिश्रित शराब की बोतलें और कैन थे. जब्त की गई प्रतिबंधित शराब की कीमत काला बाजार में लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है.



# रूस में अंगारा एयरलाइंस के विमान में आग लगी, 46 मरे

**एजेंसी । ब्लागोवेशचेंस्क (रूस)**

रूस के अमूर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त अंगारा एयरलाइंस के विमान एन-24 के सभी यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए. इस विमान ने कुल 46 लोगों के साथ उड़ान भरी और उतरते समय आग लगने से यह हादसा हुआ. रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त एएन-24 विमान में उतरते समय आग लग गई. घटनास्थल के हवाई निरीक्षण में कहा गया है कि 46 लोगों में से किसी के भी बचने की संभावना नहीं है. क्षेत्रीय नागरिक सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा केंद्र ने भी ऐसी ही बात कही है. क्षेत्रीय नागरिक सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा केंद्र ने बयान में कहा है, टिंडा हवाई अड्डे के निदेशक के अनुसार, विमान में आग लग गई और उस क्षेत्र के ऊपर से उड़ान भर रहे एमआई-8 हेलीकॉप्टर चालक दल ने किसी भी व्यक्ति के जीवित न होने की सूचना दी. इससे पहले एजेंसी तास ने आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवाओं के हवाले से खबर में कहा था कि 46 लोगों को ले जा रहे एएन-24 यात्री विमान का रूस के अमूर क्षेत्र में संपर्क टूट गया है. अंगारा एयरलाइंस का यह विमान टिंडा हवाई अड्डे से कुछ किलोमीटर दूर एक निर्धारित चेकपॉइंट पर संपर्क करने में विफल रहा. इस विमान में दो बच्चों सहित 40 यात्री और छह चालक दल के सदस्य सवार हैं. रूस के अखबार द मॉस्को टाइम्स के अनुसार, इस विमान में कुल 49 लोग सवार थे. हादसे में सभी के मारे जाने की आशंका है. अंगारा एयरलाइंस के इस विमान का स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 01 बजे ग्राउंड डिस्पैचर्स से संपर्क टूट गया. विमान खाबरोवस्क से उड़ान भरकर ब्लागोवेशचेंस्क में रुका और टिंडा के रास्ते में था. विमान में चालक दल के छह सदस्य सवार थे. आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि विमान ने रडार से गायब होने से पहले कोई संकट संकेत नहीं दिया और न ही किसी तकनीकी समस्या की सूचना दी.

## छत्तीसगढ़ : 33 लाख के इनामी आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी । नारायणपुर**

छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के दुर्गम जंगलों में सक्रिय रहे 33 लाख रुपये के इनामी आठ नक्सलियों ने गुरूवार को नारायणपुर एसपी, बीएसएफ और आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है. इन आत्मसमर्पित नक्सलियों में चार महिला नक्सली शामिल हैं. राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को 50-50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया. नारायणपुर एसपी रॉबिनसन गुड़िया ने आज बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में माओवादी संगठन के प्लाटून-16 का कमांडर कमलेश और संगठन की मेडिकल यूनिट से जुड़ा डॉक्टर सुखलाल उर्फ मुखेश जैसे बड़े कैडर के नक्सली शामिल हैं. यह दोनों लंबे समय से अबूझमाड़ के अंदरूनी क्षेत्रों में सक्रिय थे और शीर्ष नक्सल कैडरों के सीधे संपर्क में रहकर संगठन की गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे. इन आठों नक्सलियों का आत्मसमर्पण अबूझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्र में फोर्स की रणनीतिक सफलता मानी जा रही है. इससे नक्सलियों का मांद कहे जाने वाले अबूझमाड़ में फोर्स की और पैठ बढ़ेगी. आने वाले समय में बस्तर में शांति स्थापित करने में भी इससे सुरक्षाबलों को मदद मिलेगी.

# थाईलैंड की कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक दो सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**एजेंसी । बैंकॉक**

थाईलैंड ने गुरुवार सुबह हवाई हमला कर कंबोडिया के दो सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया. इसके बाद दोनों देशों के सैनिकों के बीच छह स्थानों पर झड़प होने की सूचना है. रॉयल थाई आर्मी के उप प्रवक्ता कर्नल रिचा सुक्सुवानन ने कंबोडिया पर हवाई हमले करने की पुष्टि की है. बैंकॉक पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार रॉयल थाई आर्मी के उप प्रवक्ता कर्नल सुक्सुवानन ने बताया कि गुरुवार सुबह उबोन रत्चथानी प्रांत से छह एफ-16 लड़ाकू विमान तैनात किए गए. इन लड़ाकू विमानों ने कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर हमला किया. उप प्रवक्ता के अनुसार इससे पहले कंबोडियाई सैनिकों ने पूर्वोत्तर प्रांत सुरिन में एक थाई सैन्य अड्डे पर गोलीबारी और रॉकेट दागे. उन्होंने कहा कि थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया को माकूल जवाब दिया.



इस बीच, थाईलैंड का गृह मंत्रालय अपने चार प्रांतों के सीमावर्ती इलाकों को एहतियात के तौर पर खाली करवा रहा है. थाईलैंड की सेना के अनुसार सुबह 7.35 बजे सूरीन के फानोम डोंग राक जिले में ता मुएन थॉम मंदिर के खंडहरों के सामने एक कंबोडियाई मानवरहित ड्रोन दिखा. इसके बाद छह कंबोडियाई सैनिक हथियारों से लैस होकर थाई सैन्य अड्डे के सामने कंटीले तारों की बाड़ के पास पहुंचे. सैनिकों ने कंबोडियाई समकक्षों से संघर्ष को और न बढ़ाने का आग्रह किया. उनके न मानने पर सुबह 8.20 बजे ता मुएन खंडहरों से लगभग 200 मीटर पूर्व में स्थित मू पा सैन्य बेस पर गोलीबारी शुरू कर दी.

थाई सेना ने आरोप लगाया कि कंबोडियाई बलों ने आसपास के इलाकों में इस तरह से तोपें तैनात की हैं कि नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया जा सके. इसके बाद सुबह 8.50 बजे मंदिर के खंडहरों पर तोपें दागी गईं. लगभग 9.15 बजे कंबोडियाई सैनिकों ने मू पा बेस के पास के इलाके को निशाना बनाकर गोलीबारी की. इस गोलीबारी में एक थाई सैनिक घायल हो गया. सुबह 9.40 बजे कंबोडिया ने सी सा केत प्रांत में डॉन तुआन मंदिर के खंडहरों पर बीएम-21 रॉकेट लॉन्चर दागे. सुबह 9.55 बजे कंबोडियाई सेना ने कथित तौर पर सुरिन के कप चोएंग ज़िले में सीमा क्षेत्र विकास केंद्र के पास एक रिहायशी इलाके में गोलीबारी की. इस गोलीबारी में कम से कम तीन नागरिक घायल हो गए.

यह हमले उबोन रत्चथानी प्रांत में चोंग आन मा सीमा पार के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में पांच थाई सैनिकों के घायल होने के एक दिन बाद किए गए हैं. घायल थाई सैनिकों में से एक का पैर कट गया है. थाई सेना ने कहा कि ये बारूदी सुरंगें हाल ही में कंबोडिया ने बिछाई हैं. उत्तर-पूर्व के लिए जिम्मेदार द्वितीय क्षेत्र सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बूनसिन पैडक्लांग ने सीमा सील करने और सुरिन में मंदिर के खंडहरों को बंद करने का आदेश दिया है. यह आदेश गुरुवार सुबह से लागू हो गए.

कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने गुरुवार को फेसबुक पर कहा कि थाई सेना ने ओद्दार मीनचे प्रांत में प्रीह विहियर और ता क्रबेई मंदिरों में कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं. हुन मानेट ने कहा कि कंबोडिया शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों को सुलझाना चाहता है. अगर हमला होता है तो उसका जवाब दिया जाएगा. इससे पहले बुधवार को थाई सरकार ने कंबोडियाई राजदूत हुन सरोउन को निष्कासित कर दिया.

थाई दूत को नोम पेन्ह से वापस बुला लिया गया है. बैंकॉक ने संयुक्त राष्ट्र से दखल देने की मांग की है. उल्लेखनीय है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा तनाव का एक लंबा इतिहास है. मई में हुई झड़प के बाद कंबोडिया ने चार विवादित भूमि क्षेत्रों के समाधान में मदद के लिए हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का रुख किया. थाईलैंड ने कहा कि वह इस मामले में न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता है.

### ट्रंप प्रशासन को एपस्टीन केस में झटका

## जज का गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक करने से इनकार

**एजेंसी । वाशिंगटन**

द वाल स्ट्रीट जनरल अखबार की विशेष खबर से सुर्खियों में आए जेफरी एपस्टीन केस में ट्रंप प्रशासन को झटका लगा है. अमेरिकी न्याय विभाग के अनुरोध को वेस्ट पाम बीच (फ्लोरिडा) के यूएस डिस्ट्रिक्ट जज रॉबिन रोसेनबर्ग ने ठुकरा दिया. विभाग ने अदालत से इस केस से जुड़ी ग्रैंड जूरी की प्रतिलिपियां (गोपनीय दस्तावेज) सार्वजनिक करने का आग्रह किया था.

द न्यूयॉर्क टाइम्स और एनबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को इस केस से संबंधित सभी जरूरी ग्रैंड जूरी दस्तावेज जारी करने का निर्देश दिया था. जज रॉबिन रोसेनबर्ग ने अमेरिकी न्याय विभाग के अनुरोध पर बुधवार को फैसला सुनाया. फैसले में कहा गया कि एपस्टीन की जांच के सिलसिले में 2005 और 2007 के संघीय ग्रैंड जूरी ट्रांसक्रिप्ट जारी करने में अदालत के हाथ बंधे हुए हैं. उल्लेखनीय है कि एपस्टीन की 2019 में न्यूयॉर्क में मुकदमे का फैसला आने से पहले जेल में मृत्यु हो गई थी. उनकी महिला मित्र गिस्लेन मैक्सवेल को 2021 में दोषी ठहराया गया था. वह 20 साल की सजा काट रही है. रोसेनबर्ग ने फैसले में लिखा कि सरकार ने वास्तव में स्वीकार कर लिया है कि अदालत के हाथ बंधे हुए हैं, क्योंकि 11वीं अमेरिकी सर्किट अपील अदालत ने एक बाध्यकारी मिसाल कायम की है.

## रूस-यूक्रेन सैन्यकर्मियों व नागरिकों की होगी वापसी

**इस्तांबुल** । रूस और यूक्रेन की तीसरे दौर की सीधी वार्ता तुर्किये के इस्तांबुल शहर में हुई है, जिसमें दोनों देश सैन्यकर्मियों और नागरिकों की अदला-बदली करने पर सहमत हो गए हैं. दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच वार्ता स्थानीय समयानुसार रात 8:37 बजे शुरू हुई और लगभग 40 मिनट तक चली. रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार वार्ता से पहले रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों व्लादिमीर मेडिंस्की और रुस्तम उमरोव ने आमने-सामने बैठक की. इन समझौतों के लागू होने के बाद मॉस्को और कीव के चौथे दौर की वार्ता पर निर्णय लेने की उम्मीद है. मॉस्को और कीव के बीच सीधी वार्ता का पहला दौर 16 मई को इस्तांबुल में हुआ था.

## रास के 6 सदस्य सेवानिवृत्त, उज्ज्वल निकम ने रास की सदस्यता ग्रहण की

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर और बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर गुरुवार को राज्यसभा में चौथे दिन भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा. सेवानिवृत्त होने वाले राज्यसभा के छह सदस्यों को विदाई देने के बाद सदन में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 02 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई. गुरुवार को कार्यवाही शुरू होते ही उज्ज्वल निकम ने राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण की. उन्होंने मराठी में शपथ ली. उसके बाद आवश्यक रिपोर्ट सदन के पटल पर रखे गये. राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सदन से गुरुवार को सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को विदाई दी. एम मोहम्मद अब्दुल्ला (डीएमके), एन चंद्रशेखरन (एआईएडीएमके), अंबुमणि रामदास (पीएमके), एम शनमुगम (डीएमके), वाइको (एमडीएमके) और पी विल्सन (डीएमके) का



कार्यकाल गुरुवार को समाप्त हुआ. पी विल्सन कल दोबारा सदन में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेंगे. इस दौरान विभिन्न दलों के सांसदों ने देश में लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने में उनके योगदान की सराहना की. एमडीएमके नेता वाइको ने राज्यसभा में विदाई भाषण में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं का आभार व्यक्त किया. उन्होंने पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ का आभार व्यक्त किया. उन्होंने बताया कि उन्होंने ईलम तमिलों की त्रासदी और नरसंहार के बारे में 13 बार ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया था.

## बांग्लादेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एबीएम खैरुल हक गिरफ्तार

**ढाका** । बांग्लादेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एबीएम खैरुल हक को आज ढाका में उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया. उन्हें अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का करीबी माना जाता है. हसीना सरकार के पतन के बाद गठित अंतरिम सरकार अब तक अवामी लीग और उसके दर्जनों समर्थकों को गिरफ्तार कर चुकी है. बांग्लादेश के समाचार पोर्टल बीडीन्यूज24डॉटकॉम की खबर के अनुसार पूर्व मुख्य न्यायाधीश एबीएम खैरुल ने उस अपीलीय पीठ का नेतृत्व किया, जिसने 2011 में चुनाव के लिए कार्यवाहक सरकार प्रणाली को समाप्त कर दिया था.

## हिंदू संत चिन्मय ब्रह्मचारी को नहीं मिली जमानत

**ढाका** । बांग्लादेश में चट्टोग्राम की एक अदालत ने हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी. चिन्मय ब्रह्मचारी पिछले साल नवंबर से सलाखों के पीछे हैं. अदालत ने सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता और इस्कॉन से संबद्ध रहे हिंदू संत चिन्मय को वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या के केस सहित पांच मामलों में जमानत देने से इनकार कर दिया.






**टैरिफ** | 550 अरब डॉलर की डील से अमेरिका को मिलेगा बड़ा फायदा, भारत के साथ बातचीत अभी अधूरी

# अमेरिका-जापान के बीच अब तक की सबसे बड़ी ट्रेड डील

**एजेंसी । वॉशिंगटन/टोक्यो**

अमेरिका और जापान के बीच अब तक की सबसे बड़ी व्यापारिक डील हुई है, जिसमें करीब 550 अरब डॉलर का निवेश शामिल है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस डील की घोषणा करते हुए कहा कि जापान पहली बार अमेरिका के लिए अपना बाजार पूरी तरह खोलने पर राजी हुआ है, और इस कदम से अमेरिकी व्यापार को भारी बढ़ावा मिलेगा. डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, मैं टैरिफ तभी हटाऊंगा जब कोई देश अमेरिका के लिए अपने बाजार खोलने को तैयार हो. अगर ऐसा नहीं हुआ, तो और ज्यादा टैरिफ लगाए जाएंगे. उन्होंने जापान का



उदाहरण देते हुए कहा कि अब वह टैरिफ को एक रणनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि अन्य देश अमेरिका के साथ खुलकर व्यापार करें. राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार, इस डील से लाखों नई नौकरियों का सृजन होगा और इसका 90 फीसदी लाभ अमेरिका को मिलेगा. उन्होंने यह भी बताया कि जापान ने 15 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने पर सहमति जता दी है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलित होगा.

**फिलीपीन्स और इंडोनेशिया के साथ भी समझौते :** इसी के साथ ट्रंप ने फिलीपीन्स और इंडोनेशिया के साथ भी व्यापार समझौतों की घोषणा की है. इन दोनों देशों से आयातित वस्तुओं पर अब 19 फीसदी शुल्क लगाया जाएगा. यह कदम अमेरिका के व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है.

**भारत-अमेरिका व्यापार डील पर अनिश्चितता बरकरार :** जहां जापान, फिलीपीन्स और इंडोनेशिया के साथ अमेरिका के व्यापारिक संबंध आगे बढ़ रहे हैं, वहीं भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर तस्वीर अब भी साफ नहीं है. व्यापारिक चर्चा के लिए अमेरिका गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल हाल ही में स्वदेश लौटा है, और अब अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल अगस्त के दूसरे सप्ताह में भारत का दौरा करेगा.







मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)